राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रातःकिरण



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 मुक्केबाज संजीत राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

बाइडन कोविड-19 से संक्रमित पाए गए, पृथक-वास में रहेंगे 12

वर्ष : 13 | अंक : 75 | नई दिल्ली, सोमवार, 01 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 15% |

**बाजार**

सोना 52,191

चांदी 54.,400

सेंसेक्स 55,308

निफ्टी 19,503

# ईडी के शिकंजे में संजय राउत

## 1043 करोड़ के पात्रा चॉल जमीन घोटाले में शिवसेना सांसद हैं आरोपी

मुंबई, प्रात : किरण

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवसेना सांसद संजय राउत को लंबी पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया है। इससे पहले ईडी ने उनके खिलाफ कई समन जारी किए थे और 27 जुलाई को भी तलब किया था। ईडी के अधिकारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ संजय राउत के घर रविवार सुबह सात बजे पहुंच गए थे। इस पूरे मामले को लेकर राउत ने आरोप लगाया है कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के लिए निशाना बनाया जा रहा है। राउत घर से निकले, तो भगवा दुपट्टा लहराया और समर्थकों को विक्ट्री साइन दिखाया। इस मामले में ट्विस्ट तब आया, जब उनके वकील विक्रांत सबने ने दावा किया कि राउत को जांच एजेंसी ने हिरासत में नहीं लिया है। सबने ने कहा कि ईडी ने रविवार सुबह संजय राउत को नया समन दिया है। राउत बयान दर्ज कराने ईडी कार्यालय गए हैं। उन्हें न तो गिरफ्तार किया गया है और न हिरासत में लिया गया है। इस बीच शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि संजय राउत पर कार्रवाई एजेंसी ने की है। हमने किसी से नहीं कहा है। अगर वे बेगुनाह होंगे तो छूट जाएंगे। उनसे हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं, राउत ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।



### राउत के घर मिली 11.50 लाख की नगदी

- सूत्रों के अनुसार रविवार को संजय राउत के घर की तलाशी के दौरान ईडी को साढ़े ग्यारह लाख रुपए नगद मिले हैं। राउत या उनके परिवार के लोग इस रकम का सोर्स नहीं बता सके हैं। ईडी ने इस रिकवरी को अपनी जांच में दर्ज कर लिया है। पात्रा चॉल घोटाला 1043 करोड़ रुपए का है। राउत इस केस में आरोपी हैं।

### न झुकूंगा, न पार्टी छोड़ूंगा: संजय

- संजय राउत बोले, 'मार-मार कर पीट-पीट कर मेरे खिलाफ सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं। यह शिवसेना और महाराष्ट्र को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। इससे न शिवसेना कमजोर होगी और न ही महाराष्ट्र कमजोर होगा। मैं झुकूंगा नहीं और न ही पार्टी छोड़ूंगा।'

### ईडी ने 9 घंटे पूछताछ

ईडी ने शिवसेना सांसद संजय राउत से रविवार को 9 घंटे पूछताछ की। भांडुप में उनके बंगले मैत्री पर सुबह सात बजे एऊटीम पहुंची थी। 10 अफसरों ने राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत के कमरों की तलाशी ली। टीम ने उनसे और उनके परिवार वालों से भी पूछताछ की। कहा गया है कि राउत राउत जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्हें 27 जुलाई को भी तलब किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे।

### दादर में राउत का फ्लैट सील

ईडी ने रविवार को राउत का दादर वाला फ्लैट सील कर दिया। आरोप है कि संजय राउत ने पात्रा चॉल जमीन घोटाले के पैसे से यह फ्लैट खरीदा था। ईडी की टीम राउत के अलावा उनके दो करीबियों के घर भी पहुंची है। वहां भी जांच-पड़ताल की जा रही है।

### शिवसेना कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

संजय राउत के घर एऊकी कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शिवसेना कार्यकर्ता उनके घर के बाहर जमा होना शुरू हो गए। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। यह मामला मुंबई के गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल से जुड़ा है। यह महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है।

## जेरेमी लालरिनुंगा ने रचा इतिहास

- 19 वर्ष के वेटलिफ्टर ने भारत को दिलाया दूसरा गोल्ड



बर्मिंघम, एजेंसी। भारत के युवा वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों के वेटलिफ्टिंग इवेंट की 67 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में सबसे अधिक 140 किलोग्राम वजन उठाया था, जबकि क्लीन एंड जर्क में 160 किलोग्राम वजन उठाते हुए इतिहास रचा। उन्होंने गेम रिकॉर्ड कुल 300 किलोग्राम वजन उठाया। इस तरह वेटलिफ्टिंग में भारत को दूसरा गोल्ड और कुल 5वां मेडल मिला। इससे पहले शनिवार को मीराबाई चानू ने 49 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड जीता था। यूथ ओलिंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुके जेरेमी पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे थे और उन्होंने पहली ही बाजी में इतिहास रचा। उन्होंने स्नैच में पहले अटेम्प्ट में 136 किलो उठाया, जबकि दूसरे अटेम्प्ट में 140 किलो उठाते हुए रिकॉर्ड कायम किया। यह उनका गेम रिकॉर्ड रहा, जबकि तीसरी कोशिश में वह 143 किलोग्राम उठाने में असफल रहे। इसके बाद जेरेमी ने क्लीन एंड जर्क में पहली कोशिश में 154 किलोग्राम उठाया, जबकि दूसरी कोशिश में उन्होंने 160 किलोग्राम वजन उठाया। इस दौरान वह पीठ और एल्बो में चोट से जूझते दिखे। हालांकि, तीसरी कोशिश में फेल रहे। इससे पहले मीराबाई चानू ने गोल्ड, संकेत सरगर और बिंदियारानी देवी ने सिल्वर मेडल जीते, जबकि गुरुराजा पुजारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस तरह भारत को अब तक वेटलिफ्टिंग में 5 मेडल मिल चुके हैं। इस इवेंट में दो और मेडल मिलने की उम्मीद है।

## विमेंस टी-20 : भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंदा

- स्मृति मंधाना ने खेली 63 रन की धमाकेदार पारी, 50 गेंद बाकी रहते टारगेट हासिल कर लिया



बर्मिंघम। कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को विमेंस टी-20 क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंद दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 18 ओवर में सिर्फ 99 रन बना पाई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 2-2 विकेट स्नेह राणा और राधा यादव ने झटके। वहीं, ढअङ टीम के 3 बल्लेबाज रन आउट हुईं। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 2 विकेट खोकर 11.4 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 42 गेंद में 63 रन बना दिए। उनके बल्ले से 8 चौके और 3 छक्के निकले। जेमिमा रोड्रिग्ज ने नाबाद दो रन बनाए। शेफाली वर्मा ने नौ गेंद पर 16 और एस मेघना ने 16 गेंद पर 14 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए तुबा हसन और ओमैमा सोहैल ने एक-एक विकेट लिए। भारत का अगला मुकाबला अब बारबाडोस से तीन अगस्त को होगा।

### पाकिस्तान का टॉप ऑर्डर रहा फ्लॉप

पाकिस्तानी पारी के दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा और इरम जावेद खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। उन्हें मेघना सिंह ने आउट किया। इसके बाद 9वें ओवर में स्नेह राणा ने पाकिस्तान को 2 झटके दिए। पहले उन्होंने कप्तान बिस्माह मारूफ को 17 रन पर आउट किया। उसके बाद पूरी तरह सेट हो चुकी मुनीबा राणा को 32 रन बनाने के बाद अपना शिकार बनाया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरूआत हार के साथ हुई थी।

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी ने बिंद्यारानी को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल-2022 में रजत पदक जीतने पर भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि उनके तप की अभिव्यक्ति है और इसने हर भारतीय को बहुत खुश किया है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बिंद्यारानी देवी ने रविवार तड़के (भारतीय समयानुसार) राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रिकॉर्ड वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया है।

### कांग्रेस एमएसपी के मुद्दे की लड़ेगी लड़ाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह सरकार की 'जन विरोधी नीतियों' का पुरजोर तरीके से विरोध करती है और किसानों की उपज के वास्ते न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। पार्टी ने अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक के बाद यह बात कही। इसके नवनियुक्त प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि वह किसानों और मजदूरों की समस्याओं को जानने के लिए देश भर में दौरा करेंगे और उन्हें समर्थन देंगे। खैरा ने कहा कि वह सड़क से संसद तक किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा भारत का तेजस

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण मार्च में रद्द किया गया बहुराष्ट्रीय 'कोबरा योद्धा अभ्यास' छह माह बाद अब फिर लंदन के वैडिंगटन में सितंबर में होने वाला है। यह पहला मौका होगा जब एलसीए तेजस किसी अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा।

## कमजोर लोग होते हैं मानवाधिकारों के उल्लंघन का शिकार : सीजेआई

### 'देश तभी आगे बढ़ेगा जब नागरिकों को संविधान का पता होगा'



रायपुर, एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमना ने रविवार को कहा कि एक संवैधानिक गणतंत्र तभी पनपेगा, जब उसके नागरिक इस बात से अवगत होंगे कि उनके संविधान की परिकल्पना क्या है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए और कानून स्नातकों का प्रयास होना चाहिए कि वे लोगों को संवैधानिक प्रावधानों को सरल शब्दों में समझाएं। रायपुर में हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई एन वी रमना ने कानून को सामाजिक परिवर्तन का एक साधन बताया और कहा कि कानून स्कूली शिक्षा स्नातकों को सामाजिक इंजीनियरों में बदलना चाहिए। सीजेआई ने कहा युवाओं की यह पीढ़ी दुनिया में क्रांति ला रही है। चाहे जलवायु संकट हो या मानवाधिकारों का उल्लंघन वे दुनिया भर में एकजुट ताकत हैं।

वास्तव में तकनीकी क्रांति ने हम में से प्रत्येक को वैश्विक नागरिक बना दिया है। उन्होंने कि उन सभी के लिए क्रांति में शामिल होने का समय आ गया है। कानून के शासन और संविधान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दुखद वास्तविकता यह है कि आधुनिक स्वतंत्र भारत की आकांक्षाओं को परिभाषित करने वाला सर्वोच्च दस्तावेज कानून के छात्रों, कानूनी चिकित्सकों और भारतीय आबादी के एक बहुत छोटे हिस्से के ज्ञान तक ही सीमित है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए है।

## लेखपाल भर्ती परीक्षा में 21 सॉल्वर गिरफ्तार

वाराणसी/कानपुर/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के 12 जिलों के 501 केंद्रों पर रविवार को लेखपाल भर्ती परीक्षा थी। इसमें भी सॉल्वर गैंग ने सेंध लगा दी। एसटीएफ ने प्रदेशभर में कुल 21 सॉल्वर को पकड़ा है। इनमें लखनऊ में 2, वाराणसी में 4, कानपुर में 6, बरेली में 1, मुरादाबाद में 4 और गोंडा में 1 सॉल्वर शामिल हैं। उनके पास से मिली ब्लूटूथ डिवाइस में सिम कार्ड भी लगे हैं। एसटीएफ ने प्रयागराज से सॉल्वर गैंग के सरगना विजयकांत पटेल को गिरफ्तार कर लिया। उसके दो सहयोगियों दिनेश कुमार यादव और सोनू कुमार को भी पकड़ा गया है। उनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस समेत अन्य उपकरण बरामद हुए हैं।



### अभ्यर्थियों से लिए 10-10 लाख

वाराणसी में एसटीएफ ने बताया, अभ्यर्थियों से सॉल्वर गैंग के सरगना ने 10-10 लाख रुपए लिए थे। उन्हें ब्लूटूथ डिवाइस दी गई थी। कहा गया था कि वे अपनी डिवाइस ऑन रखेंगे। उसे ऐसे कान में लगाकर रखेंगे कि कक्ष निरीक्षक को उन पर शक न हो। पेपर आउट होते ही ब्लूटूथ डिवाइस से एक-एक सवाल का उत्तर बताने का वादा सॉल्वर गैंग ने किया था। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि सॉल्वर गैंग के कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अन्य की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

### आईटीआई का टीचर रहा गैंग का सरगना

एसटीएफ की पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह का सरगना विजयकांत पटेल 3 साल तक आईटीआई का टीचर रहा है। वह प्रयागराज के बहरिया थाना के अतनपुर का रहने वाला है। वह डॉ. केएल पटेल के मुबारकपुर के आईटीआई कॉलेज में पहले टीचर रहा है।

## संजय अरोड़ा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त, आज संभालेंगे कार्यभार

- वीरप्पन गैंग के खिलाफ चलाया था बड़ा अभियान; वीरता सम्मान से सम्मानित हैं आईपीएस
- राकेश अस्थाना ने न्यू पुलिस लाइंस में फेयरवेल परेड की सलामी ली।



नई दिल्ली, प्रात : किरण

दिल्ली पुलिस में नए आयुक्त की तैनाती को हरी झंडी मिल गई है। नए आयुक्त के तौर पर एक अगस्त से आइपीएस संजय अरोड़ा कार्यभार संभाल लेंगे। कार्यभार संभालते ही कानून-व्यवस्था के साथ-साथ उनके सामने एक बड़ी चुनौती दिल्ली पुलिस में स्टाफ की कमी का भी झेलना पड़ेगा। अब वो दो साल तक यानि साल 2025 तक दिल्ली पुलिस आयुक्त के पद पर रहेंगे। देखना होगा कि इन दो सालों के दौरान वो पुलिस में खाली पड़े कितने पदों को भरने की दिशा में काम कर पाते हैं। दिल्ली पुलिस के ये खाली पड़े पद कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दिल्ली पुलिस इन दिनों आइपीएस, दानिप्स व दिल्ली पुलिसकर्मियों की कमी से जूझ रही है। केंद्र सरकारद्वारा स्वीकृत पदों में भी सभी रैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों के पद काफी समय से रिक्त पड़े थे। करीब ढाई करोड़ से अधिक जनसंख्या वाली दिल्ली में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग में आइपीएस, दानिप्स व पुलिसकर्मियों की संख्या जितनी होनी चाहिए उतनी नहीं है। जिसका दुष्प्रभाव यह सामने आ रहा है कि साल दर साल अपराध बढ़ रहे हैं।

## फिर अमेरिका के सामने गिड़गिडाया पाक, इस बार सेना प्रमुख बाजवा ने मांगी भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने अपने देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.7 अरब डॉलर की अहम किश्त जल्द से जल्द जारी कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है। कई सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जनरल कमर जावेद बाजवा ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन के साथ इस मामले पर चर्चा की और अमेरिका से पाकिस्तान की मदद के लिए आईएमएफ में अपने प्रभाव का उपयोग करने की अपील की। सेना प्रमुख द्वारा इस तरह की अपील किया जाना दुर्लभ है। मुख्य रूप से अफगानिस्तान के मुद्दे के कारण अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में हालिया वर्षों में तनाव पैदा हो गया है। विशेष रूप से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे। बहरहाल, पाकिस्तान की सेना, जिसने अपने 75 साल के इतिहास के आधे से अधिक समय तक देश पर सीधे शासन किया है, ने अमेरिका के साथ मिलकर काम किया है और अल-कायदा के खिलाफ आतंकवाद से युद्ध में वह एक आधिकारिक सहयोगी थी।




कार्रवाई | आतंकी माड्यूल का पता लगाने के लिए देश के 6 राज्यों में एनआईए की छापेमारी

# सहारनपुर के देवबंद मदरसे से एक संदिग्ध युवक गिरफ्तार

## आईएसआईएस संदिग्धों के 13 परिसरों से आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

हाल ही में कई आतंकियों के पकड़े जाने के बाद इसके माड्यूल का पता लगाने के लिए आज राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 6 राज्यों में छापेमारी की है। मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों में छापेमारी जारी है। एजेंसी ने आईएसआईएस की गतिविधियों से संबंधित मामले में संदिग्धों के 13 परिसरों की तलाशी ली है। तलाशी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री जब्त की गई है। छापेमारी में एनआईए की टीम पूरे परिसरों की तलाशी ली और हर चीज की जांच की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक कई लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इलाके में भारी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार छापों में शामिल राज्यों में महाराष्ट्र भी शामिल है। यहां के दो जिलों कोल्हापुर और नांदेड़ में आईएसआईएस ने इंपुट मिलने के बाद छापे मारे हैं। बता दें कि महीने भर में एजेंसी की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। सहारनपुर के देवबंद में भी यूपी एटीएस और एनआईए ने छापेमारी की है। रविवार सुबह एनआईए की टीम देवबंद पहुंची और एक संदिग्ध युवक फारूख को हिरासत में लिया।

आईएसआईएस से उसके जुड़े होने की सूचना पर यह छापामारी की गई है। बता दें कि एनआईए ने मध्य प्रदेश के भोपाल और रायसेन, गुजरात में भरूच, सूरत, नवसारी और अहमदाबाद जिले, बिहार में अररिया जिला, कर्नाटक में भटकल और तुमकुर शहर जिले, महाराष्ट्र में कोल्हापुर और नांदेड़ जिले और उत्तर प्रदेश में देवबंद जिले में यह छापे मारे हैं। गौरतलब है कि



- सहारनपुर के देवबंद में भी यूपी एटीएस और एनआईए ने छापेमारी की है।
- एनआईए द्वारा मामला दर्ज करने और मामले की गहन जांच शुरू करने के करीब एक हफ्ते बाद ये छापेमारी की गई।
- संदिग्ध युवक सहारनपुर के देवबंद के मदरसे में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

एनआइए द्वारा 25 जून को आईपीसी की धारा 153 ए और 153 बी और यूए (पी) अधिनियम की धारा 18, 18 बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, जांच एजेंसी फुलवारी शरीफ मामले में उग्रवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े होने के संबंध में गुरुवार सुबह से नालंदा जिले सहित बिहार में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि एनआईए द्वारा मामला दर्ज करने और मामले की गहन जांच शुरू करने के करीब एक हफ्ते बाद ये छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि जिन जगहों पर ये छापेमारी की जा रही है, ये सभी जगह सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) से जुड़े लोगों के हैं।

### देवबंद से युवक गिरफ्तार

आतंकी संगठन आईएस से कनेक्शन के मामले में देवबंद से एक युवक को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। जानकारों का कहना है कि जांच में कुछ ऐसे सुराग मिले हैं जिनका कनेक्शन देवबंद से मिला। फिलहाल जांच की जा रही है। अभी पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता लेकिन जो साक्ष्य मिले हैं वो अहम हैं और उनकी जांच पूरी करके रिपोर्ट पेश की जाएगी। संदिग्ध युवक सहारनपुर के देवबंद के मदरसे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह सोशल मीडिया एप के जरिये संगठन के लिए ट्रांसलेटर का काम करता था। एक रिपोर्ट के मुताबिक देबबंद के मदरसे में पढ़ने वाला फारूख कई भाषाओं का जानकार है। वो कई सालों से यहां रह रहा था। उसके लिंक कर्नाटक में पकड़े गये एक आईएस माड्यूल से मिले है। टेलीग्राम के जरिये आतंकवाद से जुड़ा हुआ साहित्य फारूख तक आता था। वो अनुवाद करके माड्यूल को मुहैया कराता था।

## संक्षिप्त खबरें

### 126 ली शराब के साथ दो गिरफ्तार

उदवंतनगर । थाना क्षेत्र के बेलाउर बंगला व जयनगर गांव के बीच उदवंतनगर पुलिस ने आटो पर लदा शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को बड़ी मात्रा में आटो व लदा शराब ले जाने की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो उठी तथा आटो को बेलाऊर बंगला व जयनगर गांव के बीच दबोच लिया। थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि रविवार को 126 ली देसी शराब के साथ दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कारोबारी राजू कु व संदीप कुमार बिन्दटोली,आरा के निवासी बताए जाते हैं।

### ओबीसी के संवैधानिक जन्मदाता एवम् संवैधानिक रखवाला कोई नहीं: विजय कश्यप

बेतिया। आरक्षण दिवस के उपलक्ष मे प्रेस को संबोधित करते महापौर प्रत्याशी विजय कश्यप ने कहा कि इस देश में ओबीसी के संवैधानिक जन्मदाता एवम् संवैधानिक रखवाला कोई नहीं, बल्कि बाबा साहेब आंबेडकर ही हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नए आर्थिक आयाम पाने की ओर अग्रसर: अश्विनी

पटना,प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री श्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नए आर्थिक आयाम पाने की ओर अग्रसर है। इस दिशा में, भारत को आत्मनिर्भर बनाने एवं भारतीय उत्पादों को वैश्विक मान्यता दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल मंत्र का आह्वान किया है। घरेलू उत्पादों की सफलता के लिए उनकी गुणवत्ता को विश्व स्तरीय एवं उनके दामों को प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना आवश्यक है जिससे भारत अपने 5 ट्रिल्यन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला सपना साकार कर सकता है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौबे आज 31जुलाई 2022 को पटना में भारतीय मानक ब्यूरो शाखा कार्यालय



के नवीनीकृत प्रयोगशाला व कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों व उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परिपेक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो जो कि राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में भारतीय मानकों को विकसित करता है एवं इनका संचालन कर रहा है महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। .इन मानकों के निर्धारण एवं संचालन में उपभोक्ताओं का हित भी समाहित है।

देश के समुचित विकास के लिए, प्रत्येक राज्य का विकास हो यह भी आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के सतत प्रयास से आज बिहार में भी औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं।

साथ ही बिहार के उद्योगों में मानकीकरण के प्रति भी रूझान बढ़ा है एवं नए उत्पागद मानकीकरण के लिए

**उद्घाटन**

● भारतीय मानक ब्यूरो के शाखा कार्यालय व प्रयोगशाला के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन

आ रहे हैं। फलस्वरूप, प्रतिवर्ष ब्यूरो द्वारा दिए जा रहे लाइसेंस में करीब 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा प्रयोगशाला के इस नवीनीकृत परिसर में नए उत्पायदों की जांच की व्यवस्था भी शुरू की गई है।

जिसमें बोतलबंद जल एवं सोने की शुद्धता की जॉच की व्यवस्था शामिल है। पहले से उपलब्ध व्यवस्था को भी उन्नत किया गया है जिसमें प्रमुख हैं स्टील उत्पाद, सीमेंट, पीवीसी के उत्पाद एवं केमिकल उत्पाद हैं। इस मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो के डीजी प्रमोद तिवारी सहित सभी उच्च अधिकारी मौजूद थे।

# कुरसेला: ट्रक ने मारी टक्कर महिला कांवड़िया की मौत

कुसेर्ला, प्रात : किरण, संवाददाता।

कुरसेला थाना क्षेत्र के एनएच 31 सिमर गाछ के समीप बाइक सवार बोल बम जा रहे कांवरिया को अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी जिसमें बाइक सवार महिला कांवरिया की मौत हो गई और पति घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एनएच 31 पर सिमर गाछ के समीप कुरसेला से नवगछिया की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बोल बम जा रहे कांवड़िया दंपत्ति को ठोकर मार दी।

जिससे बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी सड़क पर मौजूद लोगों ने कुसेर्ला पुलिस को दी। कुसेर्ला पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां घायल सविता देवी 38 वर्ष तथा उसके पति विपिन यादव, घर कृष्णापुरी यादव टोला, पुर्णिया का प्राथमिक उपचार किया गया। महिला की बिगड़ती हालत को देखकर रेफर कर दिया गया। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में ही महिला की मौत हो गई। इस घटना से पति विपिन यादव का रो रो कर बुरा हाल है। विपिन यादव ने बताया कि हम लोग कृष्णापुरी पूर्णिया से 9 लोगों के जत्थे के साथ बाबा नगरी देवघर जा रहे थे कि कटरिया सिमर गाछ के समीप तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी और फरार हो गया। बता दें कि सोमवारी जलाभिषेक को लेकर सड़क पर कांवड़ियों की भीड़ चल रही है। अन्य दिनों की अपेक्षा सोमवारी जलाभिषेक को लेकर कांवड़ियों का हुजूम सड़कों पर चल रहा है। चिंतनीय है कि इस भीड़ को देखते हुए तेज रफ्तार के वाहन पर रोक नहीं लग रही है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है तथा लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बीते शनिवार को एनएच 31 कोसी पुल सड़क पर तीन वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई थी। जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे । लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। वहीं आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# डिग्री महाविद्यालय के सभागार में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

सिवान, प्रात : किरण संवाददाता

जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा बिहार के तत्वाधान में प्रेमचंद्र जयंती का आयोजन शहर के दरोगा प्रसाद राय डिग्री महाविद्यालय सिवान के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार जिले के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मिश्र एवं कमर शिवानी के अध्यक्ष मंडल ने किया।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद प्रेमचंद्र जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ हैं आयोजन समिति के अध्यक्ष युगल किशोर दुबे आगत अतिथियों का स्वागत भाषण दिया। सिवान सदर विधायक एवं पूर्व काबीना मंत्री अवध बिहारी चौधरी ने आगत अतिथियों का अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। फिर प्रेमचंद्र आज भी प्रासंगिक हैं विषय पर



आलेख पाठ प्रो. उपेंद्रनाथ यादव ने किया तत्पश्चात आलेख पर हुई बहस में रविंद्र सिंह अधिवक्ता ,प्रो. वीरेंद्र प्रसाद यादव ,डॉ भाई अकेला ,डॉ हारून शैलेंद्र,शिवनारायण वारी,रामनरेश सिंह,उपेंद्र कुमार यादव, साहिब सिंह, विजेता प्राचार्य प्रो, श्यामसुंदर चौधरी, डॉ संदीप कुमार यादव ,दीपक कुमार, गणेश राम, एवं आईएसएफ के राज्य सचिव सुशील कुमार शशि कुमार सिंह,नीरज कुमार ,ओमप्रकाश शर्मा, श्री वामदेव प्रसाद वर्मा, श्री कमलेश ओझा,दीपक कुमार, गणेश राम,सुदामा प्रसाद राजेंद्र प्रसाद माझी आदि लोगों ने आलेख पर चर्चा में भाग लिया । दूसरे सत्र में वरीय शायर उस्ताद कमर शिवानी, विक्रमा पंडित विवेकी ,पूजा मिश्रा ,विद्या सुंदर ,डॉ प्रवीण कुमार शुक्ला ,तंग इनायत पूरी ,राधिका रंजन सुशील, गोरखनाथ गुंजन,पितांबर राम,कमलेश ओझा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मार्कंडेय दीक्षित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित कवि लेखक एवं प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि अशोक मिश्र अध्यक्ष जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा बिहार, श्री अवध बिहारी चौधरी पूर्व मंत्री सह सदर विधायक सिवान ,कमर शिवानी अध्यक्ष, डॉ हारून शैलेंद्र, मनीष प्रसाद सिंह अधिवक्ता ,विक्रमा पंडित विवेकी,सुशील,शशि, नीरज ,गोरखनाथ गुंजन ,शुभ नारायण वारी, पूजा मिश्रा, तंग इनायत पूरी ,सुजीत कुमार, डॉ अखिलेश्वर कुमार उपाध्याय,राजेंद्र माझी ,रामदेव वर्मा आदि को सम्मानित किया गया ।

# महिला सेवा सशक्तिकरण मंच द्वारा मुफ्त भोजन वितरण जारी

मोतिहारी, प्रात : किरण संवाददाता

महिला जागृति सेवा फाउंडेशन एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच की संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर बबीता श्रीवास्तव के द्वारा मिशन- अन्नपूर्णा, कार्यक्रम अंतर्गत जरूरतमंदों के बीच खाना खिलाने का सिलसिला जारी है। शनिवार को स्टेशन परिसर के साईं मंदिर के पास दिनभर का कैम्प लगाकर जरूरतमंद भूखे को भोजन कराया गया।

जागृति सेवा फाउंडेशन एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच के सौजन्य से लगभग एक साल पूर्व प्रत्येक शनिवार एवं बृहस्पतिवार को भूखे को भोजन खिलाकर सभी की दुआ संस्था के सदस्य ले रहे है।गौर तलब है कि संस्था महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लंबे संसय से कार्य कर रही है।सेमिनार एवं संगोष्टी करके महिलाओ को सशक्त करने का भी कार्य प्रो० बबिता श्रीवास्तव करती आ रही है।इस सेवा कार्य की प्रशंसा शहर में हो



रही है। भोजन वितरण पर प्रो० बबिता श्रीवास्तव ने बताया कि यह सेवा निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आज चार सौ लोगो के बीच भोजन वितरित किया गया। काफी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों की आज सेवा हुई। कैम्प के लिए भोजन बनाने एवं वितरण सेवा में लगने वाली बहनों में संस्था की जिला अध्यक्ष माला श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी रेणु वर्मा सचिव शर्मिला पांडे, सह सचिव पुष्पा सिंह, कोषाध्यक्ष विभा सिंह ,सदस्य ममता सिंह थी। भोजन वितरण के सहयोगी में, जागृति सेवा फाउंडेशन के सदस्य,अनुराग राज, जॉर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अरुण कुमार तिवारी, विशाल गिरी, सनी ठाकुर,विशाल गुप्ता,सूरज विश्वास आदि थे।

# देश बचाओ अभियान ने किया राष्ट्रव्यापी रोड चक्का जाम

खगड़िया, प्रात : किरण, संवाददाता

देश बचाओ अभियान, फरकिया मिशन एवं मिशन सुरक्षा परिषद के बैनर तले संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर रोड का चक्का जाम पूरे खगड़िया जिले के विभिन्न प्रखंडों में किया गया। वहीं अलौली ब्लॉक पूल चौक पर नेतृत्व मिशन के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी एवं अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया।

यादव ने रोड चक्का जाम के माध्यम से राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी दायरे में लाने, किसानों को पेंशन एवं फसल क्षतिपूर्ति देने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने, किसान आंदोलन के क्रम में की गई मुकदमे को समाप्त करने, खगड़िया जिला एवं अलौली को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, किसानों के सभी प्रकार के ऋण माफ करने, किसानों को




● किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी दायरे में लाए जाने तक किसान-मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा : किरण

फसल ऋण देने, किसानों को सस्ते दरों पर खाद बीज कृषि यंत्र देने मुहैय्या कराने, अलौली गढ़ कोसी नदी पर पुल बनाने, अलौली को अनुमंडल बनाने, अलौली चौक पर जर्जर रोड को जल्द मरम्मत करवाने, पुस्तकालय भवन का निर्माण करने, छठ घाट को सीढ़ीनुमा घाट एवं सड़क बनाने, वृद्धा पेंशन, कन्या विवाह योजना की राशि, राशन किरासन कूपन, प्रधानमंत्री आवास गरीबों को देने, महा दलितों को 5 डिसमिल जमीन देने, न्यू लेबर एक्ट कानून को रद्द करने, मजदूरों को इ श्रम कार्ड बनाकर विभिन्न कल्याणकारी लाभ देने की मांग की गयी। इस दौरान चक्का जाम में मांगों के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए गए। जिसमें सैकड़ों किसान मजदूरों ने भाग लिया। इसमे में रामचंद्र साह, सुरेश पासवान, दिलेश्वर यादव, कमलेश सिंह, अशोक यादव, नागो पहलवान, नित्यानंद, अमित कुमार यादव, गणेश साह, गोपाल साह, राजकुमार, उमेश यादव, शुभम कुमार, दीपक कुमार आदि ने भाग लिया।

### होटल मोहनिया विहार में हुआ बच्चों के डांस का ऑडिशन

**कैमूर।** कृष्णा डी फिल्म और आर वायरस डांस एकेडमी अजय रॉक की ऑगेर्नाइजेशन द्वारा मोहनिया बिहार होटल में डांस कंपटीशन का ऑडिशन रखा गया जिसमें सिलेक्टेड बच्चों को नेशनल लेबल तक पहुचाने की पूरी कोशिश करने की बात डांस क्लासेज के संचालकों द्वारा कही गई। इस ऑडिशन में मास्टर दीपक रॉक,कृष्णा और चिफ गेस्ट में फिल्म अभिनेता व निर्देशक दिलीप चौधरी के साथ ऐक्टर विनोद चौधरी भी मौजुद रहे। ऑडिशन में मौजूद बच्चों के हुनर को और तवज्जो देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की बात करते हुए चीफ गेस्ट डीके माल्या ने कहा कि छोटे शहरों और गांव में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस सही समय पर सही तरीके से उसे निखारने की जरूरत है ऐसी प्रतिभाएं हमारे गांव एवं छोटे-छोटे शहरों में निकल रही हैं उससे यह प्रतीत होता है कि यदि उन्हें उभरने का सही तरीके से मौका मिले तो वह विश्व स्तर पर अपने समाज गांव प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# जदयू के प्रखंड कमिटी व पंचायत अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न



तरैया, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड के जदयू कार्यालय जदयू संगठन प्रभारी बिरेन्द्र गिरी एवं सुनील सिंह कश्यप के निगरानी में जदयू प्रखंड कमिटी,पंचायत अध्यक्षों एवं पंचायत के कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रो.ज्वाला प्रसाद ने किया।बैठक में संगठन प्रभारी ने बताया कि प्रखंड,पंचायत एवं बूथ अध्यक्षों एवं सचिवों का भौतिक सत्यापन किया गया।संगठन के विस्तार एवं धारदार बनाने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया।उक्त बैठक में जदयू प्रदेश सचिव राखी कुशवाहा,जल श्रमिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सहनी,इसुआपुर संगठन प्रभारी राजकुमार कुशवाहा,प्रखंड महासचिव चंदेश्वर राम,प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश पटेल,प्रखंड कोषाध्यक्ष मुकेश मांझी,प्रखंड सचिव आदित्य शर्मा सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष एवं जदयू के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चित्रगुप्त पूजा 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा

सारण, प्रात : किरण संवाददाता

चित्रगुप्त समिति की कार्यकारिणी की बैठक गुप्तेश्वर शंकर गुप्तेश के काशी बाजार स्थित विवाह भवन सह मार्केट कॉम्प्लेक्स में समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजनोत्सव 27 अक्टूबर को ध्यान में रखते हुए पूजा की तैयारी समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में पूजा के दिन आहूत सांस्कृतिक समारोह आशुतोष कुमार शरण के निर्देशन में कराने का निर्णय लिया गया। संगीत प्रतियोगिता का संयोजक रूपेश नंदन, क्रीड़ा के लिये हरिकिशोर प्रसाद श्रीवास्तव, प्रिंस राज को उप संयोजक, सामान्य ज्ञान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिये अरविंद कुमार वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया। संगीत प्रतियोगिता दिनांक 16 अक्टूबर को दरोगा राय चौक स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में, क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनक 8 एवं 9 अक्टूबर को राजेन्द्र स्टेडियम एवं सामान्य ज्ञान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता दिनांक 15



अक्टूबर को राज्य संपोषित सारण कमर्शियल एकेडेमी भगवान बाजार में आयोजित किया जाएगा। पूजा समापन के पश्चात 6 नवंबर को सामूहिक प्रीतिभोज आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में श्री गुप्तेश शंकर के प्रस्ताव पर चित्रगुप्त समित द्वारा प्रत्येक वर्ष कायस्थ रत्न के रूप में लाल बहादुर शास्त्री, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जय प्रकाश नारायण जैसे विभूतियों की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जे०पी०चौक पर जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। श्री चित्रगुप्त समिति प्रत्येक वर्ष निर्धन को छात्रवृति एवं निर्धन परिवार की कन्या के विवाह में आर्थिक मदद करती है। इसे अत्यधिक प्रभावकारी बनाने हेतु बजटीय कोष को जन सहयोग

● श्री चित्रगुप्त समिति ने प्रारंभ की पूजा की तैयारी

से बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गुप्तेश्वर शंकर गुप्तेश ने अपने स्वर्गीय पिता प्रोफेसर सतीश्वर सहाय वर्मा की स्मृति में छात्रवृत्तिति कोष में 5001 रुपया दिया वही नागेंद्र कुमार वर्मा ने 1000 हरिकिशोर श्रीवास्तव 1000, आशुतोष शरण 1000 एवं मनीष रंजन ने निर्धन कोष में 500 की राशि जमा किया। अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा ने सभी संयोजक को एक अलग अलग उपसमिति गठित करने का निदेश दिया गया। पूर्व की बैठक में दुर्गेश बिहारी प्रसाद एवं ओम प्रकाश पुतुल को प्रत्येक वार्ड से संपर्क कर वार्ड समिति गठित कराने का दायित्व दिया गया था जो अभी पूर्ण नही हो पाया है। इसपर सभी सदस्यों की सहमति से चित्रगुप्त पूजा के पूर्व पूर्ण कर लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को आरक्षण में छूट देने हेतु रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री को अनुरोध पत्र भेजने का निर्णय लिया गया है।

# आईआईटी बॉम्बे के सम्मेलन में डॉ विश्वकर्मा शर्मा हुए सम्मानित

सोहन ठाकुर

**परसा।** भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आईसीटी,सीएससी एवं आईआईटी मुंबई द्वारा आईआईटी बॉम्बे के कैंपस में व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक अवसरों पर देशस्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन में बिहार राज्य से एक सेंटर इंटेल्स परसा के निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा,कॉर्डियनेटर जितेश राज भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी बॉम्बे प्रोफेसर एस सुदर्शन,प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर कन्नन एम मधुग्ल्या,सीएससी निदेशक डॉ दिनेश त्यागी ने संयुक्त रूप से डिजिटल लैंप के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में भारत के सभी राज्यों से 200 सीएससी अकैडमी भीएलई ने भाग लिया।बिहार से सीएससी अकैडमी तथा भीएलई डॉ इंटेल्स निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा तथा जितेश राज को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन देकर सम्मानित किया गया एवं ग्रामीण परिवेश में आईआईटी मुंबई के 75 से अधिक उसका सर्टिफिकेट कराने की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी बॉम्बे प्रोफेसर एस सुदर्शन ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के कोने कोने में आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से 75 से अधिक तरह के कोर्सेज को उपलब्ध कराना,युवाओं को सर्टिफिकेट प्राप्त कराना एवं रोजगार उपलब्ध कराने की बातें कही। उन्होंने कहा कि प्राप्त सर्टिफिकेट दुनिया के किसी भी सरकारी/गैरसरकारी संस्थाओं में प्रतिष्ठित है।कार्यक्रम में सीएससी अकादमी मुख्य सलाहकार डॉ पियूष गुप्ता,कनिका चंदेल, सीएससी स्टेट हेड श्री वैभव देशपांडे एवं ज्योति सोलंकी मौजूद थे।

# जे पी नड्डा ने किया नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का ऑन लाइन उद्घाटन

मोतिहारी, प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी जिला के चंद्रहिया, बैरिया देवी मंदिर के निकट भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 16 जिलों में निर्मित जिला कार्यालयों के उद्घाटन सम्पन्न हुआ। साथ ही सात जिलों के कार्यालयों के शिलान्यास हुआ। जहाँ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, उप मुख्यमंत्री द्वय तारकिशोर प्रसाद एवं रेणु देवी एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय जायसवाल मंचासीन थे।

कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के विकास और हमारी विचारधारा विस्तार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। श्री नड्डा ने कहा कि तत्तकालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सभी जिलों में आरती 724 जिलों में कार्यालय बनाने की योजना बनी। कार्यालय में इंटरनेट, ई- लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधा



से लैस है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जब किराये के छोटे से मकान में पार्टी के कार्यालय संचालित होते थे तब के समय को स्मरण करते हुए आज के आधुनिक कार्यालय की उपयोगिता और आवश्यकता का व्याख्यान किया।

आज सुबह चंद्रहिया, मोतिहारी में जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना द्वारा पूरे सनातन विधि-विधान के साथ कार्यालय में पूजन-हवन हुआ। हवन-पूजन के बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना उसके बाद मोतिहारी कार्यालय के अटल सभागार में वर्चुअली कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बने। मोतिहारी जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, पार्टी के विधायक कृष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू यादव एवं सुनील मणि तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश का०स०सदस्य विनय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल राय,बसंत मिश्रा,जगजीवन पासवान, डॉ०हेना चंद्रा,रविन्द्र सहनी एवं उषा देवी,जिला महामंत्री त्रय डॉ०लालबाबू प्रसाद,विवेकानंद पाण्डेय एवं मार्तण्ड नारायण सिंह,जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद,जिला प्रवक्ता संजीव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दिलीप कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पुतुल पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल कलाम, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ०उमेश चंद्रा, प्रदेश सह-संयोजक पंचायती राज मोर्चा राजन मिश्रा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राजकिशोर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना मिश्रा, जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ प्रो०अरुण कुमार मिश्र,जिला संयोजक बुद्धिजीवि प्रकोष्ठ अनिल वर्मा, जिलाध्यक्ष अतिपिछड़ा मोर्चा अनिरुद्ध सहनी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा दीपक शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रवि यादव ,जिला संयोजक पंचायती राज प्रकोष्ठ कमलेश्वर सिंह, नगर अध्यक्ष उत्तरी मंडल योगेन्द्र प्रसाद,नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल रविभूषण श्रीवास्तव, जिला संयोजक आईटी सेल पंकज सिन्हा, जिला मंत्री विनोद कुशवाहा,देवेश सिंह एवं राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष भाजपा कुमार विजय टिंकू जी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, मंच संयोजक, प्रकोष्ठ के संयोजक एवं बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोकगायक गोप के कजरी गीतों पर झूमें श्रद्धालु

**रसूलपुर।** बोलअ बोलअ भैया शिव शंकर बम भोला दानी हउवें,आसरा पूरइहें ऊ तोहार , झूला लागे कदम की डाढ़ी झूले राधा नंद किशोर जैसे शिवभजन व कजरी गीतों रविवार को से गूंज उठा बाल गांव का अद्भुतनाथ शिवालय। गायक कलाकार थे रामेश्वर गोप। नवादा पंचायत के बाल गांव के अद्भुतनाथ शिवालय में रविवार को रुद्रभिषेक हुआ। पूजा अर्चना के भजन कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें गायक गोप के अलावे वरिष्ठ लोक कीर्तन गायक छठ्ठू राम ने शिव पार्वती व राम केंवट संवाद प्रसंग से कार्यक्रम में भक्ति की रसधारा बहाई।अन्य कलाकारों में मुजवान बाबा, तबलावादक ललन राम ,गायक मुस्तफा , विश्राम ब्यास,रविशंकर यादव आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति से लोगों को झुमाया। पूजन समारोह में समाजसेवी नवलकिशोर सिंह दादा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है साथ ही समाज में समरसता आती है। ऐसे समय में भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम से धार्मिक आयोजन और भी रसपूर्ण हो जाता है।

# पुलिस लाईन के ऐतिहासिक ग्राउण्ड पर कई अप्रतिम दृश्यों का दिखेगा नजारा

आरा, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस लाईन का ऐतिहासिक परेड ग्राउण्ड कल 340 सिपाहियों के शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बनेगा। पासिंग आउट परेड की सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं। यह पहला अवसर होगा जब आम से खास लोग पुलिस लाईन के परेड ग्राउण्ड पर 340 युवाओं को एक साथ प्रशिक्षु से सिपाही बनते देखेंगे। इसके मुख्य अतिथि भोजपुर के पूर्व एसपी व शाहाबाद के वर्त्तमान डीआईजी क्षत्रनील सिंह होंगे।

कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नागरिक, पदाधिकारी सहित प्रशिक्षुओं के परिजन भी शामिल होंगे। पूर्वाह्न साढे. 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत एसपी एवं डीआईजी की सलामी से होगी। राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। राष्ट्रगान के दरम्यान निशान टोली निर्धारित अवधि में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचेगी, जो काफी आकर्षक



● निशान टोली, बैज लगाने एवं परेड का दृश्य का होगा अविस्मरणीयने भाग लिया

व समयबद्ध होगा। शपथ लेने को तैयार युवा बैच और टोपी पहनने के साथ ही सिपाही बन जायेंगे। कुल तीन जिलों के 340 प्रशिक्षुओं में सर्वाधिक संख्या दरभंगा ( 192 ) का है। पासिंग आउट परेड के साथ ही वे अपने-अपने जिलों में लौट जायेंगे। विदित हो कि भोजपुर जिले में दरभंगा एवं समस्तीपुर सहित तीन जिलों के 340 प्रशिक्षु यहॉ प्रशिक्षण ले रहे थे। भोजपुर जिले का पुलिस लाईन राज्य के करीब आधा दर्जन बड़े परिसर वाले पुलिस लाईन में शामिल है। आरा न्यू पुलिस लाईन के पास करीब 72 एकड़ जमीन है, जिसमें शस्त्रागार, खेल मैदान, हर्डल, तालाब, पुलिस बैरक सहित अन्य उपयोगी क्षेत्र हैं। बैरक में हमेशा करीब 200 सिपाही रहते हैं। आज शाम पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह द्वारा पासिंग आउट परेड की तैयारी का जायजा लिया गया। श्री सिंह द्वारा पदाधिकारियों के अलग-अलग टीम को दिये गये अलग-अलग जिम्मेवारियों की समीक्षा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आईपीयू में 14 कोर्स की काउंसिलिंग के लिए 2 अगस्त अंतिम तिथि

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में 14 पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थी 2 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। आईपीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, बैचलर ऑफ एजुकेशन, बैचलर ऑफ होटल मैनजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी सहित अन्य कोर्स के लिए अभ्यर्थी निर्धारित एक हजार रुपये का शुल्क अदा कर काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की दोनों बेवसाइट आईपीयू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### डिलीवरी ब्वॉय का सिर फोड़कर स्कूटी लूटी

नई दिल्ली। शकूरपुर इलाके में बदमाशों ने फूड डिलीवरी देकर लौट रहे युवक का सिर फोड़ दिया। पिटाई कर उसकी स्कूटी लूट ली। घायल स्विगी में कार्यरत है। घटना शुक्रवार देर रात की है। फिलहाल नेताजी सुभाष प्लेस थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय कमल परिवार सहित विशाल एन्क्लेव इलाके में रहता है। वह स्विगी के लिए फूड डिलीवरी का काम करता है। उसने बताया कि वह रात करीब 11 बजे ऑर्डर देकर वापस लौट रहा था। ब्रिटानिया चौक के पास पीछे से किसी ने सिर पर वार कर दिया। इससे वह सड़क पर गिर गया। फिर उसकी पिटाई कर बदमाश स्कूटी लेकर भाग गए। इसके बाद घायल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रहे हैं।

### ऑटोमोबाइल कारोबारी की कार से सात लाख रुपये चोरी

नई दिल्ली। कोहाट एन्क्लेव मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार रात को खड़ी कार के शीशे तोड़कर चोरों ने सात लाख रुपये उड़ा लिए। नेताजी सुभाष प्लेस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक मामले में कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। जानकारी के अनुसार रोहित अरोड़ा का मुकुंदपुर में ऑटोमोबाइल पार्ट्स का कारोबार है। वह शनिवार को किसी पार्टी से मिले सात लाख रुपये लेकर घर लौट रहे थे। कोहाट एन्क्लेव मेट्रो स्टेशन के पास कार खड़ी कर किसी से मिलने चले गए। तभी बदमाशों ने शीशा तोड़कर रुपये वाला बैग कार से निकाल लिया। वह लौटे तो पीसीआर को कॉल कर घटना की सूचना दी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और जांच शुरू की।

### 9 शिक्षकों की पदोन्नति से शिक्षकों में रोष

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में लगभग 9 शिक्षकों की पदोन्नति होने से शिक्षकों में रोष है। कॉलेज के शिक्षक सूरज मंडल का कहना है कि स्वामी श्रद्धानन्द कॉलेज गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन को डीयू ने पत्र लिखकर कहा है कि कुछ चुनिंदे शिक्षकों को प्रोमोशन नहीं दिए जाने के मामले पर नियम पूर्वक कार्रवाई की जाए। गवर्निंग बॉडी के कुछ सदस्यों ने मांग की है कि आदेश की अवेहलना करने पर प्रिंसिपल पर कार्रवाई की जाए। दिल्ली विश्वविद्यालय के लगभग सभी कॉलेजों में शिक्षकों के प्रथम स्टेज का प्रोमोशन समाप्त होने को है, लेकिन स्वामी श्रद्धानन्द कॉलेज में कई शिक्षकों के प्रोमोशन को लेकर शिक्षकों में व्यापक रोष और असंतोष है।

### ठेके पर कर्मचारी रखने का विरोध किया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक ई टेंडर जारी कर 20 पदों पर क्लर्क, 60 पदों पर एमटीएस तथा 100 पदों पर लैब अटेंडेंट के लिए आवेदन मांगा है। इस पर दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने विरोध किया है। संघ का आरोप है कि डीयू प्रशासन ने यह पद ई टेंडरिंग के माध्यम से निकाले हैं। संगठन के पदाधिकारी रविंद्र पांडेय का कहना है कि यूजीसी ने तीन हजार पद जारी किए हैं, लेकिन वह नहीं भरे गए। अब डीयू इन पदों पर सुरक्षा गार्ड की भांति ठेके पर कर्मचारी रखने की तैयारी कर रहा है। कर्मचारी पिछले 15-20 वर्ष से विश्वविद्यालय तथा कॉलेजों में काम कर रहे थे। उन्हें नियमित ना कर विश्वविद्यालय प्रशासन नए-नए फरमान जारी कर रहा है। अब तो प्रशासन ने ई टेंडर जारी कर सबको असमंजस में डाल दिया है। इससे प्रशासन का दूसरा नया चेहरा सामने आया है। इसके लेकर कर्मचारी विरोध करेंगे।

# आदेश गुप्ता ने पटेल नगर मंडल कार्यकारिणी के साथ सुनी मन की बात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली के पटेल नगर में आयोजित कार्यक्रम में मन की बात सुनने के बाद पटेल नगर मंडल की कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनकर पूरे दिल्ली को तिरंगा से पाट देने का लक्ष्य रखा है। दिल्ली में आज विभिन्न स्थानों पर आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुप्ता ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान यह हमारे लिए गर्व का पल है जहां हम हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर आजादी के लिए अपनी जान की कुबार्नी देने वाले वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के करोड़ो लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति के बारे में कहा कि दिल्ली में हमारा संघर्ष रंग लाया और केजरीवाल सरकार नई आबकारी नीति को वापस लेने पर मजबूर हुई। केजरीवाल दिल्ली को शराब नगरी बनाना चाहते थे, लेकिन भाजपा और दिल्लीवासियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। आदेश गुप्ता ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनना हम सब के लिए गर्व की बात है। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना हमारा लक्ष्य ही नहीं कर्तव्य भी है। इस अभियान से आने वाली पीढ़ी को आजादी में योगदान देने वाले महापुरुषों के बारे में जानकारी देने में भी मददगार होंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 91वें संस्करण के अपने सम्बोधन में जनता से आजादी के संघर्ष में क्रांतिकारियों की गतिविधियों से जुड़े रेलवे स्टेशन के बारे में जो जानकारी दी है वह वास्तव में हमें इतिहास को जानने और समझने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों का इतिहास जानने से हमें स्वतंत्रता संग्राम और क्रांतिकारियों के बारे में जानने में भी मदद मिलेगी, जो देश की कुबार्नी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष राजेश गोयल, जिला महामंत्री श्रीमती दीपाली कपूर और धनेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष विष्णु देव सिंह सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी और उपस्थित थे।

## एटीएम लूटने वाले मेवाती गैंग के दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार रात को छतरपुर भाटी माइंस इलाके में मुठभेड़ के बाद एटीएम लूटने वाले मेवाती गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस टीम ने जब बदमाशों को दबोचने के लिए घेरा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी थी। इस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई और दोनों को काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश की टांग में गोली लगी है। जिसे पुलिस ने सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। स्पेशल सेल के डीसीपी जसमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों की पहचान 35 वर्षीय वकील उर्फ शकील और 34 वर्षीय आबिद हुसैन के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, छह कारतूस और चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर इनके गिरोह से जुड़े अन्य बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। दोनों बदमाशों पर करीब दर्जनभर एटीएम तोड़ने की वारदातों में शामिल रहने का आरोप है। इनका गिरोह दिल्ली-एनसीआर समेत पांच राज्यों में सक्रिय है। आरोपी वकील पर मध्य-प्रदेश पुलिस ने एटीएम तोड़कर चोरी के मामले में इनाम भी रखा हुआ है।

# सस्ते दाम में एयर टिकट देने के बहाने 90 लोगों को ठगा




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने सस्ते दरों पर एयर टिकट देकर ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपित अविरल रावल द्वारका सेक्टर एक का रहने वाला है। आरोपित ने बीबीए और एमबीए किया हुआ है। अब तक की जांच में पता चला कि है आरोपित द्वारा 90 लोगों के साथ ठगी कर चुका है। आरोपित बेवसाइट बनाकर एयर टिकट सस्ते दामों में मुहैया कराने का दावा करता। एक बार पैसे मिल जाने के बाद आरोपित पीड़ित को कहता था कि एयर टिकट कैंसिल हो गई, पैसे चार से पांच दिन में वापस कर दिए जाएंगे, लेकिन पीड़ितों को पैसे वापस नहीं किए जाते डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के मुताबिक, मालवीय नगर के रहने वाले योगेंद्र सिंह अपनी शिकायत में बताया कि एक बेवसाइट फर्जी टिकट देने के बहाने लोगों के साथ ठगी कर रही है। एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। बेवसाइट के डोमेन का तकनीकी विश्लेषण किया गया। ठगी के पैसे च्वग इन ट्रैवल एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड के खाते में जमा किए गए थे। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपित की पहचान अविरल रावल के रूप में हुई। एसीपी मनीष जोरवाल की देखरेख में एसआइ सोनम जोशी, एएसआइ टेकचंद, हवलदार रोबिन और सिपाही महेंद्र की टीम आरोपित को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अविरल ने बताया कि उसने बीबीए और एमबीए किया हुआ है। साल 2017 में उसने च्वग इन ट्रैवल एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी शुरू की। रियायती दरों पर टिकट उपलब्ध कराने के बहाने लोगों को ठगना शुरू कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस आरोपित से पूछताछ की जा रही है। वहीं, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इंटरनेट मीडिया पर दोस्ती कर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। मामले में पुलिस ने दो सगे भइयों को गिरफ्तार किया है।

# गोविंदपुरी इलाके में 8 वीं के छात्र को दर्जन भर बार मारा गया चाकू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

गोविंदपुरी इलाके में बृहस्पतिवार रात महज 20 रुपये के लिए रेहान नामक एक नाबालिग की बीच बाजार में चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी गई। आरोपितों ने नाबालिग पर चाकू से दर्जन से ज्यादा वार किए। हत्या की यह वारदात बीच बाजार हुई, लेकिन लोग तमाशबीन बने रहे। कोई भी रेहान को बचाने नहीं आया। हां, किसी ने इसकी सूचना पुलिस को जरूर दे दी। मौके पर पहुंची पीसीआर ने रेहान का मौके पर प्राथमिक उपचार किया और फिर मजीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह रेहान की मौत हो गई। गोविंदपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुक्रवार को दोनों आरोपितों को दबोच लिया। दोनों को शुक्रवार को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया गया जहां से उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मौके पर मौजूद लोगों ने यदि साहस दिखाया होता तो नाबालिग की जान बच सकती थी। पुलिस के अनुसार, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी स्थित सरकारी स्कूल नंबर-2 में आठवीं कक्षा का छात्र रेहान गोविंदपुरी के ट्रांजिट कैंप में रहता था। दोनों हत्यारोपित भी वहीं रहते हैं और उसी स्कूल में पढ़ते हैं। रेहान के पिता स्क्रैप डीलर हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार रेहान ने दो दिन पहले एक आरोपित से मारपीट कर 20 रुपये ले लिए थे। इससे आरोपित गुस्से में था। बृहस्पतिवार रात लगभग साढ़े नौ बजे रेहान अपने दो हमउम्र दोस्तों के साथ ओखला एस्टेट में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में कुछ खरीदने गया था। तभी आरोपित नाबालिग अपने दोस्त के साथ वहां पहुंच गया। दोस्त ने पीछे से रेहान की गर्दन पकड़ ली, जबकि आरोपित चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। इसके बाद उसके दोस्त ने भी चाकू से रेहान पर वार किए। यह देख रेहान के साथ आए दोस्त डर कर दूर खड़े हो गए थे। दोनों ने रेहान पर चाकू से 14-15 वार किए थे। इसके बाद दोनों घर न जाकर खून से सने कपड़ों के साथ इलाके में ही घूमते रहे।

# मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से 28 अगस्त तक 8वें संस्करण का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- सर्वे में एक व्यापक प्रश्नावली के साथ अलग-अलग विषयों पर भागीदार यात्रियों से विस्तृत फीडबैक लिया जाएगा

दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से 1 अगस्त (सोमवार) से 28 अगस्त (रविवार) 2022 तक ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण-2022 के 8वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य मेट्रो सेवाओं और सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं के बारे में यात्रियों का फीडबैक प्राप्त करना है। इस सर्वे में एक व्यापक प्रश्नावली के साथ अलग-अलग विषयों पर भागीदार यात्रियों से विस्तृत फीडबैक लिया जाएगा। सर्वेक्षण में सुधारों के लिए सुझाव भी मांगे जाएंगे।

जो भी यात्री इस सर्वेक्षण में भाग लेना चाहें वे डीएमआरसी की आधिकारिक पर जाकर अपना फीडबैक दे सकते हैं तथा वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके अपने उत्तर दे सकते हैं। सर्वेक्षण फॉर्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। इस सर्वेक्षण में सात (7) विषयों पर मेट्रो यात्रियों से फीडबैक मांगा गया है। भागीदारों द्वारा उत्तर भरे जाने के लिए एक विषय के संबंध में सर्वेक्षण का लिंक डीएमआरसी(उ्दम्फ्ठ) की वेबसाइट पर केवल चार (4) दिन के लिए ही उपलब्ध रहेगा। चार दिन के बाद, फीडबैक के लिए अगला विषय उपलब्ध कराया जाएगा। चूंकि सर्वेक्षण के लिए सात विषय रखे गए हैं, यह सर्वेक्षण 28 दिन में समाप्त होगा। पैसेंजर मेट्रो की गतिविधियों के निम्नलिखित महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपना फीडबैक दे सकेंगे

उपलब्धता एवं सुगम्यता
ग्राहकों को उपलब्ध सुविधाएं
जानकारी
सेवाओं की गुणवत्ता
ग्राहक सेवा
मेट्रो का बाहरी क्षेत्र
सुरक्षा, संरक्षा एवं सुविधा

डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल के अनुसार दिल्ली मेट्रो द्वारा इस सर्वेक्षण का आयोजन यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में उनके विचार जानने के लिए किया जा रहा है। प्राप्त फीडबैक के आधार पर सर्वेक्षण के परिणाम मेट्रो की सुविधाओं और सेवाओं के विभिन्न पहलुओं का आकलन करने तथा आवश्यक सुधार लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# मां की गुहार पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पिता को सुनाया निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




तीन साल से बच्चे को लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए एक मां ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। याचिका पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल व न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने याची के अलग रह रहे पति सुमित पाल सिंह को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई पर दस वर्षीय अगमजीत सिंह को अदालत में पेश करे। पुलिस को भी दिया निर्देश पीठ ने सुमित पाल के खिलाफ नोटिस जारी किया और गांधी नगर थाना एसएचओ को निर्देश दिया कि नोटिस सुमित पाल को सर्व करे। मामले में अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। अधिवक्ता शेखर कौशिक के माध्यम से याचिका दायर कर याचिकाकर्ता गुनीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके व सुमित पाल सिंह के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुमित उन्हें मानसिक रूप से परेशान करता था और उनके साथ मारपीट करता था। उन्होंने कहा कि निचली अदालत में घरेलू हिंसा, भरण पोषण और अभिभावक के अधिकार का मामला चल रहा है, लेकिन बीते तीन सालों से सुमित अदालत में पेश नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं पुलिस की मिलीभगत से अदालत में यह भी रिपोर्ट दाखिल कर दी कि उनका बच्चा मर चुका है, जबकि पुलिस ने इस संबंध में कोई रिकार्ड नहीं पेश किया। उन्होंने अपने बेटे को अदालत में पेश करने का निर्देश देने की मांग की।

# दिल्ली में चाइनीज मांझे से एक और मोटरसाइकिल सवार घायल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गौतमपुरी क्षेत्र में चाइनीज मांझे से गले पर कट लगने से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। गले में लिपटे मांझे को तोड़ने की कोशिश में अंगुली पर भी घाव हो गया। घायल योगेश शर्मा निजी डाक्टर से इलाज करा रहे हैं। उन्हें बोलने और खाने में परेशानी हो रही है। हालांकि उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत नहीं दी है।

उन्होंने बताया कि वह अपने साथ हुए हादसे से घबरा गए थे। इस कारण शिकायत नहीं दी। योगेश शर्मा ब्रह्मपुरी मोनी बाबा मंदिर के पास रहते हैं। वह फरीदाबाद सेक्टर-31 स्थित एक कंपनी में सेल्स मैनेजर हैं। बुधवार देर शाम वह अपने कार्यालय से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। गौतमपुरी में पानी की टंकी के पास पहुंचने पर अचानक उनके गले में चाइनीज मांझा लिपट गया। जब तक उन्होंने मोटरसाइकिल का ब्रेक लगाया, उनके गले में कट लग गया।

उन्होंने खुद को बचाने के लिए मांझे को तोड़ना चाहा, जिससे उनपकी एक अंगुली भी कट गई। आनन-फानन वह अपने नजदीकी डाक्टर के पास गए और प्राथमिक उपचार लिया। तब से वह छुट्टी पर हैं। योगेश का आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है। उन्होंने मांग की है कि चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इससे पहले बाहरी दिल्ली के मौर्या एन्क्लेव इलाके में गत सोमवार को चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के कारण एक कारोबारी की मौत हो गई थी। जाफराबाद में चाइनीज मांझा बेचने पर मुकदमा दर्ज जाफराबाद थाना पुलिस ने एक दुकान से चाइनीज मांझा बरामद होने पर दुकानदार शोएब के खिलाफ सरकारी आदेश का उल्लंघन करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जाफराबाद की गली नंबर-19 में शोएब नाम का व्यक्ति प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री कर रहा है। इस पर पुलिस ने छापेमारी की तो उसके यहां से चाइनीज मांझे की बड़ी रील बरामद हुई।

## मेट्रो ग्राहकों से सुविधा संबंधी फीडबैक लेगा

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की सुविधाओं, सेवाओं को लेकर यात्री क्या सोचते हैं, उसे जानने के लिए डीएमआरसी आठवां ग्राहक संतुष्टि सर्वे 2022 कराने जा रही है। यह सर्वे एक अगस्त से शुरू हो रहा है। अगर आप मेट्रो में सफर करते हैं, आपको किसी सेवा से परेशानी है तो यात्री उस समस्या के साथ उसे दूर करने के सुझाव भी दे सकते हैं। दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट दिल्ली मेट्रो रेल डॉट कॉम पर ऑनलाइन जाकर सर्वे में शामिल होने का लिंक मिलेगा। सर्वे फॉर्म हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगा। मेट्रो के मुताबिक, यह सर्वे एक अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान यात्री को सात अलग-अलग विषयों जैसे मेट्रो की उपलब्धता, स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाएं, सेवाओं की गुणवत्ता, मेट्रो परिसर का बाहरी क्षेत्र, सुरक्षा, जानकारी और ग्राहक सेवा पर अपना फीडबैक देने के साथ सुझाव भी दे सकते हैं।

# यूनिटेक के संस्थापक रमेश चंद्रा को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली मेडिकल जमानत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली हाईकोर्ट ने यूनिटेक के संस्थापक रमेश चंद्रा को 8 हफ्तों के लिए मेडिकल जमानत दी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने चंद्रा को खराब स्वास्थ्य के चलते मेडिकल जमानत मंजूर की है। इसके लिए रमेश चंद्रा को मुचलके के रूप में 25 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का निर्देश कोर्ट ने दिया। वहीं ईडी ने एतराज जताते हुए कहा कि अगर उसे मेडिकल जमानत पर रिहा किया जाता है तो वह जांच में हस्ताक्षेप करेगा। समाचार एजेंसी के मुताबिक 28 जुलाई को अपने में आदेश में कोर्ट ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में यह स्पष्ट था कि चंद्रा कि स्थिति काफी चिंता जनक है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ रमेश चंद्रा भूलने और न पहचान पाने की बीमारी से ग्रसित हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में चंद्रा को कॉर्डियोलॉजिस्ट के साथ-साथ न्यूरोलॉजिस्ट की देखरेख में रहने की आवश्यकता है।

मोबाइल फोन इस्तेमाल करने पर रोक अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में याचिकाकर्ता को आठ सप्ताह के लिए मेडिकल जमानत मिलनी चाहिए। अदालत ने चंद्रा की रिहाई का निर्देश देते हुए कहा कि वह किसी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें और अस्पताल जाने के अलावा अपने घर में ही रहें। चंद्रा के अधिवक्ता विशाल गोसाईं ने कहा कि वह 85 वर्ष के हैं। उन्हें भूलने, तंत्रिका संबंधी और हृदय संबंधी बीमारियां हैं। उन्हें तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता थी। उन्हें मेडिकल की जरूरत थी और हिरासत में रहते हुए ये सब मुमकिन नहीं था। वकील ने बताया कि अदालत ने चंद्रा को अभियोजन पक्ष के किसी गवाह, पीड़ित परिवार के किसी भी सदस्य के साथ बातचीत नहीं करने, या मामले के सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि अस्पताल से आने-जाने के लिए वह जाने से पहले और वापस लौटने के बाद संबंधित जांच अधिकारी को सूचित करेगा। वहीं ईडी ने रिहाई पर एतराज जताते हुए अदालत को बताया कि जेल में आरोपी को सभी आवश्यक दवाएं और चिकित्सा सहायता मुहैया कराई जा रही हैं। अगर उसे मेडिकल जमानत पर रिहा किया जाता है तो वह जांच में हस्तक्षेप करेगा।

# तमिलनाडु कैडर के आईपीएस संजय अरोड़ा बने नए दिल्ली पुलिस आयुक्त

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गुजरात कैडर के 1984 बैच के आइपीएस राकेश अस्थाना को दूसरी बार सेवा विस्तार नहीं मिल पाया। पिछले साल जुलाई में जब अस्थाना को दिल्ली पुलिस का आयुक्त बनाया गया था तभी से यह चर्चा भी शुरू हो गई थी कि केंद्र सरकार के बेहद करीबी माने जाने वाले अस्थाना को दोबारा भी सेवा विस्तार दिया जाएगा। यूटी कैडर के आइपीएस समेत पूरे महकमा में इसको लेकर अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने 1988 बैच के आइपीएस संजय अरोड़ा को रविवार को अचानक दिल्ली पुलिस का नया मुखिया बना दिया। इसको लेकर यूटी कैडर के आइपीएस एक बार फिर हैरान रह गए। यह तीसरी बार है जब गैर यूटी कैडर के आइपीएस को दिल्ली पुलिस का मुखिया बनाया गया है। सबसे पहले यूपी कैडर के अजय राज शर्मा को दिल्ली पुलिस का आयुक्त बनाया गया था। दूसरी बार पिछले साल जुलाई में गुजरात कैडर के राकेश अस्थाना को दिल्ली पुलिस का मुखिया बनाया गया। उनका कार्यकाल खत्म होने के बाद अब तमिलनाडु कैडर के संजय अरोड़ा को नया आयुक्त बनाया गया। संजय अरोड़ा वर्तमान में आइटीबीपी में महानिदेशक थे। भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी संजय अरोड़ा ने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर (राजस्थान) से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। आईपीएस में शामिल होने के बाद उन्होंने तमिलनाडु पुलिस में विभिन्न पदों पर कार्य किया। वह स्पेशल टास्क फोर्स के पुलिस अधीक्षक (एसपी) थे, जहां उन्होंने वीरप्पनगिरोह के खिलाफ महत्वपूर्ण सफलता हासिल की, जिसके लिए उन्हें वीरता और वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री के वीरता पदक से सम्मानित किया गया। 1991 में अरोड़ा, एनएसजी द्वारा प्रशिक्षित होने के बाद लिट्टे गतिविधि के सुनहरे दिनों के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तमिलनाडू के विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक के रूप में भी कार्य किया। उन्हें 1997 से 2002 तक कमांडेंट के रूप में प्रतिनियुक्ति पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में सेवा देने को कहा गया। उन्होंने 1997 से 2000 तक उत्तराखंड के मतली में आइटीबीपी बटालियन की एक सीमा सुरक्षा की कमान संभाली थी। प्रशिक्षक के रूप में उन्होंने प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, 2000 से 2002 तक आइटीबीपी अकादमी, मसूरी में कमांडेंट (लड़ाकू विंग) के रूप में सेवा दिया। 2002 से 2004 तक पुलिस आयुक्त, कोयंबटूर रहे। उन्होंने पुलिस उप महानिरीक्षक, विल्लुपुरम रेंज और सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी उप निदेशक के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने चेन्नई सिटी पुलिस का नेतृत्व, अतिरिक्त आयुक्त अपराध और मुख्यालय और अतिरिक्त आयुक्त यातायात के रूप में काम किया। पदोन्नति देकर उन्हें तमिलनाडु पुलिस में एडीजीपी और एडीजीपी के रूप में नियुक्त किया गया।

## नैतिक शिक्षण शिविरों का सामुहिक समापन समारोह

नई दिल्ली। इन्द्रप्रस्थ एस्टेट स्तिथ आजाद भवन रविवार को नैतिक शिक्षा समिति द्वारा नैतिक शिक्षण शिविरों का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने विशिष्ट बच्चों को स्वर्ण व रजत पदक देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को संस्कारवान होना अति आवश्यक है। उन्होंने नैतिक शिक्षा समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जैन समाज की तरह अन्य समाजों को भी ऐसे शिविरों के माध्यम से नैतिक शिक्षा देनी चाहिए। नैतिक संस्कार भारत को विश्वगुरु बनने में सहायक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति जिनराज जैन ने की। प्रारम्भ में विशिष्ट अतिथियों जीवेन्द्र जैन, अध्यक्ष, तीर्थक्षेत्र कमेटी, हस्तिनापुर ने ध्वजारोहण व भगवान महावीर के चित्र का अनावरण किया व नवीन जैन, अध्यक्ष, बाहुबली एन्क्लेव व विपिन जैन, अध्यक्ष, अहिंसा धाम अस्पताल ने दीप प्रज्जवलित किया। समिति के अध्यक्ष धनपाल सिंह जैन ने बताया कि नैतिक शिक्षा समिति द्वारा दिल्ली व एन.सी.आर.मे ग्रीष्मकालीन 65 शिविरों में लगभग 10000 बच्चों को धार्मिक शिक्षा व नैतिक शिक्षा के साथ बुजुर्गों का सम्मान, जल व बिजली संरक्षण, वृक्षारोपण आदि के महत्व की जानकारी दी गई।

# निगम की सड़क पर अवैध पार्किंग कराकर हो रही वसूली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बहादुरशाह जफर मार्ग से पुराने पुलिस मुख्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर वर्षो से अवैध पार्किंग कराकर वसूली की जा रही है। इस सड़क पर अवैध पार्किंग के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को प्रतिदिन व्यस्ततम समय में जाम का सामना करना पड़ता है। यह सड़क पहले से ही काफी संकरी है। पार्किंग के कारण जगह हो रही कम वाहनों को पार्क कराने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों के लिए रास्ता काफी कम हो जाता है। इससे सुबह नौ से 11 बजे तक और शाम को पांच से सात बजे तक लोग जाम से जूझते हैं। इसको लेकर लोगों ने यातायात पुलिस, नगर निगम और मध्य जिले के यातायात पुलिस उपायुक्त के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी ट्वीट कर लोगों ने शिकायत की है। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यहां पर दो लोग सुबह से शाम तक रहकर अवैध पार्किंग कराकर रुपये वसूलते हैं। बाइक से 20 रुपये और कार से 50 रुपये की वसूली की जाती है। यहां वसूली कई वर्ष से चल रही है। इसकी शिकायत कई बार की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि बहादुरशाह जफर मार्ग पर पासपोर्ट कार्यालय सहित कई कंपनियों के दफ्तर हैं। इनमें काम करने के लिए आने वाले लोगों के वाहनों को सड़क पर पार्क कराया जाता है। सिर्फ गली के अंदर की सड़क पर ही नहीं, बल्कि बहादुरशाह जफर मार्ग पर स्थित पैट्रियट हाउस के पास और प्यारेलाल भवन के गेट के बाहर भी अवैध रूप से वाहन पार्क कराए जाते हैं और वसूली की जाती है। इसको लेकर जब मध्य जोन के उपायुक्त दानिश अशरफ का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो न उनका फोन उठा और न मैसेज का जवाब आया। गली में लगने वाले जाम की समस्या को लेकर क्षेत्रीय यातायात निरीक्षक नरपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर निगम की सड़क या गली के अंदर जाम लगने से रोकना यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। यातायात पुलिस की जिम्मेदारी सिर्फ मुख्य मार्गो के यातायात को चलाने की होती है और उन पर जाम लगने से रोकने की होती है। जब इस सड़क पर प्रतिदिन जाम लगने के मामले को लेकर मध्य जिले के यातायात पुलिस उपायुक्त चंद्र विजय सिंह से बात की गई तो उनका भी यही कहना था।

# राजधानी किरण



## संक्षिप्त खबरें

### चोरी, झपटमारी, शराब तस्करी में संलिप्त आठ आरोपितों को अभियान चलाकर दबोचा

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले में अभियान चलाकर थाना जैतपुर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, अमर कालोनी, पुल प्रह्लादपुर और कालकाजी के पुलिसकर्मियों ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान जैतपुर निवासी नितिन चौहान, फरीदाबाद निवासी हिमांशु, एनएफसी निवासी रोहित, ईस्ट आफ कैलाश निवासी सोनू उर्फ मुल्ला, राजस्थान के जयपुर निवासी रोहित सहसी, जैतपुर निवासी आरिफ खान, संगम विहार निवासी आशु और सचिन के रूप में हुई है। चोरी की 10 मोबाइल बरामद आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के 10 मोबाइल फोन, चोरी की दो मोटरसाइकिलें, शराब के 700 पव्वे, एक तमंचा, दो कारतूस, एक बटनदार चाकू, एक लोहे की रॉड बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी से छह अन्य मामलों के सुलझाए जाने का दावा भी किया है। हाक आई अभियान के तहत मिली सफलता दक्षिण पूर्वी जिले की पुलिस उपायुक्त ईशा पांडेय ने बताया कि जिले के कई थानों ने हाक आई अभियान के तहत कड़ी मेहनत कर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जैतपुर में जहां पुलिस की एक टीम ने पेट्रोलिंग करते हुए शनिवार को मीठापुर चौक से आ रहे दो संदिग्ध बाइक सवारों नितिन व हिमांशु को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद कर लिए। इसके साथ ही मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले लिया। वहीं, गश्त के दौरान पुलिस की दूसरी टीम ने जैतपुर के अर्पण विहार पुलिया के पास एक आरोपित आरिफ खान को चोरी के चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### शराब नीति को वापस लेना जनता की जीत : जितेंद्र महाजन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने दिल्ली की जनता की नाराजगी और जांच के डर से अपनी नई शराब नीति वापस ले ली है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति के तहत जिसमें बड़ी संख्या में गली मोहल्लों में शराब के ठेके खोले जा रहे थे तथा इस आबकारी नीति में शुरू से ही भ्रष्टाचार की बू आ रही थी स्थानीय जनता द्वारा इस शराब नीति का जबरदस्त विरोध पूरी दिल्ली में किया जा रहा था। तथा शराब नीति में किए गए भ्रष्टाचार की जांच कई सामाजिक तथा राजनीतिक संगठनों द्वारा की जा रही थी। इन सभी कारणों से दिल्ली सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति को वापस लिया तथा पुनः शराब वितरण का काम दिल्ली सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है। आज रोहताश नगर के विधायक जितेंद्र महाजन ने कहा कि नई शराब नीति का वापस होना दिल्ली तथा रोहतास नगर की जनता की जीत है जिसके संघर्ष के परिणाम स्वरूप केजरीवाल सरकार को दिल्ली की जनता के सामने झुकना पड़ा। जितेंद्र महाजन ने कहा जैसे जैसे सीबीआई की जांच आगे बढ़ेगी वैसे वैसे परत दर परत दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार की पोल भी खुलती जाएगी यह पहले सरकार है। इसकी नीतियां दिल्ली को दिल्ली की जनता को नुकसान पहुँचाने वाली है। जितेंद्र महाजन ने कहा कि रोहताश नगर की जनता पहले दिन से इस नीति के खिलाफ थी और यह सीबीआई जांच का आदेश आना और दिल्ली सरकार का अपनी नई शराब नीति को वापस लेना यह जनता की और विशेषकर हमारी माताओं बहनों के संघर्ष की जीत है।

# दिल्ली में नई शराब नीति का खात्मा कांग्रेस कार्यकर्ताओं कि जीत : चौ. अनिल

**व्यापार और लाइसेंस शुल्क में अत्यधिक वृद्धि करने के लिए एमसीडी फैसलों को वापस लेने की मांग की**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- नई शराब नीति को खत्म करवाने व पुरानी आबकारी नीति पर केजरीवाल सरकार को मजबूर करने के लिए महिलाओं ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का अभिनंदन किया
- हाउस टैक्स को दोगुना करने और व्यापार और लाइसेंस शुल्क में अत्यधिक वृद्धि करने के लिए एमसीडी फैसलों को वापस लेने की मांग की -चौ अनिल कुमार

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि एमसीडी के मौजूदा राशि को दोगुना करने के लिए हाउस टैक्स तथा व्यापार व लाइसेंस टैक्स 500 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने के कदम से लोगों पर असहनीय बोझ पड़ेगा क्योंकि जनता मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी और कोविड -19 महामारी की तबाही के बाद के प्रभावों से जूझ रहे हैं। उन्होंने एमसीडी द्वारा इन कर वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली के तीन नगर निगमों का विलय किया गया और एमसीडी चुनाव टाल दिए गए, तो केंद्र की भाजपा सरकार और भाजपा नेताओं ने यह धारणा फैला दी थी कि केंद्र एमसीडी में वित्तीय संकट को दूर करने के लिए धन का उपयोग करेगा, इसके बजाय यह लोगों और व्यापारियों पर अतिरिक्त कर का बोझ डाल दिया है।

चौ. अनिल कुमार ने दिल्ली के प्रभारी श्री शक्ति सिंह गोहिल, संगठन विभाग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज और पूर्व विधायक श्री विजय सिंह लोचब, उपाध्यक्ष अली मेहंदी, डा नरेश कुमार के साथ रोहिणी, करावल नगर, चांदनी चौक, आदर्श नगर द्वारा आयोजित सभाओं को संबोधित किया. और तिलक नगर जिला कांग्रेस समितियों ने भारत की आजादी के 75वें वर्ष (आजादी गौरव यात्रा) के कार्यक्रमों की योजना बनाई, जो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के संघर्षों और बलिदानों के कारण हासिल हुई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भी शामिल हुए। 5 अगस्त को महंगाई के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने से पहले सभी जिलों में इस तरह की बैठकें होंगी और आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर 9 से 15 अगस्त तक पदयात्राएं होंगी।

चौ अनिल कुमार तथा कांग्रेस पार्टी के लगातार आंदोलन की वजह से नई शराब नीति को खत्म करवाने व पुरानी आबकारी नीति पर केजरीवाल सरकार को मजबूर करने के लिए महिलाओं ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का अभिनंदन किया तथा उनकी कलाई पर माताओं व बहनो ने रखियाँ बांधी। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पुरानी आबकारी नीति पर वापस जाने का अरविंद केजरीवाल सरकार का निर्णय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और दिल्ली के लोगों के लिए एक जीत थी क्योंकि नई शराब नीति के खिलाफ उनके निरंतर विरोध और प्रदर्शन तथा कांग्रेस पार्टी की सबूतों के साथ लिखित शिकायतों के परिणाम थे जब उपराज्यपाल ने इसके जांच के आदेश दिया जिसमें आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया के इशारे पर शराब के सौदे में भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन किया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ अब खुद को भ्रष्टाचार के लिए संकट में पाते हैं।

## बाल कलाकारों से छह घंटे से ज्यादा काम नहीं ले पाएंगे

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बाल कलाकारों से संबंधित प्रस्तावित दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का आश्वासन दिया है। इसके तहत बाल कलाकारों से छह घंटे से ज्यादा समय तक काम नहीं लिया जा सकेगा। उन्होंने कहा, मनोरंजन उद्योग में बाल कलाकारों से संबंधित दिशानिर्देशों का मसौदा अधिसूचित होने के बाद उल्लंघन के मामले सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानूनगो ने इस बयान के जरिये मसौदे की प्रभावशीलता को लेकर हितधारकों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया है। मसौदे में कहा गया है, किसी भी बच्चे को लगातार 27 दिन से अधिक काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही बच्चे की आय का 20 फीसदी हिस्सा बैंक में सावधि जमा खाते में जमा कराना होगा। तनाव से बचाना उद्देश्य : इसका उद्देश्य फिल्मों, टीवी, रियलिटी शो, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म में काम करने वाले बच्चों को शारीरिक व मनोवैज्ञानिक तनाव से बचाना है। साथ ही उनके लिए स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। कांबले ने समर्थन किया : फिल्म निमार्ता विनोद कांबले ने प्रस्तावित दिशानिर्देशों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, मैंने यह सुनिश्चित किया है कि फिल्म के निर्माण के दौरान बाल कलाकारों की शिक्षा किसी भी तरह से प्रभावित न हो।

# सट्टा खेलने की लत में ठगी कर रहा दिल्ली पुलिस का बर्खास्त सिपाही



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आनलाइन सट्टा खेलने की लत में दिल्ली पुलिस के पूर्व सिपाही ने अपना भविष्य बर्बाद कर लिया। आनलाइन सट्टे में पैसा हारने के बाद वह ठगी करने लगा। नौकरी से निकाले जाने के बाद वह किसी भी साइबर कैफे में ट्रैफिक पुलिस कर्मी की वर्दी पहन जाता और अपनी कोई मजबूरी बता साइबर कैफे संचालक से आनलाइन पैसे लेता, बदले में नकदी देने की बात कर ठगी करता था। आरोपित रोहित दलाल पर पांच ठगी के मामले दर्ज हैं।

वह हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ का रहने वाला है। उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी के मुताबिक, मजनू का टीला के रहने वाले राहुल ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया एक शख्स ट्रैफिक पुलिस की वर्दी पहने उनके साइबर कैफे में आया। उसने कोई मजबूरी बताकर 16 हजार रुपये एप पर ट्रांसफर करवा लिए, जबकि वह बिना नकदी दिए चला गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और बैंक डिटेल से जुड़ी जानकारी जुटाने के बाद आरोपित की पहचान रोहित दलाल के तौर पर हुई।

जांच में पता चला वह पिछले साल ही दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद से बर्खास्त हुआ था। पुलिस ने उसे 29 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने बताया वह 2016 में दिल्ली पुलिस में शामिल हुआ था। बतौर सिपाही उसकी तैनाती बटालियन में थी। वह आनलाइन पर सट्टा लगाने लगा। पूरी सैलरी और जमा पूंजी सट्टे में उड़ा दी।

नुकसान होने पर रिश्तेदारों और सहयोगियों से कर्ज लिया, जिसे वह लौटा नहीं सका। इसलिए उसने ठगी शुरू कर दी। दूसरों पर रौब जमाने के लिए वह ट्रैफिक पुलिस की वर्दी पहन लेता था। उसके खिलाफ अशोक विहार, आदर्श नगर, बाबा हरिदास नगर और जहांगीरपुरी में मामले दर्ज हैं।

# दिल्ली में 40 लाख रुपये की सुपारी लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



बाहरी-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर स्थित गोदाम से 40 लाख रुपये मूल्य की सुपारी और 1.40 लाख की नकदी लूटने के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों में जयवीर उर्फ राजू उर्फ कालू और सुनील उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के सांवरियां गांव के रहने वाले हैं, जबकि कृष्ण कुमार अशोक विहार दिल्ली का रहने वाला है। बच्चे को लेकर फरार होने का आरोप लगाते हुए एक मां ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। पुलिस ने इनसे तमंचा, तीन कारतूस और गोदाम कर्मचारियों से लूटे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस को इनके बाकी साथियों की तलाश है, जो लूटी गई सुपारी और नकदी के साथ फरार हैं। जयवीर को पहले भी लूट के प्रयास के एक मामले में सात साल की सजा हो चुकी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 16 जुलाई की रात अलीपुर स्थित गोदाम में आधा दर्जन हथियारबंद बदमाश घुस गए थे। इन लोगों ने वहां मौजूद कर्मचारियों को कमरे में बंद कर सभी के मोबाइल लूट लिए थे। बाद में गोदाम से सुपारी भरी 130 बोरियां (हर बोरी में 70 किलो सुपारी) और 1.40 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे। मामले में अलीपुर थाने एफआइआर दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि लोकल पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम ने भी मामले की छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों की पहचान की। शुक्रवार को पहले जयवीर को दबोचा गया। इसके बाद सुनील और कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तीनों ने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। जयवीर ने बताया कि वह अलीपुर इलाके में ई-रिक्शा चलाता है। वह पहले भी वर्ष 2016 में लूट के प्रयास में गिरफ्तार हुआ था। उस मामले में उसे सात साल की सजा हुई थी। कुछ दिनों पूर्व ही वह जेल से छूटा था। सुनील भी ई-रिक्शा चालक है। तीनों ने लूटपाट की साजिश रची। इसके लिए इन्होंने कुछ अन्य बदमाशों को भी अपने साथ जोड़ा था। पुलिस इनसे पूछताछ कर मामले में शामिल अन्य बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## मनीष सिसोदिया को दे देना चाहिए त्यागपत्र : हाजी जरीफ

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जिनके पास आबकारी तथा शिक्षा विभाग भी है और दोनों विभागों में अनियमिताओं की जांच के आदेश दिए गए हैं। एक में उप राज्यपाल द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है तो दुसरे में लोकायुक्त अदालत द्वारा मुख्य सचिव को जांच करने के लिए कहा गया है इतना कुछ होने के बाद मनीष सिसोदिया को नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र दे देना चाहिए। यह कहना है कर्दम पुरी ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष हाजी जरीफ का। हाजी जरीफ कहते हैं उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एक-एक के बाद एक मामले में घिरते जा रहे हैं। उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली सरकार की आबकारी नीति की सीबीआई जांच के लिए सिफारिश करने के बाद लोकायुक्त अदालत द्वारा स्कूलों में बनाये गए कमरों की जांच के आदेश के बाद स्पष्ठ हो गया है कहीं ना कहीं भारी अनियमिताएं बरती गई है। जहां तक स्कूलों में कमरे बनवाने का मामला है इसमें घोर अनियमिताए बरती गई हैं अब लोकायुक्त अदालत ने भी इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं।

# करोड़ों पेड़ों को कटने से बचा रही मोक्षदा शवदाह प्रणाली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अंतिम संस्कार में बड़ी मात्रा में लकड़ी का उपयोग होता है, जो पेड़ों के कटने की एक वजह भी है। एक दाह संस्कार में 400 से 500 किलो लकड़ी का उपयोग किसी-किसी के लिए आर्थिक बोझ भी होता है, जबकि मोक्षदा-हरित शवदाह प्रणाली से यह महज 100 से 170 किलो की लकड़ी में हो जा रहा है। दिल्ली समेत देश के सात राज्यों के कुछ शवदाह गृहों में इसका इस्तेमाल हो रहा है। कुल 50 से अधिक चिताओं से प्रतिवर्ष 25 हजार से अधिक दाह संस्कार हो रहे हैं। इस तरह इससे प्रतिवर्ष करीब दो लाख पेड़ों को बचाया जा रहा है। अगर इस आधुनिक चिता का उपयोग देश के सभी शवदाह गृहों में हो, तो प्रतिवर्ष करोड़ों पेड़ मनुष्यों की अंतिम संस्कार में जलने से बचने लगेंगे। एक अनुमान के मुताबिक देश में हर वर्ष करीब छह-सात करोड़ वृक्ष सिर्फ अंतिम संस्कार में प्रयुक्त होते हैं। मोक्षदा-हरित शवदाह प्रणाली अष्ट धातु से बनी विशेष चिता है, जो धातु के फ्रेम में जमीन से ऊपर है, जिसमें आसानी से हवा जा सकती है, जो लकड़ी से निकलने वाली पूरी तपिश को शवदाह करने में सहायक बनाती है। चिता जब जलती है, तो उसमें 1000 डिग्री का तापमान होता है। परंपरागत जमीन की चिता में हवा का प्रवेश आसानी से नहीं होता, इस कारण इसमें ज्यादा लकड़ी का उपयोग होता है, जबकि इस तकनीक में पूरे तापमान का उपयोग होता है। यह कुछ वैसा ही है जैसे एक भट्ठी में नीचे पंखा लगाकर आग को तेज किया जाता है। इससे शवदाह में लकड़ी का खर्च घटकर आधा ही रह जाता है। इस चिता फ्रेम के नीचे एक अष्ट धातु की ट्रे भी लगी भी होती है, जिसमें चिता की राख और फूल एकत्रित हो जाते हैं। करीब ढाई घंटे के बाद इस ट्रे को बनाए गए स्थान पर रख दिया जाता है, जिसमें अगले दिन लोग फूल चुनने की विधि को पूरा कर सकते हैं। ट्रे को हटाने के बाद चिता फ्रेम को 20 मिनट में पानी से ठंडा करके फिर से अंतिम संस्कार के लिए उपयोग किया जा सकता है। मोक्षदा समिति की स्थापना विनोद अग्रवाल ने करीब 30 साल पहले की थी। हरिद्वार में खड़खड़ी में उन्होंने देखा था कि गरीब लोग पैसों के अभाव में कम लकड़ियों से अंतिम संस्कार करके अधजली चिताओं को गंगा में बहा दे रहे थे। फिर यही गंगा प्रवाह हरकी पौड़ी पर पहुंचता था, इसके बाद इस विषय पर गहन च्चतन के बाद भारत सरकार के सहयोग से मोक्षदा हरित शवदाह प्रणाली की शुरूआत की गई। समिति के कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग बताते हैं कि हरिद्वार में शुरू होने के बाद अब इस प्रणाली से देश के सात राज्यों में 54 यूनिट संचालित हो रही हैं। धार्मिक मान्यताओं में नहीं किया कोई बदलावअंशुल गर्ग ने बताया कि परंपरागत और मोक्षदा में कोई विशेष अंतर नहीं है। अंतर बस इतना है कि वह जमीन पर होती है, जबकि मोक्षदा फ्रेम पर है। दोनों में धार्मिक व्यवस्था व मान्यता एक जैसी है। लोग धीरे-धीरे लोग इसे स्वीकार कर रहे हैं। फूल चुनने व कपाल क्रिया जैसी धार्मिक प्रथाएं इसमें भी पूरी की जाती है।

## पवन खेड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

नई दिल्ली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा का 53 वे जन्मदिन पर उनके कार्यालय में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। उनके आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों और दिल्ली विधानसभा के पूर्व सदस्यों का तांता लगा रहा। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, नदीम जावेद, रमा कांत गोस्वामी, अमरीश गौतम, मुकेश तिवारी, चौधरी योगेश, अमित रॉय, तारिक सिद्दीकी अनिल मित्रर किरणवती टोंक, पार्षदों, जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों व पार्टी कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी। इनके अलावा परवेज खान, सैयद नासिर जावेद, अब्दुल रज्जाक, नसीम अख्तर अंसारी, हाजी नजीर अंसारी और सलीम अंसारी सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली एनसीआर के लिए आक्सीजन की फैक्ट्री है अरावली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



अरावली की हरियाली को दिल्ली एनसीआर के लिए आक्सीजन की फैक्ट्री माना जाता रहा है। पर्यावरणविद् तो विज्ञानी आधार पर यह भी कहते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में इस क्षेत्र के लिए अरावली संजीवनी बूटी से कम नहीं है। इतना ही नहीं 1990 से 1997 के बीच अरावली में यूरोपियन यूनियन के सहयोग से मेगा प्लांटेशन हुआ, यह तथ्य भी इस बात का परिणाम है कि इस क्षेत्र की हरियाली को मानव के लिए अहम माना गया। इस सबके बावजूद अरावली की पहाड़ियों में हुए बेतरतीब खनन तब तक नहीं रुका जब तक देश की शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी के साथ आदेश नहीं दिया। पर्यावरणविद् चेतन अग्रवाल कहते हैं कि अरावली के लिए शासन-प्रशासन की असंवेदनशीलता से उन्हें बहुत दुख पहुंचता है। कई बार गलत तथ्यों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जब सरकार का पक्ष रखा जाता है तो लगता है कि अब अरावली के लिए जनांदोलन होना चाहिए। इसका कारण यह है कि अवैध खनन के अलावा इसे उजाड़ने को अवैध खनन और अवैध निर्माण भी हो रहे हैं। पहले ही अवैध खनन से बने गड्ढों में बरसाती पानी एकत्र हो जाता है। इससे मैदानी क्षेत्र का भूजल रिचार्ज नहीं होता। 35 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के 80 फीसद क्षेत्र में बढ़ी हरियाली पर्यावरणविद् बताते हैं कि 35 देशों की यूरोपियन यूनियन ने अरावली के 35 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण कराया। इससे इसके 80 फीसद क्षेत्र में हरियाली बढ़ी। इसका फायदा यह हुआ कि राजस्थान के रेगिस्तान से आने वाली धूल भरी आंधियों के घुमेरी से दिल्ली एनसीआर को छुटकारा मिल गया। 1990 से पहले दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद तक धूल भरी आंधियों की धुमेरी देखने को मिलती थी। अरावली में हरियाली बढ़ी तो इसमें वन्य जीव भी बढ़ने लगे। 2017 में अरावली में 31 तेंदुए थे तो अब इनकी संख्या 50 से ऊपर बताई जा रही है। चेतन अग्रवाल का कहना है कि सिर्फ इतना ही नहीं अरावली को दिल्ली एनसीआर के लिए संजीवनी बूटी कहने के और भी कई कारण हैं अरावली को संजीवनी बूटी कहने के आधार अरावली की हरियाली से बरसात ज्यादा होना। बरसाती पानी पहाड़ से गुजरता हुआ जब नीचे पहुंचता है तो इसके मिनरल और बढ़ जाती है।

# कमेटी प्रतिनिधिमंडल का बोकारो में गर्मजोशी से किया गया स्वागत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने निर्णय लिया है कि वह 1984 में बोकारो में मारे गए 100 से ज्यादा सिखों के केसों की पैरवी करेगी तथा मारे गए सिखों के परिवारों को इंसाफ दिलाया जाएगा। दिल्ली कमेटी के महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों की अध्यक्षता में दिल्ली कमेटी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आज झारखंड के बोकारो शहर पहुंचा जहां उन्होंने मारे गए सिखों के परिवारों से मुलाकात की और उनसे दस्तावेज प्राप्त किए ताकि अदालत में मुकद्दमे लड़े जा सकें। इस प्रतिनिधिमंडल का बोकारो में सिखों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा बोकारो के गुरुद्वारा साहिब में सम्मानित भी किया गया। स. काहलों ने कहा कि 1984 के सिख नरसंहार में 100 से अधिक सिख बोकारो शहर में मारे गए थे। कई मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गइ उनमें कार्रवाही रोक दी गई जिसके चलते 100 सिखों की हत्या के आरोप में एक भी आरोपी जेल नहीं गया। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि अब हम इन मारे गए सिखों की पैरवी स्वयं करेंगे और इसके लिए दिल्ली कमेटी के वकील यह केस लड़ेंगे, कमेटी का लीगल सेल सभी केसों पर स्वयं नजर रखेगा।

**तीज** | महिलाएं बोली सौंदर्य और प्रेम का उत्सव है तीज सावन के झूलों पर आधारित और लोक गीतों से खूब मनोरंजन किया

# हरियाली तीज उत्सव में दिखी पुरातन संस्कृति की झलक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता







दिल्ली-एनसीआर में सुहागिनी महिलाओं ने रविवार को हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया। सावन के झूलों पर आधारित और लोक गीतों से खूब मनोरंजन किया। राजधानी दिल्ली के द्वारका समेत कई कालोनी, दिलशाद गार्डन गणेशपुरी, सीमापुरी बार्डर के पास की कालोनियों में महिलाएं कई दिन से तीज महोत्सव को लेकर तैयारी कर रही थी।

**एनसीआर में भी महिलाओं में दिखा उत्साह**

गुरुग्राम, नोएडा, सोनीपत, गौतमबुद्ध नगर में भी महिलाओं में तीज महोत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने शिव व माता पार्वति को समर्पित गीतों के साथ नृत्य भी किया। वहीं, गाजियाबाद शहर में हरियाली तीज महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।

महिलाओं ने आकर्षक पोशाक में सुसज्जित होकर तंबोला , डांस, और सावन के गीतों पर नृत्य किया। इसके साथ ही क्वीन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष मनीषा भार्गव ने कहा कि हरियाली तीज का उत्सव सौंदर्य और प्रेम के उत्सव के साथ एक धर्म का उत्सव है। इसमें सभी सुहागिनी महिलाओं का एक मंच आने का अवसर मिला है।

हम सभी के लिए यह एक गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पुरातन रीति रिवाज लगभग विलुप्त होते जा रहे हैं। उनमें तीज महोत्सव काफी मायने रखता है।

इससे महिलाएं अपनी पौराणिक संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त कर रही हैं। इस मौके पर किशोरी, सिम्मी, भावना, रिददी, गुंजन, ज्योति, अनिता अग्रवाल, पूनम, तानी, ममता रावल, सुनीता, मनीषा, नीतू शर्मा, उजाला, अनिता खन्ना, मधु, आशा, नेहा, रचना, नीता ढाल, कनिका, ममता, मीनाषी, नीलम, सोनिया, भाटिया आदि मौजूद रही।

वहीं, अग्रवाल महिला सभा, इंदिरापुरम द्वारा हरियाली तीज का कार्यक्रम बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम हैबिटेट सेंटर के द मोनार्क बैंक्वेट में आयोजित किया गया जिसमे लगभग 80 - 85 महिलाओं ने शिरकत की, कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गई, विभिन्न तरह के रोचक खेलों में सभी ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, रैंप वॉक ,ड्रेस कोड एवं प्रशोत्तर के आधार पर शिवानी को तीज क्वीन का खिताब दिया गया।

महिलाओं का पसंदीदा खेल तंबोला भी खेला गया, कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका किरण गुप्ता ने सभी महिलाओं का स्वागत अभिनंदन किया एवं धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर रेणु अग्रवाल, शाल्वी गुप्ता, स्वाति, अनुपमा, संध्या,श्वेता, रश्मि मौजूद रहीं।

# वायु प्रदूषण को रोकने के लिए लागू होगा ग्रैप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर को रोकने के लिए सर्दियों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान फिर से प्रभावी रूप से लागू होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष एमएम कुट्टी, मुख्य सचिव, पर्यावरण सचिव, एनडीएमसी के अध्यक्ष सहित के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर दिल्ली में वायू प्रदूषण स्तर की समीक्षा की। इस दौरान प्रदूषण को लेकर प्रभावी दीर्घकालिक समाधान पर चर्चा की गई। एलजी ने इस मौके पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की सराहना की। उन्होंने सभी कार्यान्वयन एजेंसियों और डीपीसीसी, परिवहन, पीडब्ल्यूडी और नागरिक निकायों जैसे विभागों को वायु प्रदूषण से निपटने के सभी उपायों को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने सड़क धूल प्रबंधन के लिए एंटी स्माग गन स्थापित करने का आदेश दिया। साथ ही निर्माण स्थलों पर पानी के छिड़काव करने को कहा। विभिन्न सड़क स्वामित्व एजेंसियों द्वारा सड़कों, फुटपाथों, फुटपाथों की मरम्मत, कवरिंग का काम तुरंत खत्म करने का आदेश दिया। सड़कों की सफाई के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों को तैनात करने का कहा। एलजी ने ई वाहनों को प्रोत्साहित करने का आदेश दिया। साथ ही पैदल रास्तों और फुटपाथों पर आने वाली बाधा को खत्म करने का निर्देश दिया। सड़क धूल प्रबंधन के लिए एंटी स्माग गन स्थापित किए जाने के अलावा ऊंची इमारतों से पानी के छिड़काव पर विचार किया जाए। विभिन्न सड़क स्वामित्व एजेंसियों द्वारा सड़कों, फुटपाथों की मरम्मत आदि को तुरंत शुरू करने और एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में एलजी ने अधिकारियों को सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) पर इंटर लाकिंग ब्लाक बिछाने की प्रचलित प्रथा को त्यागने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को इस तरह बनाया जाए जिससे जमीन में अधिक से अधिक पानी जा सके। उन्होंने अधिक मिट्टी धारण करने वाली घास और झाड़ीदार किस्मों के उपयोग करने के निर्देश दिए। मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों को तैनात करके एमसीडी द्वारा विभिन्न एजेंसियों के स्वामित्व वाली सड़कों की सफाई के संबंध में पर्यावरण विभाग को तत्काल पर्याप्त धनराशि प्रदान करने का निर्देश दिया। प्रदूषण को कम करने के कार्य में लगी एजेंसियों के साधनों पर अलग अलग रंग के पहचान चिन्ह बनाए जाएं, जिससे काम करने के दौरान उन्हें पहचाना जा सके। सड़कों पर पाननी के छिड़काव के लिए टैंकरों की तैयारी की जाए। उन्होंने विभिन्न सड़क स्वामित्व एजेंसियों द्वारा अपनाए जाने वाले निश्चित अलग रंग कोड भी मांगे ताकि इससे संबंधित स्वामित्व और जिम्मेदारी को आसानी से पहचाना जा सके। ई-वाहनों को प्रोत्साहित किया जाए साथ ही ऐसे वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के वाहनों को पैदल रास्तों और फुटपाथों पर नहीं आने दिया जाए। लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत डीटीसी छोटी बसों का अधिग्रहण करे।

## संक्षिप्त खबरें

### टीन्स ऑफ गॉड ने शुरू किया चैरिटेबल कंप्यूटर कोचिंग सेंटर

गुरुग्राम। आधुनिकता के इस दौर में कंप्यूटर व्यक्ति के जीवन में अहम हिस्सा बन गया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति बड़ी आसानी से अपने कामकाज कर लेता है। सामाजिक संस्था टीन्स ऑफ गॉड ने छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कंप्यूटर शिक्षा देने का बीड़ा उठाया है, ताकि वे अपने जीवन में उन्नति कर देश व समाज की सेवा कर सकें। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा प्रौजेक्ट सक्षम के तहत गांव झाडसा स्थित रविंद्र जैन चैरिटेबल कंप्यूटर कोचिंग सेंटर शुरू किया गया है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आयुष जैन ने बताया कि सेंटर का शुभारंभ अतिथियों ने रिबन काटकर किया। संस्था को आर्थिक सहयोग करने वाले सचिन जैन को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आयुष जैन ने संस्था की अन्य गतिविधियों से भी अतिथियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं के भविष्य को न केवल उज्जवल बनाना है, बल्कि उन्हें आज के दौर में तकनीकी शिक्षा देना भी है। संस्था अपने सामाजिक दायित्व का पूरी तरह से निर्वाह कर रही है।

# केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा ने किया बैठक का आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

करीब 5 दर्जन मंदिरों की शिरोमणि संस्था केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा न्यू कालोनी स्थित श्रीश्याम मंदिर के प्रांगण में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संस्था के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, महासचिव देवराज आहूजा, प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री आदि ने मंदिर द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा प्रत्येक 3 माह में शहर के विभिन्न मंदिरों में बैठक का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी मंदिरों के पदाधिकारी व समाज के गणमान्य लोग शामिल होकर केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा को आगे बढ़ाने के लिए विचार रखे जाते हैं तथा उन पर अमल किया जाता है। बैठक के दौरान हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संस्था के मुख्य



संरक्षक बोधराज सीकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लहराया जाए तथा देश के शहीदों को याद किया जाए। उन्होंने कहा कि देश विभाजन के दौरान अपने धर्म की रक्षा करने के लिए करीब 12 लाख लोगों ने अपनी शहादत दी थी। पिछली सरकारों द्वारा किसी ने भी त्रासदी के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने की बजाय उन्हें याद तक नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष लाल किले से उन्हें याद करके यह विश्वास दिलाया कि उन शहीदों की याद में स्मारक बनाया जाए। जिसके लिए 14 अगस्त को धर्म नगरी कुरुक्षेत्र में विभाजन की त्रासदी के दौरान शहीद हुए लोगों की याद में स्मारक बनाया जाएगा। उन्होंने लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के विचार सुनने के लिए वहां बड़ी संख्या में शामिल हों और अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि

**बैठक**

- **आज पूरा विश्व यह जान गया है कि भारत के हिंदू एकजुट हो गए हैं: बोधराज सीकरी**

दें। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व यह जान गया है कि भारत के हिंदू एकजुट हो गए हैं। उन्होंने मंदिरों के पुजारियों को सुझाव देते हुए कहा कि सभी मंदिरों का खुलने व बंद करने का एक समय होना चाहिए। मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं को पंडित द्वारा प्रसाद चरणामृत देने के अलावा उसके माथे पर तिलक लगाया जाए तथा हमारी ग्रंथों के बारे में न केवल साधु-संतों से विचार विमर्श किया जाए बल्कि लोगों को पवित्र ग्रंथों के बारे में समझाया जाए। मंदिर परिसर में चरणामृत व प्रसाद के अतिरिक्त किसी भी मंदिर में लोगों को बैठकर भण्डारे या अन्य खाद्य सामग्री न दी जाए। मंदिर की भव्यता बनाने के लिए मंदिर परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां न की जाएं। लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि संस्था को भी चाहिए कि वह लोगों द्वारा दी जाने वाली धनराशि का बेहतर कार्य करने में लगाएं। शहर के सभी मंदिरों के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा एकराय होकर बनाई गई पुस्तिका का बैठक के दौरान विमोचन किया गया ताकि कोई त्यौहार गलती से 2 बार न मनाया जा सके। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान पूर्व पार्षद कंवरभान वधवा, रामलाल ग्रोवर आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर समाजसेवी मंदीप गोयल, ग्रीवेंश कमेटी के सदस्य रमेश कालरा, डीएन कवातरा, वाईके चुघ, चंद्रभान नागपाल, प्रमोद सलूजा, मदनलाल सतीजा, तिलकराज चांदना, अशोक गेरा, लोकेश आहूजा, चरणजीत अरोड़ा आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने अलीशा यादव व परिजनों को किया सम्मानित



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के गांव वजीराबाद के सुरेंद्र यादव की पुत्री अलीशा यादव का नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में चयन होने पर जजपा के राष्ट्रीय सचिव सूबे सिंह बोहरा, नगर निगम पार्षद कुलदीप बोहरा, सरपंच सतीश यादव, पूर्व पार्षद अशोक कुमार, रघुवीर यादव, रमेश यादव, मनीष यादव, रामकुमार नंबरदार, जयपाल नंबरदार, महावीर यादव, कर्मीर यादव आदि ने अलीशा को सम्मानित किया और उसकी सफलता पर परिजनों को बधाई भी दी।

नगर निगम पार्षद कुलदीप बोहरा का कहना है कि अलीशा यादव ने सामान्य परिवार से होते हुए भी अपनी मेहनत व लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जिस ग्रामीण काफी खुश हैं। उन्होंने युवाओं को भी जीवन में नए अवसर तलाशने की सलाह देते हुए कहा कि सफलता के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत जरूरी है।

अलीशा ने पूरे वजीराबाद ही नहीं, अपितु जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या खेलों का। हर क्षेत्र में बेटियां अपनी मेहनत के बल पर ऊंचाईयों को छू रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को उच्च से उच्च शिक्षा दिलाएं ताकि विभिन्न क्षेत्रों में वे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

# प्रदेश युवा कांग्रेस आरटीआई की एग्जीक्यूटिव बैठक का हुआ आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय युवा कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश यूथ कांग्रेस आरटीआई डिपार्टमेंट की एग्जीक्यूटिव बैठक संपन्न हुई, जिसमें सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की सूची बनाई गई जिसमें डीटीसी बसों में करोड़ों रुपए का घोटाला, दिल्ली में गैरकानूनी पार्किंग से मुनाफा कमाना, दिल्ली जल बोर्ड कनेक्शन में धांधली, विद्युत विभाग में गैर कानूनी तरीके से किए गए कनेक्शन के भ्रष्टाचार, एमसीडी में भ्रष्टाचार, गैरकानूनी तरीके से भवन निर्माण एवं गैर कानूनी तरीके से हो रही रजिस्ट्री के व्यापक भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं।

सरकार के अंतर्गत 22 हजार शिक्षकों के गैर कनूनी तरीके से शोषण के मामले सामने आए हैं। एक दिल्ली सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार के मुद्दों पर एवं उन पर सूचना के अधिकार कानून के तहत पाई गई अनियमितताएं एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए



- **राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखा गया केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का मसौदाबिलों से बढ़ेगी टेंशन**

आरटीआई विभाग ने सूचना मांगी है। प्रदेश युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग की चेयरपर्सन एडवोकेट प्रतिक्षा शर्मा, वाइस चेयरमैन सुमित यादव, प्रभारी मनप्रीत भल्ला राकेश शर्मा, इरशाद सिद्धकी ने आदमी पार्टी सरकार के के भ्रष्टाचार के मामलों का मसौदा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने रखा। जिसमें भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास आरटीआई डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार मीणा वाइस चेयरमैन आनंद मिश्रा एवं डॉ अलका आनंद की उपस्थिति में उपस्थित ही में केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का मसौदा प्रस्तुत किया गया।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस आरटीआई डिपार्टमेंट की एग्जीक्यूटिव मीटिंग में एडवोकेट अमित खंडेलवाल, अनितेश कुमार, मोहन डेडवाल, वंशिका, मोक्ष, सचिन शर्मा अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण मंदिर में किया गया हरियाली तीज का आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

कोरोना काल के 2 साल बाद सार्वजनिक रुप से तीज महोत्सव का आयोजन विभिन्न सामाजिक व धार्मिक तथा समाजसेवियों द्वारा बड़े स्तर पर किया गया। तीज पर्व को लेकर महिलाएं ही नहीं, अपितु पुरुष वर्ग भी काफी उत्साहित दिखाई दिया। सैक्टर 4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में तीजोत्सव का आयोजन मंदिर का संचालन करने वाली मैत्री कल्याण मंच द्वारा किया गया।

संस्था के चेयरमैन एसएस दहिया ने बताया कि मंदिर परिसर में जहां धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, वहीं तीज मिलन महोत्सव भी संस्था द्वारा आयोजित किया गया। क्षेत्र की प्रतिभा संपन्न महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। भगवान श्रीकृष्ण व राधा के प्रसंगों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पूरे विधि-विधान के अनुसार हरियाली तीज मनाई गई।



उन्होंने बताया कि मंदिर कमेटी ने मंदिर परिसर में ही महिलाओं के लिए झूला-झूलने की व्यवस्था भी की हुई थी, जिसमें युवतियों, महिलाओं व बच्चों ने पारंपरिक लोक गीतों पर झूला झूला। मंदिर कमेटी ने निशुल्क मेहंदी लगवाने की व्यवस्था भी की हुई थी। महिलाओं ने बड़ी संख्या में मेहंदी भी लगवाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कलाकारों को संस्था द्वारा पुरुस्कृत भी किया गया। महिलाओं ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों का भी बड़ा सहयोग रहा।

# प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ब्रह्माकुमारीज ने लगाए पेड़

नोएडा,, प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा के सेक्टर 46 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र द्वारा सेक्टर 99 स्थित लॉयर्स सोसाइटी, सुप्रीम टावर्स में कल्पतरुह कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ में रक्षा बंधन का पर्व मनाते हुए रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य भी बताया। इस कार्यक्रम में सत्यम रेड्डी, वरिष्ठ वकील, उच्चतम न्यायालय, प्रमोद कुमार, ऐ के तिवारी, विल्स मैथयू, सुब्बाराव, ऐ के श्रीवास्तव, श्री प्रकाश सिंह, एस एस रेड्डी, अनीस गुप्ता, प्रमिला थाननजयन आदि उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील सहित ब्रह्माकुमारीज सेक्टर 46 सेवाकेन्द्र प्रभारी बी. के. कीर्ति और सेवाकेन्द्र के अन्य भाई बहने शामिल हुए।

कल्पतरुह कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज ने देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में ये संकल्प लिया है की देश भर के सभी सेवाकेन्द्र मिलकर 75 दिनों में 40




- **कार्यक्रम में रक्षा बंधन का पर्व मनाते हुए रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य भी बताया**

लाख पेड़ लगाएंगे । इसी लक्ष्य से सेक्टर 99 में सब एकत्रित हुए और प्रकृति को सहयोग देते हुए हर सदस्य ने एक पेड़ लगाया । साथ में रक्षा बंधन का भी पर्व मनाया गया। ब्रह्माकुमारी कीर्ति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हम पेड़ को लगाते है और उसके बढ़ने का ध्यान रखते है ऐसे ही हम सब यदि अपने अपने अंदर भी आज एक अच्छाई का बीज डालें और नित ज्ञान-योग के माध्यम से उस अच्छाई को सींचे तो प्रकृति के साथ साथ एक सुंदर समाज का भी विकास हो जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि सबके प्रति शुभ भावना रखते हुए हम अपने मन को पवित्र बनाए यही संदेश रखी का त्योहार हमें देता है। और रखी बांधने के बाद हमें अपनी कोई बुरी आदत या पुराने संस्कार की सौगात देनी है। तभी हम अपनी सच्ची रक्षा कर सकते है।

### सैक्टर 9 की मुख्य सडक का है बुरा हाल

गुरुग्राम। नगर निगम व जीएमडीए प्रशासन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य कराता रहा है और इन विकास कार्यों का लाभ भी क्षेत्रवासियों को मिल रहा है लेकिन पिछले 2 वर्षों से सैक्टर 9 क्षेत्र में विकास कार्य कराए तो अवश्य जा रहे हैं, लेकिन इनकी गति बड़ी ही धीमी है। सैक्टर 9 क्षेत्र स्थित राजकीय महाविद्यालय के सामने वाली सडक आज तक भी बनकर तैयार नहीं हुई है। यह सडक सैक्टर में जाने के लिए मुख्य सडक मानी जाती है। सडक को खोद कर डाल दिया गया है लेकिन सडक का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के समाजसेवी सत्यप्रताप शर्मा व सैक्टरवासियों का कहना है कि इस सडक को लेकर निगम पार्षद व जीएमडीए, नगर निगम के उच्चाधिकारियों तक से भी गुहार लगाई गई है कि प्राथमिकता के आधार पर सडक का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए ताकि लोग आसानी से अपने घरों में जा सकें।

# ऊर्वा ने किया हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

सैक्टर 4 स्थित कम्युनिटी सेंटर के प्रांगण में शनिवार देर सायं तक ऊर्वा द्वारा हरियाली तीज मेले का आयोजन किया गया। आयोजक, ऊर्वा व वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब गुरुग्राम के प्रधान धर्मसागर ने तीज महोत्सव में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश पर्वों का देश है। तीज व अन्य त्यौहारों पर आयोजित मेले आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। मेलों के दौरान सभी वर्ग के लोग मिलकर त्यौहारों का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान समाजसेविका योगिता कटारिया ने कहा कि तीज महोत्सव के दौरान महिलाओं के मनोरंजन के लिए अनेक कार्यक्रम किए गए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बेस्ट हेयर स्टाईल, खेल, सामाजिक गतिविधि, फैशन शो आयोजित किए गए। समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को संस्था के प्रधान धर्मसागर, महासचिव प्रमोद शर्मा, एसके माणक, रमेश सिंघल, हरविंद्र कोहली, एसके मल्होत्रा, मनोज भारद्वाज, धीरज सेठी, आरके शर्मा आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मन की बात से देशवासियों से सीधे जुड़ते हैं पीएम मोदी : नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल रविवार को पटेल नगर स्थित विकास गुप्ता के निवास पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आम आदमी से रूबरू होने का माध्यम बना है।

अलग अलग क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले लोगों से वे सीधे जुड़ते हैं। यह अपने आप में बहुत बड़े सम्मान की बात है कि किसी आम आदमी से प्रधानमंत्री खास बात करते हैं और उनको जीवन में आगे बढने.की प्रेरणा देते हैं। पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम लोकप्रिय हो चुका है। नवीन गोयल ने बताया कि रविवार को मन की



- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आम आदमी से रूबरू होने का माध्यम बना: गोयल**

बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारतीय खिलाडियों के विश्व मंच पर उम्दा प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही देशवासियों से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा मुहिम का हिस्सा बनकर 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

इस अवसर पर धनराज केडिया, बाली पंडित, गगन गोयल, सन्दीप भारद्वाज, विकास गुप्ता, विजय गुप्ता, लोकेश नारंग, राजीव शर्मा, सिद्धार्थ यादव, सतपाल सोनी, रीमा नारंग, बबिता गुप्ता, अलका गुप्ता, कविता सोनी व अन्य जन उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज का पर्व

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाली तीज का पर्व साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर मां पार्वती की पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के सदर बाजार सहित मॉल्स में भी तीज का उत्साह देखने को मिला। महिलाएं विभिन्न परिधानों में सुसज्जित होकर आयोजनों में शामिल हुई। मॉल्स आदि में महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की हुई थी।

महिलाओं के झूला झूलने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों, रिसोर्ट आदि में व्यवस्था की गई थी। क्योंकि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगे वृक्ष विकास के नाम पर काट दिए गए हैं। इसलिए उनके झूला झूलने के लिए वृक्ष ही नहीं बचे हैं। हरियाली तीज पर पतंग उड़ाने की भी परंपरा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सजी पतंगों की दुकानों पर खरीददारों की भारी भीड़ दिखाई दी, जिनमें बच्चों की संख्या भी अच्छी खासी



- **पतंग खरीदने वालों की लगी रही दुकानों पर भीड़**

थी। सभी अपनी पसंद की पतंगें खरीद रहे थे। हालांकि इस वर्ष गत वर्ष की अपेक्षा पतंगों की कीमतों में वृद्धि देखने को मिली, लेकिन महंगाई भी पतंग उड़ाने वालों पर कोई असर नहीं डाल सकी। बच्चों व युवाओं ने खूब पतंगें उडाई। मंदिरों के आस-पास भी मेलों का आयोजन किया गया है। महिलाओं को झूला झुलाने की व्यवस्था भी इन मेलों में आयोजको द्वारा की गई थी।

# गुरुग्राम: आम आदमी पार्टी के महिला संगठन ने मनाया तीज महोत्सव

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के महिला संगठन ने सैक्टर 39 स्थित वेडिंग बेल्स में तीज महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुई और विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। प्रदेश की उपाध्यक्ष अलका शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, प्रदेश अध्यक्षा अनु कादयान मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

गुरुग्राम की आम आदमी पार्टी की महिला सहप्रभारी प्रिया चौधरी ने सभी का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में डांस, मेहँदी, ड्रेस और हेयर स्टाइल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जज के रुप में आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री अनुराधा शर्मा और पंजाब यूनिवर्सिटी की पूर्व लेक्चरार सुजाता कपूर शामिल हुई। पंकज गुप्ता ने आयोजन की सराहना



करते हुए कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर की साफ सफाई में सीमित नही है, बल्कि देश की सामाजिक बुराईयों की साजो सज्जा में लगी हुई है।

जहाँ महिलायों की रसोई महंगाई की मार झेल रही है, वहीं समस्या से लडने की प्रेरणा लेकर सडको पर उतर आई है। प्रदेशाध्यक्ष अनु कादयान ने कहा कि नारी शक्ति युगों युगों से इस लोक और बाकी के दोनों लोक में भी बराबर का योगदान देती रही है। अब राजनीति केवल पुरुषों का ही सर्वस्व नही रहा, अपितु महिलाएं भी बढ़-चढकर के अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। गुडगांव विधानसभा पूर्व महिला अध्यक्ष सुशीला कटारिया ने बताया कि तीज महोत्सव का प्रोग्राम बड़ी धूम-धाम से मनाया। वरिष्ठ नेत्री अनुराधा शर्मा ने कहा कि तीज उत्सव एक त्योंहार ही नही है यह आपसी सद्भाव और खुशियों का महोत्सव है।

हमारे समाज की प्रत्येक महिला सुरक्षित हो खुशहाल हो और उसे आत्मसम्मान से जीने का अवसर मिले। बादशाहपुर की विधानसभा की अध्यक्षा डा. सारिका वर्मा ने बताया कि जैसे गर्मी और प्रदूषण को सावन अपनी बौछारों से सकून देता है वैसे ही अच्छे विचारों से मन और छवि को एक सुंदर अनुरूप देता है। अच्छे विचार अच्छी शिक्षा से आते है और संस्कार अपने परिवार से। इस अवसर पर आशा सिंह, पुष्पा भारद्वाज, मंजू सांखला, अनीता सिंह, अंजलि राही, पूजा श्रीवास्तव, रिया राव, मीनू सिंह, मंजू गुप्ता, मनजीत जैलदार, निधि राणा आदि मौजूद रहे।

### सराय रोहिल्ला से फरूखनगर तक ट्रेन चलवाने पर डीपी गोयल का स्वागत

**गुरुग्राम।** रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल के रेल मंत्री से आग्रह पर सराय रोहिल्ला (दिल्ली) से फरूखनगर तक ट्रेन का संचालन सोमवार से हो रहा है। इसी खुशी में रविवार को यहां राजेंद्रा पार्क में लोगों ने इस कार्य को पूरा करवाने के लिए स्वागत किया। इस दौरान दिल्ली-रेवाड़ी रेल यात्री संघ ने उन्हें कोरोना काल में बंद हुई दो अन्य ट्रेन का संचालन कराने के लिए मांग पत्र भी सौंपा। डा. डीपी गोयल के प्रयासों से सराय रोहिल्ला से फरूखनगर के बीच 74033-74036 नंबर ट्रेन सोमवार से शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन सुबह 09 : 05 बजे सराय रोहिल्ला से रवाना होकर 09 : 15 बजे गुडगांव स्टेशन और 10 : 40 बजे फरूखनगर पहुंच जाएगी। इसी तरह वापसी में यह ट्रेन सायं 04 : 15 बजे फरूखनगर से चलकर 04 : 53 बजे गुडगांव और 05 : 50 बजे सराय रोहिल्ला पहुंचेगी। गोयल ने विश्वास दिलाया कि जनहित के मुद्दों को उठाने के साथ उन्हें सिरे चढ़ाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे और ना ही भविष्य में छोड़ेंगे।

# शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा देशहित को सर्वोपरि मानें : नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि काम्बोज बिरादरी संगठित होकर समाज को एक नई दिशा दे रही है। एकता बनाकर, एक होकर ही हम सब बाधाओं को पार कर सकते हैं। सर्व समाज को संगठित होकर रहना चाहिए। यह बात उन्होंने रविवार को यहां सेक्टर-4 वैश्य समाज धर्मशाला में काम्बोज युवा वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से शहीद ऊधम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही।

पार्षद महेश दायमा भी कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पहुंचे। इस दौरान सेवानिवृत प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, रजनीश राठी भी मौजूद रहे। काम्बोज युवा वेलफेयर



एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप काम्बोज, रणधीर काम्बोज, अश्वनी काम्बोज, जसबीर काम्बोज, ऊधम सिंह काम्बोज, पंकज काम्बोज, चंद्रभान कम्बोज, एसपी काम्बोज ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई। गोयल ने कहा कि हमारा देश आज महान शहीद ऊधम सिंह का बलिदान दिवस मना रहा है। ऊधम सिंह भारत माता के वह वीर सपूत हैं, जिन्होंने अमृतसर के जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लिया था। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल, 1919 को बैसाखी के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में ब्रिगेडियर जनरल माइकल ओ डायर ने वहां मौजूद निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था। ऊधम सिंह के जीवन पर इस नरसंहार का गहरा असर पड़ा था। तभी उन्होंने डायर से बदला लेने की ठान ली थी। नवीन गोयल ने काम्बोज युवा वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों की भी इस बात के लिए तारीफ की कि वे हर साल शहीद ऊधम सिंह का बलिदान दिवस मनाते हैं।

सम्पादकीय

# सीजेआई की चिंता

भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना और सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों में पड़े विचाराधीन कैदियों की ओर देश का ध्यान खींचा है तथा एक ऐसे मुद्दे को सामने रखा है, जिससे हमारा लोकतंत्र कमजोर होता है, आम नागरिकों की आजादी छिनती है और अधिकतर जांच में जमानत देने की जगह जेल भेजना कायदा बनता जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने एक संबोधन में रेखांकित किया कि हमारे देश में जेलों में बंद 6.10 लाख नागरिकों में लगभग 80 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में प्रक्रिया ही दंड बन गई है। मनमाने ढंग से गिरफ्तारियों से लेकर जमानत मिलने में मुश्किलों तक की इस प्रक्रिया में लंबे समय तक जेलों में बंद लोगों के इस मामले पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कैदी ब्लैक बॉक्स की तरह हैं। वे ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा और अनसुना कर दिया जाता है। प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे मुद्दे को उठाया है, जिस पर शायद ही कभी चर्चा होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह कोई हाल में आयी अस्थायी गिरावट नहीं है, बल्कि भारतीय व्यवस्था की स्थायी विशेषता बन चुकी है। सजा दिलाने के लिए लंबी जांच की बजाय तुरंत हिरासत में लेने के रवैये से भी न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है क्योंकि जमानत की अर्जियों की तादाद बहुत अधिक है। चूंकि हिरासत में लेना आम बात है, तो अग्रिम जमानत के लिए भी बहुत सारे लोग अदालत पहुंचते हैं। इनसे बड़ी अदालतों में बोझ बढ़ता जाता है। इन सबसे ऐसी व्यवस्थागत समस्या पैदा हो गई है, जिसका समाधान जजों की संख्या बढ़ाकर नहीं किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हमारे यहां अभियुक्तों को सजा देने की दर बहुत ही कम है। ऐसे में ठोस जांच दरकिनार कर दी जाती है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना ही सजा बना दिया जाता है। इससे न्याय व्यवस्था का आधारभूत सिद्धांत, जिसमें दोष सिद्ध होने तक अभियुक्त को निर्दोष माना जाता है, ही खारिज हो जाता है। उच्चतम न्यायालय ने साल 2014 में व्यवस्था दी थी कि उन विचाराधीन आरोपियों को तुरंत जमानत पर रिहा किया जाए जिन्होंने अपने ऊपर लगे अभियोग की संभावित अधिकतम सजा का आधा समय बतौर आरोपी जेल में व्यतीत कर लिया है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण से संबंधित न्यायिक अधिकारी अपने अधिकार-क्षेत्र में प्रत्येक कारावास पर जाकर इस प्रकार के कैदियों की रिहाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इन आदेशों के बाद लंबी अवधि से जेलों में बंद विचाराधीन कैदी रिहा हो सकेंगे। पर उनका क्या होगा, जो थोड़े समय के लिए विचाराधीन कैदी के रूप में जेल भेज दिए जाते हैं। विचाराधीन कैदियों का जेलों में क्या काम? यह पहली बार नहीं है कि लंबे समय से जेलों में बंद आरोपियों के प्रति चिंता व्यक्त की गई हो। वर्ष 2010 में राष्ट्रीय विधिक अभियान के तहत भी विचाराधीन कैदियों की संख्या कम करने का बीड़ा उठाया गया था। पर धरातल पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। आंकड़े जाहिर करते हैं कि लगभग अड़तीस प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को पहले तीन महीने के भीतर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया जाता है। लगभग साठ प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को एक वर्ष के अंदर जमानत मिल जाती है। यह समझ से परे है कि जब साठ प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को साल भर के भीतर जमानत पर छोड़ दिया जाता है, तो फिर उन्हें जेल भेजा ही क्यों गया था? उन्हें विचाराधीन कैदी के रूप में कुछ दिनों के लिए जेल भेज कर सबक सिखाना इस प्रकार के कारावास का एकमात्र तर्क दिखाई देता है। पर यह कानून की मूल भावना के विरुद्ध है।

# म्यांमार के विरूद्ध मुखर क्यों नहीं है भारत?

पुष्परंजन

मणिपुर और मिजोरम, दोनों राज्यों में म्यांमार से भागकर आये शरणार्थियों की संख्या लाख से कम नहीं होगी। क्या इन्हें आबोदाना-आशियाना मुहैया कराना भारत के करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं है? कल को यही शरणार्थी हमारे लिए रोहिंग्या की तरह सिरदर्द होंगे। ये आते लाखों में हैं, मगर इनकी वापसी सैकड़ों में होती है।

म्यांमार में चार राजनीतिक कैदियों को फांसी दिये जाने को लेकर भारत ने शुक्रवार को चिंता प्रकट की है। भारत को बयान जारी करने में पांच दिन लगे हैं। क्यों? इसका बेहतर उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता है। म्यांमार-भारत की 1643 किलोमीटर सीमा मणिपुर, मिजोरम से लगी है। वहां से कई हजार किलोमीटर दूर अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने त्वरित प्रतिक्रिया दी थी। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत एक मित्र देश के नाते चाहेगा कि म्यांमार अपनी समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से करे। कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान होना चाहिए। विदेश मंत्रालय का यह बयान पूरी सावधानी से दिया लगता है। सांप भी मर जाए और लाठी सलामत रहे, अदाजे बयां कुछ इसी तरह से है। आप ये नहीं कह सकते कि भारत ने पड़ोस में घटित इतनी बड़ी घटना पर चुप्पी साध ली।

1 फरवरी 2021 को मिल्टीऊ जंटा के प्रमुख जनरल मिन आंग हिलेंग ने जब लोकतांत्रिक रूप से चुनी सरकार को भंग किया था, उसके कुछ घंटों बाद उन्होंने अहद किया था कि साल भर में नई पार्टी और सरकार का गठन अपनी देखरेख में कराएंगे। मगर, हुआ उलट। 27 मार्च 2021 को म्यांमार में मिल्ट्री डे परेड हुआ था। उस दिन देशव्यापी प्रदर्शन में सौ लोगों को सेना ने मार दिया था। मगर, भारत उन आठ देशों के साथ सैनिक परेड का साक्षी था। तब सवाल उठने लगे थे कि क्या भारत प्रतिरोध को कुचल देने वाले सैन्य तानाशाहों का समर्थक है?

पिछले साल भी हम म्यांमार में तख्ता पलट के बाद स्थितियों की हफ्तों समीक्षा करते रहे। जब दुनिया के बड़े देश म्यांमार में दमन के विरूद्ध बयान जारी कर चुके, फिर भारत ने लजाते-शमार्ते आधिकारिक वक्तव्य जारी करते हुए कहा था, म्यांमार की स्थिति को हम मॉनिटर कर रहे हैं। उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कानून के शासन को बनाये रखना चाहिए। वही घिसा-पिटा बयान, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कानून का शासन! दमनकारी सैन्य शासक के विरूद्ध इतना सॉफ्ट होने का कारण क्या कारोबार है? इस संदर्भ में कुछ घटनाओं की चर्चा जरूरी है। जुलाई 2019 में अडानी पोर्ट के सीईओ करण अडानी जनरल मिन आंग हिलेंग से मिले थे। मकसद, यांगून इंटरनेशनल टर्मिनल पर कंटेनर पोर्ट बनाना था, जिसमें 290 मिलियन डॉलर निवेश की हामी हो गई थी। इस वास्ते म्यांमार इकोनॉमिक कोऑपरेशन (एमईसी) के खाते में बतौर लीज फीस 30 मिलियन डॉलर अडानी ग्रुप को जमा कराने थे। 31 मार्च, 2021 को खबर आई कि अडानी ग्रुप म्यांमार के मिल्ट्री शासकों से कोई डील नहीं चाहता है, और जून 2022 तक इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच रहा है।

मगर, रिलायंस के साथ ऐसा नहीं हुआ। 2014-15 वो कालखंड था, जब म्यांमार में लोकतंत्र की बयार बहने लगी थी। 26 मार्च, 2014 को रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड (आरआईएल) ने म्यांमार के दो तेल-गैस ब्लॉक केजी, डी-6 हासिल किये। लोगों को हैरानी हुई थी कि अनुमानित लागत से कम प्राइस कोट करने के बावजूद आरआईएल ने ये ब्लॉक हासिल कैसे कर लिये। बंगाल की खाड़ी में अवस्थित दोनों ब्लॉक कृष्णा-गोदावरी बेसिन में 8 हजार 100 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। इसके साल भर बाद, 31 मार्च, 2015 को रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड और म्यांमा गैस एंड ऑयल इंटरप्राइज के बीच दो ऑफ शोर ब्लॉक, एम-17 और एम-18 से तेल-गैस दोहन के वास्ते समझौता हुआ। 27 हजार 600 वर्ग किलोमीटर का यह इलाका म्यांमार के पूर्वी हिस्से में टैनिनथार्यी नदी घाटी में अवस्थित है। इस साल के आखिर में, या फि र 2023 के आरंभ में ब्लॉक केजी व डी-6 से तेल, गैस का दोहन आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा टैनिनथार्यी बेसिन से भी उत्पादन की खबर जल्द मिलेगी। तो क्या म्यांमार के विरूद्ध भारत के मुखर न होने की वजह हम दो-हमारे दो हैं?

शुक्रवार को अखबार द इरावदी की खबर थी कि म्यांमार में फांसी दिये जाने के समर्थन में जुलूस निकाले गये हैं। इसके आयोजन में सैन्य शासक समर्थक यूनियन सॉलिडरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी के कार्यकताओं और बौद्ध राष्ट्रवादियों की अहम भूमिका रही थी। जो देश सैन्य शासकों की निंदा कर रहे हैं, वहां के निवेशकों को म्यांमार में सताने का काम भी शुरू है। बुधवार को सैन्य शासन के प्रवक्ता जनरल जॉव मिन तुन का बयान आया था कि जिन कैदियों को मौत की सजा दी गई है, उन्हें एक बार नहीं, कई बार फांसी दी जानी चाहिए थी। इस बयान से पहले मंगलवार को म्यांमार विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन की आलोचना का प्रतिकार करते हुए कहा था कि ये देश और संगठन हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

# द्रौपदी मुर्मू के हिन्दी में शपथ लेने का संदेश तो समझिए

**देश को अपनी सभी भाषाओं और बोलियों पर गर्व है। वो हिन्दी में शपथ लेकर अचानक से सारे देश में पहुंच गईं। समूचे देश ने उन्हें हिंदी में शपथ लेते हुए देखा-सुना। बेशक, हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता। हिन्दी की सारे देश में स्वीकार्यता है और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ भी रही है। अगर छुद्र राजनीति को छोड़ दिया जाए तो इसे सारे देश में बोली और समझी जाती है। कुछ समय पहले ही देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिन्दी को अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां की राज्य सरकारें राजी हो चुकी हैं। इन राज्यों में 22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है कनौ आदिवासी जातियों ने भी अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। मगर दुर्भाग्य से कुछ दल और उनके कुछ अंग्रेजीदां नेता हिन्दी को लेकर ओछी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते।**





आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

भारत के 15 वें राष्ट्रपति पद की शपथ हिन्दी में लेकर द्रौपदी मूर्मू ने सारे देश को एक बेहद महत्वपूर्ण संदेश दिया है। मूल रूप से ओडिशा से संबंध रखने वाली द्रौपदी मूर्मू अगर उड़िया या किसी अन्य भाषा में भी शपथ लेती तो कोई अंतर नहीं पड़ता। देश को अपनी सभी भाषाओं और बोलियों पर गर्व है। वो हिन्दी में शपथ लेकर अचानक से सारे देश में पहुंच गईं। समूचे देश ने उन्हें हिंदी में शपथ लेते हुए देखा-सुना। बेशक, हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता। हिन्दी की सारे देश में स्वीकार्यता है और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ भी रही है। अगर छुद्र राजनीति को छोड़ दिया जाए तो इसे सारे देश में बोली और समझी जाती है। कुछ समय पहले ही देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिन्दी को अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां की राज्य सरकारें राजी हो चुकी हैं। इन राज्यों में 22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है कनौ आदिवासी जातियों ने भी अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। मगर दुर्भाग्य से कुछ दल और उनके कुछ अंग्रेजीदां नेता हिन्दी को लेकर ओछी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। जब पूर्वोत्तर राज्यों ने हिन्दी को स्कूलों में अनिवार्य रूप से पढ़ाने को लेकर फैसला लिया तो कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश यह कहने लगे हिन्दी राजभाषा है न कि राष्ट्रभाषा। गनीमत है कि कांग्रेस या किसी अन्य दल के नेता ने द्रौपदी मूर्मू के हिन्दी में शपथ लेने पर बवाल नहीं काटा। हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा यूं ही तो नहीं मिला। इसकी सर्वत्र राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता है। जब अनुच्छेद 343 में देवनागरी में लिखी हिन्दी को सर्वसम्मति से मान्यता मिली तभी तो वह राष्ट्रभाषा हिन्दी मानी गई। बाद में चलकर कोई राजभाषा कोई सरकारी भाषा और कोई आधिकारिक भाषा कहने लगा। सरदार पटेल ने 13 अक्टूबर,1949 को अपने एक संदेश में हिन्दी के लिए राष्ट्र भाषा शब्द का ही प्रयोग किया है। शहीदे आजम भगत सिंह ने मूल रूप से पंजाब से होने के बावजूद हिन्दी के पत्रकार के रूप में काम किया। वे कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अखबार प्रताप में नौकरी करते थे। वे प्रताप के प्रतिनिधि के रूप में कानपुर से दिल्ली में दंगा कवर करने भी गए थे। उन्हें हिन्दी की शक्ति का पूरा पता था। वे अंग्रेजी को अच्छी तरह जानते थे पर वे पत्रकार हिन्दी के ही बने ताकि अपनी आवाज दूर तक ले गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू सुदूर ग्रामीण ओडिशा से आती हैं और वहां भी हिन्दी सुदूर गांवों तक में बोली जाती है। वह पूरे पांच वर्ष झारखंड की राज्यपाल भी रहीं। झारखंड हिन्दी भाषी राज्य है। वहां पर रहते हुए वह हिन्दी के और निकट आईं। अतः यह कहना चाहिए कि उन्होंने सोच-समझकर ही हिन्दी में शपथ ली। हिन्दी करोड़ों भारतवसियों की प्राण और आत्मा है। इसमें वे अपने को सही ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। यह प्रेम और सौहार्द की भाषा है। यह सबको जोड़ती है। संयोग देखिए कि उड़नपरी पीटी उषा ने भी राज्यसभा के नामित सदस्य के रूप में हिन्दी में ही शपथ ली। वह केरल से आती हैं और खांटी मलयालम उनकी मातृभाषा है। यह हिन्दी को लेकर उनका प्रेम ही है, जिसके चलते वह हिन्दी में शपथ लेती हैं। पीटी उषा के राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने से तो सारा देश प्रसन्न है। उन्हें देश ने पहली बार सन 1982 में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों से ही जाना था। 16 साल की पीटी उषा ने 1980 के मास्को ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया था। दिल्ली और देश ने उन्हें कायदे से पहली बार राष्ट्रीय राजधानी के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में देखा था। पीटी उषा ने 100 मीटर की स्पर्धा में फाइनल में पहुंच कर एक तरह से साबित कर दिया था कि वह अब लंबे समय तक ट्रैक पर राज करेंगी। मुझे याद है 100 मीटर स्पर्धा के फाइनल को देखने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम किस तरह खचाखच भरा हुआ था। रेस के आरंभ होते ही पीटी उषा ने बढ़त बना ली थी। वह शेष प्रतियोगियों से काफी आगे दौड़ रही थीं। फिर अचानक से वह पिछड़ने लगीं। रेस खत्म होने से पहले वह किसी तरह से दूसरे स्थान पर आ गईं और अंत में सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहीं। तब दिल्ली के मुख्य रूप से हिन्दी भाषी दर्शकों ने उनका भरपूर उत्साहवर्धन और अभिवादन किया था। पीटी उषा के राज्य से ही आने वाले एक अंग्रेजी के संपादक महोदय को देश की नई राष्ट्रपति के हिन्दी में शपथ लेने पर वास्तव में बहुत कष्ट हो रहा है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर यह लिखा कि यदि वह उड़िया या संथाली में शपथ लेतीं तो बेहतर होता। वैसे ये ज्ञानी संपादक महोदय यह नहीं बता सके कि कैसे बेहतर होता। उन्हें जब कहा गया कि हिन्दी को देश में सर्वाधिक लोग जानते-समझते हैं तो वे कुतर्क पर उतर आए। कहने लगे, अंग्रेजी ही भारत की संपर्क भाषा है। अंग्रेजी सभी भारतीयों को जोड़ती है। क्या आप मानेंगे कि कोई व्यक्ति हिन्दी को लेकर इतनी नफरत का भाव रख सकता है? आखिर कौन कह रहा है कि आप हिन्दी पढ़ें या जानें। मत पढ़िये, मत सीखिए। कोई जोर-जबरदस्ती तो नहीं कर रहा है। मगर अंग्रेजी को हिन्दी की तुलना में इक्कीस साबित करने के लिए झूठ तो मत बोलिए। अब इन महामूर्ख पंडित को कौन बताए कि विश्व के महान विश्वविद्यालयों से एमबीए करके जब कोई बड़ा प्रबंधक पदस्थापित होता है, तब सारी मल्टीनेशनल कंपनियों में एक ही नियम है कि उसे पहले हिंदी सीखकर परीक्षा पास करनी होती है तभी उनकी पोस्टिंग स्थायी होती है क्योंकि पूरे विश्व का व्यापार यही मानता है कि हिंदी ही भारत की सार्वदेशिक संपर्क भाषा है

यह सब जानते हैं कि दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार सभा ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। यहां के अध्यापक हिन्दी के प्रसार-प्रचार में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। हर साल चेन्नई की हिन्दी प्रचार सभा हजारों हिन्दी प्रेमियों को हिन्दी लिखना-पढ़ना सिखाती है। इससे जुड़े तमिल मूल के अध्यापक ही सच्चे हिन्दी सेवी हैं। सन 1918 में मद्रास में ह्यहिन्दी प्रचार आंदोलनह्ल की नींव रखी गई थी और उसी वर्ष स्थापित हिन्दी साहित्य सम्मेलन मद्रास कार्यालय आगे चलकर दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के रूप में स्थापित हुआ। वर्तमान में इस संस्थान के चारों दक्षिणी राज्यों में प्रतिष्ठित शोध संस्थान हैं और बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय मूल के लोग इस संस्थान से हिन्दी में दक्षता प्राप्त कर ज्यादातर दक्षिण राज्यों में या देश के अन्य भागों में और विदेश के अन्य अनेकों देशों में जाकर हिन्दी की सेवा कर रहे हैं। महात्मा गांधी से ज्यादा इस देश को कोई नहीं जान-समझ सकता। गांधी जी का ही विचार था कि देश की सांस्कृतिक एकता के लिए दक्षिण भारत में हिन्दी का प्रचार-प्रसार जरूरी है। तब से अब तक दुनिया बहुत बदल चुकी है।

# ईश्वर के पहरेदार बने बैठे ये स्वयंभू धर्म दूत

**सऊदी पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाते हुये सऊदी अरब के ही निवासी एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने चैनल 13 के इसराइली टीवी पत्रकार गिल तामरी को मक्का में प्रवेश कराने में सहायता की थी। हालांकि अपनी मक्का यात्रा के बाद पत्रकार तामरी ने यह कहते हुये माफी मांगी है कि वे -धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मक्का और इस्लाम की सुंदरता दुनिया को दिखाना चाहते थे। वीडियो में तामरी को स्वयं ये बोलते भी सुना जा सकता है कि सऊदी कानून के अनुसार गैर-मुसलमानों का यहाँ आना वर्जित है। मेरे लिए भी यहां पहुंचना असंभव था। परन्तु मुझे यहां एक बहुत अच्छे व्यक्ति (गाईड) मिले जिन्होंने अपनी जान खतरे में डालकर मुझे यहां ले जाने का फैसला किया।**





तनवीर जाफरी
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।

इजराइल के चैनल 13 के एक यहूदी टीवी पत्रकार गिल तामरी ने पिछले दिनों सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में प्रवेश कर वहाँ का एक वीडियो बनाया और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। उसके बाद सऊदी अरब प्रशासन में खलबली मच गयी। सऊदी पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाते हुये सऊदी अरब के ही निवासी एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने चैनल 13 के इसराइली टीवी पत्रकार गिल तामरी को मक्का में प्रवेश कराने में सहायता की थी। हालांकि अपनी मक्का यात्रा के बाद पत्रकार तामरी ने यह कहते हुये माफी मांगी है कि वे -ह्यधार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मक्का और इस्लाम की सुंदरता दुनिया को दिखाना चाहते थे।ह्ल वीडियो में तामरी को स्वयं ये बोलते भी सुना जा सकता है कि ह्यह्लसऊदी कानून के अनुसार गैर-मुसलमानों का यहाँ आना वर्जित है। मेरे लिए भी यहां पहुंचना असंभव था। परन्तु मुझे यहां एक बहुत अच्छे व्यक्ति (गाईड) मिले जिन्होंने अपनी जान खतरे में डालकर मुझे यहां ले जाने का फैसला किया। इस पूरे प्रकरण में मक्का पुलिस का कहना है कि मक्का में प्रवेश करने वाले इसराइली पत्रकार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मक्का पुलिस प्रवक्ता ने एक बार फिर पुरजोर तरीके से यह कहा है कि सऊदी अरब आने वाले लोग यहाँ के नियम-कानूनों का पालन करें, खासतौर पर दो पवित्र मस्जिदों और अन्य पवित्र जगहों के मामले में। अन्यथा कानूनों का उल्लंघन करने वालों को सऊदी कानून के अनुसार सजा दी जाएगी। गौर तलब कि मक्का शहर के चारों ओर नगर की एक सीमा निर्धारित की गयी है और इन सीमाओं के प्रवेश द्वार पर बड़े अक्षरों से बोर्ड पर लिखा गया है कि गैर मुस्लिमों का मक्का की सीमाओं में प्रवेश वर्जित, केवल मुस्लिम मक्का में दाखिल हो सकते हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर वही बहुचर्चित सवाल विश्व स्तर पर पूछा जाने लगा है कि आखिर हज की रस्म अदा करने के लिये सऊदी अरब के पवित्र मक्का शहर में गैर मुस्लिमों का प्रवेश क्यों वर्जित है। हज के तौर तरीकों और हज अदायगी को करीब से देखने की उत्सुकता रखने वाले दुनिया के तमाम लोग सऊदी सरकार के इस फैसले से व्यथित हैं। केवल गैर मुस्लिम ही नहीं बल्कि दुनिया के मुसलमानों का भी एक बड़ा वर्ग जो हमेशा से सऊदी सरकार के इस ह्यगैर मुस्लिम का मक्का प्रवेश निषेधह्ल नीति का विरोधी रहा है वह भी पुनः मुखरित हो उठा है। गौर तलब है कि हज स्थल मक्का (काबा शरीफ) चूँकि सऊदी अरब में इत्तेफाकन इसलिये स्थित है क्योंकि इस्लाम धर्म की शुरूआत अरब से ही हुई और यही इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब की जन्म व कर्मस्थली भी रही है। परन्तु चूँकि इस्लाम विश्वस्तर पर फैल चुका है और पूरी दुनिया के लोग हज या उमरा करने मक्का आते जाते रहते हैं इसलिये दुनिया का मुसलमान इन पवित्र धार्मिक स्थलों पर अपना भी समान अधिकार समझता है। कई बार मुस्लिम जगत में यह चर्चा भी हो चुकी कि सऊदी अरब में हज उमरा आदि धार्मिक गतिविधियों के नियम कायदे यहाँ तक कि अलग अलग देशों का वीजा कोटा निर्धारण करने के लिये इस्लामी देशों की विश्वस्तरीय संयुक्त कमेटी बनायी जाये।परन्तु ठीक इसके विपरीत सऊदी सरकार इन स्थानों पर अपना आधिपत्य समझती है। और इस पवित्र क्षेत्र में अपनी ही सोच विचार के अनुसार नियम कानून निर्धारित व लागू करती है। गैर मुस्लिमों के मक्का प्रवेश निषेध मामले पर वह यही कहकर पल्ला झाड़ती कि अन्य देशों की तरह किसी भी क्षेत्र या किसी भी व्यक्ति को वीजा देना या न देना उसका अपना अधिकार है इसके लिये कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। परन्तु मक्का के अतिरिक्त भी अनेक इस्लामी धर्मस्थल ऐसे हैं जहां पूरे वर्ष और चौबीस घंटे मक्का और मदीना से भी ज्यादा दर्शनार्थियों व पर्यटकों की भीड़ रहती है। उदाहरण के तौर पर करबला,नजफ सीरिया और इराक के अनेक रौजे हर समय दशार्नार्थियों से भरे रहते हैं। भारत और पाकिस्तान की अनेकानेक विश्व स्तरीय मस्जिदें व दरगाहें हर समय आम लोगों के दर्शन व भ्रमण के लिये खुली रहती हैं। ऐसी जगहों पर सरकार या धर्मस्थान का प्रबंधन न किसी से किसी का धर्म पूछता है न जाति न नागरिकता। ऐसे में विश्व के सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी धर्मस्थल मक्का पर सऊदी सरकार द्वारा थोपा गया ह्यप्रवेश प्रतिबंध कानूनह्ल न केवल समानता जैसे इस्लामी सिद्धांतों को चुनौती देता है बल्कि इस्लाम विरोधी भावना रखने वालों को तरह तरह के निराधार तर्क गढ़ने के भी अवसर देता है। सऊदी सरकार के इस फैसले में शिया व बरेलवी समुदाय को लेकर भी काफी विरोधाभास है। क्योंकि इन दोनों ही समुदाय के लोग बड़ी संख्या में हज व उमरा करने के लिये जाते रहते हैं। और सऊदी सरकार इनको वीजा भी देती है। परन्तु अहमदिया मुसलमान अन्य गैर मुस्लिमों की तरह हज करने नहीं जा सकते। इन्हें सऊदी सरकार गैर मुस्लिम की श्रेणी में रखती है। अरब,भारत,बंगलादेश,अफगानिस्तान व पाकिस्तान के अनेक सुन्नी वहाबी मुसलमान समय समय पर शिया व बरेलवी समुदाय के विरुद्ध फतवे जारी कर इन्हें भी गैर मुस्लिम और मुशरिक (बहुदेववादी) बताते रहे हैं। क्योंकि यह लोग ताजियादारी करते हैं, पीरों फकीरों की मजारों पर दुआएं मांगते हैं,या अली मदद बोलते हैं,और इन सब के सामने हाथ उठाकर दुआएं मांगते हैं। इसलिये वहाबी मतावलंबी इन समुदाय के लोगों को कभी काफिर तो कभी मुशरिक की उपाधियों से नवाजते रहते हैं। सवाल यह है कि जब सऊदी अरब में भी वहाबी विचारधारा की हुकूमत है तो वह शिया व बरेलवी मुसलमानों पर भी मक्का में प्रवेश वर्जित करने का साहस क्यों नहीं करती? और अहमदिया मुसलमानों पर क्यों प्रवेश निषेध किया हुआ है? क्या यह वहाबियों को तय करना है कि एक अल्लाह का कलमा पढ़ने के बावजूद उनकी नजरों में कौन सा मुस्लिम समुदाय मुसलमान है और कौन मुशरिक या काफिर? किसी भी धर्म के किसी भी धर्मस्थान में धर्म या जाति के आधार पर किसी भी श्रद्धालु को जाने से मना करने का अधिकार मेरे विचार से किसी भी व्यक्ति,सरकार अथवा शासक को नहीं होना चाहिये।

# बैंकों का निजीकरण सभी समस्याओं का समाधान

अजीत रानाडे

यह विचार स्पष्ट रूप से गलत है कि भारत में बैंकिंग की सभी बुराइयों के निराकरण के लिए बैंकों का निजीकरण रामबाण उपाय है। सभी विफलताएं हाई-प्रोफाइल निजी बैंकों की रही हैं। सभी बैंक विफलताओं की शुरूआत 2008 में अमेरिका और पश्चिमी देशों में लेहमैन बैंक के पतन के साथ शुरू हुई और इसके प्रभाव से वैश्विक वित्तीय संकट पैदा हुआ। 1969 में जुलाई के तीसरे सप्ताह में दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं थीं। उनमें से एक राष्ट्रीय और दूसरी अंतरराष्ट्रीय घटना है। 20 जुलाई को चंद्रमा पर पहली बार मानव उतरा जो भारतीय समयानुसार रविवार की सुबह लगभग 8 बजे हुई थी। इससे बारह घंटे पहले 19 जुलाई को भारत में प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्र के नाम घोषणा की कि सरकार 14 निजी बैंकों का अधिग्रहण कर रही है जिनमें देश की 85 प्रतिशत राशि जमा है। एक घटना एक तकनीकी सफलता थी जबकि दूसरी ने राजनीतिक दुस्साहस का प्रदर्शन किया। प्रत्येक घटना का दीर्घकालिक प्रभाव था, एक अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम के विकास पर और दूसरा बैंकिंग और वित्त के विकास पर। आइये, बैंक राष्ट्रीयकरण के दीर्घकालिक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 1969 के बाद से अर्थव्यवस्था 50 गुना बड़ी हो गई है। उस समय उन 14 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास जमा पूंजी 100 करोड़ रुपये भी नहीं थे जबकि आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। वित्तीय क्षेत्र की गहरी पैठ होना इसकी औपचारिकता और देश के हर कोने में इसका प्रसार अभूतपूर्व रहा है 53 वर्षों के बाद पीएसबी के साथ जमा राशि का हिस्सा अभी भी 70 प्रतिशत है जो उस दिन राष्ट्रीयकरण के बाद से केवल 15 प्रतिशत की गिरावट बता रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा बैंकों के राष्ट्रीयकरण के कदम को राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन जल्दबाजी में बने इस कानून को सुप्रीम कोर्ट ने महज छह महीने बाद ही अस्वीकृत कर दिया था। इसलिए अदालत की बाधा को दूर करने के लिए एक संशोधित अध्यादेश पारित करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने इस निर्णय से अपार लोकप्रियता और राजनीतिक लाभ प्राप्त किया क्योंकि पिछले बीस वर्षों में सैकड़ों निजी बैंक डूब गए थे। जनता ने सही या गलत तरीके से माना कि उनका पैसा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सुरक्षित था। यह भावना आज तक बनी हुई है। यहां तक कि वर्तमान सरकार ने निजी बैंकों के बजाय पीएसबी पर निर्भरता दिखाई है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री जनधन योजना (जेडीवाई) के 90 प्रतिशत से अधिक, करीब 45 करोड़ खाते पीएसबी द्वारा खोले गये थे। यह दुनिया का सबसे प्रमुख वित्तीय समावेशन अभियान है और इसने जेडीवाई खातों में सरकारी सब्सिडी को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पहुंचाने में मदद की है। कोविड के दौरान भी ये खाते अमूल्य साबित हुए हैं। उनके पास एक बीमा कवर के साथ-साथ ई खातों से जुड़ी एक ओवरड्राफ्ट सुविधा भी है। छोटे उद्यमों के लिए मुद्रा ऋ ण भी ज्यादातर पीएसबी का एक विशेष डोमेन है। क्रेडिट पक्ष पर भी सरकार की परियोजनाओं के लिए ऋ ण का बड़ा हिस्सा, चाहे वह बंदरगाहों, सड़कों या रेलवे या अन्य बुनियादी ढांचे के प्रयासों में हो, पीएसबी के माध्यम से होता है। इसका ताजा उदाहरण उत्तरप्रदेश का बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे है जिसकी अनुमानित लागत 15 हजार करोड़ है। एक्सप्रेस-वे के लिए पीएसबी के सहायक संघ से लोन उठाया गया है। बैंक की विफलताओं के मामलों में भी पीएसबी बचाव के लिए आते हैं। यस बैंक को हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वास्तविक रूप से (तकनीकी रूप से नहीं) लिया गया था। कुख्यात ग्लोबल ट्रस्ट बैंक को 2004 में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने बचाया था। यदि कोई केवल पीएसबी के व्यवसायिक प्रदर्शन को देखता है तो तस्वीर कुछ साफ नहीं आती है। निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी के खराब ऋ णों की मात्रा बहुत खराब है। इन्हें गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन परफार्मिंग एसेट-एनपीए) कहा जाता है। क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल की एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि बैंक का कर्ज जानबूझ कर डुबोने वालों जिनके खिलाफ बैंकों ने कानूनी कार्रवाई शुरू की है, पिछले दस वर्षों में 10 गुना बढ़ गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

नगीना। थाना नगीना देहात पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार रविवार को थाना नगीना देहात पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तों शोएब पुत्र शफीक व इकबाल पुत्र शफीक व रफीक पुत्र वजीर निवासीगण ग्राम कोटकादर थाना नगीना देहात बिजनौर को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।

### अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

कोतवाली देहात। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभियुक्त फुरकान पुत्र नफीस उर्फ बब्बू निवासी गजरौला शिव थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर हाल निवासी रसूलपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को 01 चोरी की मोटर व 315 बोर के नाजायज तमंचे मय 02 जिंदा कारतूस के गिरफ्तार कर लिया।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गयी विदाई

बिजनौर। पुलिस विभाग में अपनी सेवायें देने के पश्चात 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 11 उपनिरीक्षकों व एक मुख्य आरक्षी को पुलिस विभाग द्वारा ससम्मान विदाई दी गयी। विदाई समारोह में उपनिरीक्षकों में सेवानिवृत्त होने वालों में मदनपाल सिंह, राम भूल सिंह, अजादार हुसैन, महेन्द्र पाल शर्मा, रविन्द्र कुमार, जर्रार हुसैन, हरवीर सिंह, सुरेश चंद, औकार सिंह, जयपाल सिंह, अशोक कुमार व मुख्य आरक्षी धर्मपाल सिंह को सेवानिवृत्ती पर सम्मान सहित विदाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### जलभराव से आवागमन दुश्वार, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हसनपुर। क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर डूंगर में जलभराव के चलते लोगों का आवागमन दुश्वार है। भारतीय किसान संघ ने प्रदर्शन करते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। समस्या समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि आबादी के पास पिछले लगभग सात साल से ज्यादा समय से जलभराव एवं कीचड़ की समस्या बनी हुई है। गंदे पानी व कीचड़ के चलते क्षेत्र वासियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, वहीं गंदगी से गांव में बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार ज्ञापन व प्रार्थना पत्र के माध्यम से समाधान कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। प्रशासन के गैर जिम्मेदार रवैए और समस्या के समाधान की मांग को लेकर कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही चेतावनी दी गई कि समस्या के समाधान न होने पर एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन को विवश होंगे। इस मौके पर चौधरी नरेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुंदरपाल बाल्मिकी, चंद्रसैन, लोकेश बाल्मिकी, मुनेश, रवि, नानक सिंह, जगवीर, गेंदा सिंह, अमित, केहर सिंह, नौसिंह, अनिल शर्मा आदि थे।

### हर घर तिरंगा फहराएगा आर्य समाज, बैठक में लिया निर्णय

हसनपुर। आर्य समाज मंदिर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता ओमपाल सिंह आर्य ने की। बैठक में जिला मंत्री विनय त्यागी ने बताया कि अभी तक वर्ष 2022-23 का कोटि धन और प्रतिनिधि शुल्क प्राप्त नहीं हुआ। पिछले महीने की बैठक में तीन दिवसीय आर्य समाज के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। उसमें कोई प्रगति नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस साल विशाल प्रचार कर तिगरी में राजकीय गंगा मेला लगाया जाएगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए आर्य समाज क्षेत्र धनौरा, गजरौला, हसनपुर और अमरोहा में छोटे-बड़े होर्डिंग चौराहों पर दीपावली के बाद लगवाए जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निश्चय हुआ।

# भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक सम्पन्न, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



रहरा। ब्लॉक परिसर में भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीरेश त्यागी एवं संचालन महेश त्यागी ने किया रविवार को भाकियू अराजनैतिक की ब्लाक परिसर में आयोजित मासिक बैठक में किसानों ने सरकार द्वारा किसानों से किए वादे पूरे न किए जाने पर रोष प्रकट किया। और प्रदेश सरकार से जल्द हीकिसानों से चुनाव में किए वादों को पूरा करने की मांग की उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा किसानों की फसलों पर एमएसपी लागू करने का वादा किया था।

सरकार को चुनाव में सफलता मिलने पर भी एमएसपी को लागू नहीं किया गया है। किसान आंदोलन के समय जिन किसानों पर मुकदमा दर्ज किये गए थे। वापस नहीं लिए गए है। किसानों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। चुनाव के समय भाजपा सरकार ने किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की थी। परंतु अब आधे बिल कम किए है इन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया। इससे किसानों में भारी रोष फैला हुआ है किसानों ने सरकार से माँग की उत्तर प्रदेश में किसानों की आर्थिक स्थिति सुधार के लिए खेती की बिजली फ्री की जाए, आवारा पशुओं से किसानों की फसल बर्बाद हो रही हैं जिससे किसान भी बर्बाद हो रहे हैं इससे किसानों को निजात दिलवाई जाए। लखीमपुर खीरी के हत्याकांड के दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए, ना कि सरकार में शामिल मंत्रियों के बेटे को बचाया जाए। इस मौके पर टीटू त्यागी, करण सिंह राणा, बाबूराम त्यागी, निगम त्यागी, चौधरी फूल सिंह, विजेंदर त्यागी, भागेश त्यागी, महेश त्यागी, लालचंद राणा, सुरेश चौधरी, अमरपाल सिंह, सुरेश कश्यप, ठाकुर महेश सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

### चकबंदी के चलते हो रहा किसानों का शोषण : महेंद्र सिंह

रजबपुर। थाना इलाके के गांव पीठखेड़ा में रविवार को किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आसपास के गांवों के किसान व ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में सभी लोगों ने चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त किए जाने की मांग करते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपने की बात पर सहमति जताई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि चकबंदी प्रक्रिया को गांव से बाहर रखा जाए। गांव में चकबंदी के चलते किसानों का शोषण होता है। साथ ही आरोप लगाया कि हेरा फेरी के चक्कर में ग्रामीणों को इधर से उधर किया जाता है। किसानों को बेवजह परेशान किया जाता है। इसलिए गांव के लोगों ने गांव में चकबंदी न कराने का निर्णय लिया है। साथ ही चकबंदी के विपक्ष में सभी लोगों ने अपने हस्ताक्षर भी किए। इस बैठक में समरपाल सिंह, सोमिन्दर सिंह, निपेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, इंद्र सिंह, निशू, राम सिंह, संजीव कुमार, लोकेश, अंकित, लोकिंदर सिंह, नीटू, होमपाल सिंह, विपिन कुमार, सतेंद्र सिंह, रमाल सिंह, भूरे सिंह, हरवेंदर सिंह, मनी, चरन सिंह स्वामी कृपाल सिंह बिजेंदर सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# बस और कार की भिड़ंत में कार सवारों में चार की मौत, चार घायल

## घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

रविवार की सुबह लगभग 4 बजे रोडवेज बस संख्या यूपी 32 एमएन 9894 रोहिलखंड डिपो जनरथ सेवा बरेली से चलकर नजीबाबाद से होती हुई भागूवाला की तरफ जा रही थी बस जैसे ही गांव मूसेपुर के सामने पहुंची तो बस ने विपरीत दिशा से आ रही कार नंबर यूपी 76 ☐2309 इको में जबरदस्त टक्कर मार दी मिली जानकारी के अनुसार ईको में सवार अमित पुत्र चरण सिंह निवासी गांव महेशपुर थाना राजपुर जनपद फरुखाबाद, पवन कुमार पुत्र शिवनंदन निवासी गांव राजपुर थाना राजपुर जनपद फरुखाबाद, धर्मेंद्र पुत्र नेत्रपाल निवासी राजे पुर फरुखाबाद, विपिन कुमार पुत्र राम लाल निवासी गांव महेशपुर थाना राजपुर जिला फरुखाबाद की मौत हो गई जबकि सुमित पुत्र राम अवतार निवासी गांव राजेपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद मनजीत सन ऑफ रमेश निवासी उपरोक्त रोहित सन ऑफ खेमकरण निवासी उपरोक्त सच्चिदानंद सन ऑफ महेश्वर सिंह निवासी उपरोक्त गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पाकर मंडावली पुलिस दुर्घटना स्थल पहुँची जहां घायलों को तुरंत उपचार हेतु जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार उनके परिवारजनों को सूचना दे दी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बस चालक मनीष कुमार के खिलाफ 139 धारा 279 337 338 304 ए 427 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने सेवानिवृत कर्मचारियों का किया स्वागत




धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

नगर पालिका में तैनात दो कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर पालिका अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी व कर्मचारियों माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही उनके द्वारा किए कार्य की सराहना की। रविवार को नगर पालिका में तैनात कर्मचारी तेजपाल सिंह व भोले सेवानिवृत हुए। पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी व अधिशासी अधिकारी अरूण कुमार ने दोनों कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर उनके द्वारा किए कार्यों की सराहना की। साथ ही माला पहनाकर व आतिशबाजी छोड़कर दोनों कर्मचारियों का स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी बताया कि तेजपाल सिंह व भोले के सेवानिवृत होने पर उन्हें सेवानिवृत पत्र के साथ निवृत्ति पर मिलने वाली धनराशि जारी कर दी गई। इस मौके पर अवर अभियंता तेजपाल सिंह, वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, लेखाकर सोनू कुमार, कुमारी आरती शर्मा, श्याम सिंह, आदि मौजूद रहे।

# उफान पर गंगा: पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में बढ़ी परेशानी

गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता



लगातार हो रही बारिश और बिजनौर बैराज से 88710 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण गंगा उफान पर है। गंगा किनारे निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। तिगरी, कांकाठेर, ओसीता जगदेवपुर के ग्रामीणों को खेतों में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण फसल नष्ट होने की चिंता सताने लगी है। खेतों के साथ ही रास्ते भी पानी से लबालब होने के कारण चारा आदि लाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार की सुबह तिगरी के सामने गंगा का जल स्तर 200.10 गेज मीटर दर्ज किया गया। बिजनौर बैराज से 88710 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण गंगा के जल स्तर में दस सेंटीमीटर की वृद्धि हो गई। क्योंकि रविवार को 200 गेज मीटर दर्ज किया गया था। गंगा के जल में दस सेंटीमीटर वृद्धि हो जाने के कारण गंगा उफान पर है। गंगा का जल आस पास के निचले खेतों में भर गया है। नजदीकी खेतों में तो तीन से चार फिट पानी है। गंगा का जल स्तर बढ़ जाने से एक तो किसानों के सामने चारे की किल्लत पैदा हो गई है, दूसरे फसल को नष्ट होने की चिंता सता रही है। चारे की फसल पानी भर जाने के कारण जल्द ही खराब हो जाती है। इसके अलावा खेतों को जाने वाले रास्ते पानी से लबालब होने के कारण ओसीता जगदेवपुर, कांकाठेर, तिगरी आदि गांवों के ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टापू में बसे दारानगर, मंदिर वाली, भुड्डी वाली गांवों के लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। जेई अनवर बहादुर खान ने बताया कि बिजनौर बैराज से 88710 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जल स्तर दस सेंटीमीटर बढ़ गया है।

# सावन माह में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा करते हुए भगवान शिव से मनोकामनाएं मांग रहे



अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

इन दिनों सावन माह में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा करते हुए भगवान शिव से मनोकामनाएं मांग रहे हैं। जिसमें ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंगल कामना के लिए कांवड़ ला रहे हैं। जिस पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ का चित्र भी लगाया हुआ है। दरअसल अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव भूतपुरी पहुंचने पर ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह का युवा भाजपा नेता आशीष चैहान आदि ने फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। कांवड़ ला रहे अजय प्रताप सिंह का कहना है कि मोदी-योगी के हाथों में ही यह देश पूरी तरह से सुरक्षित है। इन पर हमेशा विजयश्री का आशीर्वाद बना रहे इसलिए भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए वह कांवड़ लेने आए हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता आशीष चैहान के अलावा प्रवेश कुमार, शाहनवाज हुसैन, अमर प्रताप सिसौदिया, अंकित चैधरी, ऋषभ चैहान, दीपक चैहान तथा नरेश चैहान आदि उपस्थित रहे।

# कार्यवाई: मिट्टी खनन में मनौटा चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने हसनपुर थाने की मनौटा चौकी पर तैनात दरोगा संजय तोमर को अवैध मिट्टी खनन करवाने के मामले में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही बताया कि चौकी प्रभारी को अवैध मिट्टी खनन कराने को लेकर काफी दिनों से शिकायतें आ रही थी। शिकायतों पर संज्ञान लिया गया तो उसमें चौकी इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जिसके बाद एसपी ने सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। गौरतलब है कि हसनपुर कोतवाली की मनौटा चौकी प्रभारी संजय तोमर द्वारा चौकी क्षेत्र के गांव बसीकलां समेत आसपास के जंगलों में मिट्टी का अवैध खनन करवाने का आरोप लगा है। मामला संज्ञान में आने के बाद दरोगा की भूमिका संदिग्ध मिलने पर पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। उधर अचानक हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि हसनपुर कोतवाली इलाके की मनौटा चौकी पर तैनात उप निरीक्षक संजय तोमर पर चौकी क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन कराए जाने की शिकायते लगातार मिल रही थी। मामला संज्ञान में आने के बाद जांच की गई तो जांच में चौकी इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जिसके बाद उक्त चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

## भाजपा नेता के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ चोरी का मुकदमा

**गजरौला।** पूर्व प्रधान के घर हुई चोरी का मुकदमा जिला पंचायत सदस्य डॉ सोरन सिंह के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ है। पुलिस पर मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप था। शुक्रवार रात घर से करीब आठ लाख रुपये का माल चोरी हुआ था। थाना क्षेत्र के गांव बल्दाना असगर अली निवासी मदन सिंह पूर्व ग्राम प्रधान हैं। शुक्रवार रात मदन सिंह घर के आंगन में सो रहे थे। उनके बेटे भूपेंद्र व जितेंद्र परिवार के साथ अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात में घर के पीछे के रास्ते से चोर अंदर घुस आए। कमरे में घुसकर अलमारी का लॉक खोल लिया। अंदर रखी सोने की चेन, कुंडल, अंगूठी, झुमके, हार व अन्य आभूषण समेत 14 तोला सोना व एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर लिए थे। शनिवार सुबह जानकारी होने पर मदन ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। आरोप है कि पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिला पंचायत सदस्य सोरन सिंह थाने पहुंचे तथा प्रभारी निरीक्षक से बात करके मुकदमा दर्ज कराया।

# पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



**मुठभेड़**
- एक बदमाश व सिपाही हुए घायल
- पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

स्वाट/सर्विलांस टीम व थाना मण्डावर पुलिस द्वारा पुलिस कार्यवाही में 02 शातिर लुटेरों व लूटी हुई वैगन-आर कार तथा अवैध शस्त्रों सहित गिरफ्तार किया गया। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में एक आरक्षी तथा पुलिस कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को समय करीब 09.45 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि एक वेगन-आर कार में कुछ संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे है, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध है। पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा पुलिस को जनपद में प्रभावी चेकिंग के निर्देश दिए गए। समय लगभग 11.45 बजे थाना मण्डावर क्षेत्रान्तर्गत चंदक की तरफ से आ रही एक वैगन-आर कार नं0 क्स3र्बा6971 को मण्डावर-बिजनौर रोड पर हरिहरनगर चैकी के निकट पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तभी कार सवार दो बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे तथा कुछ दूर चलकर ईनामपुरा मोड पर इनकी गाडी असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग में स्वाट टीम के आरक्षी अरूण कुमार को हाथ में गोली लगी तथा पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल आरक्षी व बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस कार्यवाही के दौरान अभियुक्त मौ0 अकबर (घायल) पुत्र अब्दुल हमीद निवासी कस्बा व थाना अमरोहा नगर जनपद अमरोहा व उस्मान पुत्र अशरफ अली खान निवासी हमजा मस्जिद के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना मण्डावर पर मु0अ0सं0 186/22 धारा 307/411 भादवि बनाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अवैध शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 187/22 व 188/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अकबर व उस्मान उपरोक्त पंजीकृत किए गए है। अभियुक्तगणों से पूछताछ/जांच में ज्ञात हुआ की उनके द्वारा घटना में प्रयुक्त वैगन-आर जहीर हसन पुत्र जमीर हसन निवासी मौ0 पतियापाड़ा, थाना चांदपुर जनपद बिजनौर की है, जोकि दिनांक 23 जुलाई 2022 को उन्होने कलियर शरीफ जाने के लिये बुक की थी तथा रात्रि में गाडी मालिक व चालक जहीर को नशीला पदार्थ खिलाकर सुंघाकर उसकी गाडी लूट ली थी तथा जहीर को सडक किनारे झाडियों में फेंककर भाग गये थे।

उक्त घटना के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना चांदपुर पर मु0अ0सं0 486/22 धारा 328/392 भादवि बनाम 02 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत है। अभियुक्तगण के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, 06 जिंदा व 06 खोखा कारतूस तथा लूटी हुई वैगन-आर कार बरामद हुई है। अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# युवक को लाठी-डंडों से पीटकर अधमरा कर घायल किया

## घायल की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में कोहराम मचा

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र के गांव पुराना कालागढ़ में ब्रेड की जानकारी लेने पर कहासुनी के दौरान एक युवक को चार लोगों ने लाठी-डंडे से पीटकर अधमरा कर घायल कर दिया घायल की इलाज के दौरान मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव पुराना कालागढ़ निवासी वसीम अहमद पुत्र मौहम्मद नफीस ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया की पीड़ित का भाई सलीम उम्र 25 वर्ष बीती रात कालागढ़ में इस्लामु की दुकान पर खड़ा था कि अचानक वहां पर एक ब्रेड की गाड़ी आ गई गाड़ी चालक से पीड़ित का भाई सलीम ब्रेड के बारे में जानकारी ले रहा था कि अचानक इस्लामु पुत्र रहमुद्दीन, इकबाल पुत्र इस्लामु, फैसल पुत्र इस्लाम तथा मोमीना पत्नी इस्लामु निवासी कालागढ़ सलीम पर ब्रेड के जानकारी लेने पर भड़क गए और उसके साथ कहासुनी शुरू कर मारपीट पर उतारू हो गए और लाठी डंडों से उस पर हमला कर घायल कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए गांव वासियों के समझाने पर मामला शांत हो गया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। घायल सलीम की सुबह तबियत बिगड़ जाने पर उसे सीएचसी अफजलगढ़ लेकर आ रहे थे कि डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है। मृतक के भाई वसीम अहमद की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई वसीम अहमद की तहरीर पर गांव पुराना कालागढ़ निवासी इस्लामु व उसके पुत्रों इकबाल, फैसल तथा पत्नी मोमीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# स्कूल में घुसा तेंदुआ, कमरों में बच्चों संग कैद हुए शिक्षक

मंडी धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

तहसील क्षेत्र में दहशत का सबब बने तेंदुए ने स्कूली बच्चों की सांस भी अटका दी। शनिवार दोपहर गांव झुझेला के प्राथमिक विद्यालय में पेड़ पर चढ़े तेंदुए को देख बच्चों संग स्टाफ भी कमरों में कैद हो गया। सूचना आला अफसरों को दी। करीब तीन मिनट बाद पेड़ से नीचे उतरा तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। मौके पर पहुंचे बीईओ ने स्कूल की छुट्टी कर बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचवाया।

वहीं इसके पहले शुक्रवार देर शाम तेंदुआ गांव निवासी एक मासूम को भी घर से खींचकर ले गया था। ग्रामीणों के पीछा करने पर तेंदुआ बच्चे को छोड़ जंगल की ओर फरार हों गया था। शुक्रवार देर शाम गांव में तेंदुआ घर के भीतर से आठ वर्षीय मासूम आलोक को खींचकर ले गया था। लाठी डंडों से लैस ग्रामीणों के पीछा करने पर तेंदुआ बच्चे को बीच में ही छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला था।

इसके बाद से ग्रामीणों के बीच तेंदुए की दहशत बनी थी। इसी बीच शनिवार सुबह तेंदुआ गांव के ही प्राथमिक विद्यालय परिसर में खड़े पिलखन के पेड़ पर चढ़ गया। छात्र-छात्राओं व स्टॉफ ने नजारा देखा तो हड़कंप मच गया।

आनन फानन स्कूल स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को कमरों में बंद कर दिया। लगभग तीन मिनट के बाद तेंदुआ पेड़ से नीचे उतरते हुए खेतों की ओर चला गया। सूचना पर बीईओ राजकुमार मौक पर पहुंचे। स्कूल की छुट्टी कराते हुए छात्र-छात्राओं को सुरक्षित घर की ओर रवाना किया। इसके पहले क्षेत्र के गांव नांदनौर में संचालित एक निजी स्कूल प्रबंधन ने भी तेंदुए के खौफ के चलते बतौर एहतियात स्कूल में अवकाश घोषित कर दिया।

# मोहर्रम शुरू, अजाखानों में गूँज रही या हुसैन की सदाएं

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



माहे मोहर्रम का चांद दिखते ही नगर मे अजादारी का सिलसिला शुरू हो गया। कही ढोल ताशों तो कही नौबत बजने से फिजा गम गीन हो गई. देर रात तक विभिन्न अजाखानो मे मजलिस मातम का सिलसिला रहा शहर मे हसन इमाम, मास्टर तबारक अली, सिब्ते सज्जाद, मुदस्सिर अली खां, अफजाल हैदर, बुरेर मोहम्मद, हसन अली, तनवीर हसन, सर्फराज हुसैन, आसिफ निसार, मास्टर मिसम और कैसर मुज्तबा सोज ओ सलाम पेश कर रहे हैं. उधर महिलाएं भी अजादारी मे मसरूफ हैं।

नन्ने बच्चों मे भी अजादारी का जज्बा देखने को मिल रहा है. बतादें कि कोविड-19 की महामारी के कारण पिछले 2 वर्षों से नगर में मोहर्रम के जुलूस नहीं निकाले गए थे पर इस वर्ष हालात साजगार हैं इसी लिए अजादारों मे मातम मजलिस और जुलूस को लेकर अधिक जोश और जज्बा है हिंदुस्तान से बाहर मुल्कों में रहने वाले अमरोहा के लोग अपने शहर आना शुरू हो गए हैं अन्जुमन तहफ्फुजे अजादारी के कार्यवाहक अध्यक्ष हसन शुजा ने बताया कि अंजुमन ने जुलूस को लेकर सारी तयारियां मुकम्मल कर ली है।

### अजाखानो और घरों में भी बनाए जा रहे ताजिये

अमरोहा। मोहर्रम के दौरान इमामबाड़ों को सजाने के लिए लोग घरों में भी ताजिये बना रहे हैं। मंडी चौब के रहने वाले मास्टर अबुल हस्नैन ने इस वर्ष सफेद, सिल्वर व गोल्डेन कलर के ताज़िये बनाए है। साथ इसके अमरोहा से बाहर शहरों मे भी यही के बनाए हुए तबरुर्कात जुलूस मे शामिल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरनवाल महिला शक्ति सेवा समिति की ओर से धूमधाम से मनाया गया तीज उत्सव



सम्भल/चंदौसी। महिलाओं ने सावन के मल्हार गाये तथा गेम आयोजित किए गए। नृत्य प्रतियोगिता एवं कपल गेम का भी आयोजन किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महिला सेवा शक्ति की अध्यक्ष डॉ दुर्गा ने ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार धूमधाम से मनाते हैं इसका उद्देश्य सामाजिक सौहार्द को बढ़ाना है तथा प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न प्रतिभाओं को निखारना है। कार्यक्रम में बरनवाल समाज की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में तूलिका बरनवाल, नीलिमा ,आयुषी गुप्ता सुबोध गुप्ता, निधि गोयल, सुनैना गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, राजरानी, खुशबू, अंकिता, मोनिका, अनीता गुप्ता, कुसुमलता बरनवाल, सोनी, नीरज गुप्ता, राजरानी ,निर्मल, रजनी, अनाया, नव्या, सेजल , सुहानी, आर्ची, आयुषीआदि उपस्थित रहे।

### मुंशी प्रेमचंद का रचना संसार मानव जाति के लिये अमूल्य निधि है : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका रचना संसार मनुष्य जगत के लिये अमूल्य निधि है। योगी ने ट्वीट कर कहा, विश्व साहित्य जगत के देदीप्यमान नक्षत्र, यथार्थ व भावनाओं को शब्दाकार प्रदान कर उन्हें कालजयी रचना बनाने वाले उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।

### पैसों के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में हुई मारपीट

सम्भल/चंदौसी। दो सगे भाइयों में प्लाट को लेकर हुए विवाद में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया नगर के हनुमानगढ़ी में रहने वाले होराम सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी हनुमानगढ़ी में रहने वाले अपने ही सगे भाई के साथ प्लाट के पैसों को लेकर विवाद हो गया होराम सिंह का आरोप है कि उसने अपना एक निजी प्लाट अपने सगे भाई ओम सिंह को तीन लाख तीस हजार रुपयों में बेचा था। लेकिन प्लाट खरीदते समय ओम सिंह ने उसे ;एक लाख छत्तीस हजार ही दिए थे जिसकी बची हुई धन राशि रविवार की सुबह होराम ने जब अपने भाई ओम सिंह से मांगी तो ओम सिंह ने मारपीट शुरू कर दी जिससे होराम के सिर में चोट आई है होराम ने घटना की जानकारी कोतवाली चंदौसी में दी है पुलिस ने घटना की तहरीर के आधार पर मेडिकल कराकर एनसीआर दर्ज कर ली है।

### अचानक जिला अस्पताल पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

चित्रकूट। कर्वी से देवांगना रोड पर स्थित जिला अस्पताल में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए। उनके अचानक अस्पताल पहुंचने से हलचल मच गई। उन्होंने अस्पताल में लापरवाही करने वाले डॉक्टरों को फटकार लगाई। सफाई व मरीजों के इलाज के समुचित इंतजाम के निर्देश दिए। साथ ही बेहतरी लाने की हिदायत दी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निरीक्षण के दौरान मरीजों से समस्याएं जानीं। वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत की। अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में खामियां मिलने पर लापरवाही करने वाले डॉक्टरों को फटकारा। अस्पताल में कई जगह तार बाहर निकले देख वायरिंग दुरुस्त कराने के दिए निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में खड़ी एंबुलेंस को भी देखा।मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने को कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में किसी तरह की खामियों पर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिम्मेदार डॉक्टर मरीजों के इलाज में किसी तरह की हीलाहवाली न करें। प्रतिदिन सफाई इंतजाम दुरुस्त रखें।

### औरैया में एनटीपीसी से सोलर प्लेटें चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए आई सोलर प्लेट चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 51 सोलर प्लेटें बरामद की हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शिष्य पाल सिंह ने रविवार को बताया कि दिबियापुर क्षेत्र में एनटीपीसी प्लांट से सोलर प्लेटें चोरी होने की घटना सामने आई थी।

# सत्ता पर कब्जा ही भाजपा का प्रथम व अंतिम ध्येय : अखिलेश

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



**आरोप**
- भाजपा -आरएसएस का एकमात्र काम समाज को बर्बाद करना : अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्ता पर कब्जा और केवल सत्ता पर कब्जा यही भाजपा का प्रथम और अंतिम ध्येय है जिसके इर्द गिर्द उसकी राजनीति घूमती रहती है। सत्ता पाने के लिए भाजपा किसी भी स्तर तक जाने में नहीं हिचकती है। भाजपा-आरएसएस का एकमात्र काम समाज को बर्बाद करने का है।

भाजपा का ताजा एजेण्डा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र को हाशिये पर पहुंचाकर सत्ता में अपना वर्चस्व बनाए रखना है। इसके लिए चित्रकूट में इन दिनों भाजपा की मंथन, चिंतन, भोजन और विश्राम की कवायद चल रही है। यह चिंतन-मनन अपनी नाकामियों को छुपाने और जनता को अपने छलबल से भ्रमित कर उससे वोट बटोरने तक सीमित है भाजपा की केन्द्र सरकार के पास 8 साल में उपलब्धियों के नाम पर बताने को कुछ नहीं बचा है। भाजपा सरकार ने विकास की दिशा में एक भी कदम नहीं उठाया है। भाजपा विकास की चर्चा से परहेज करती है। भाजपा सत्ता के लिए झूठ फरेब की राजनीति करती है। कभी चित्रकूट तो कभी अयोध्या, काशी और मथुरा का मुद्दा पनपाना एजेण्डा है।

भाजपा सरकार को जनता की चिंता नहीं है। भाजपा की कोई भी योजना जनहित में नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय से नौजवानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भाजपा-आरएसएस के सांप्रदायिक एजेण्डे से ही कट्टरपंथी संगठन उभर कर सामने आ गये हैं। भाजपा चिंतन-मंथन से दूर केवल भोजन-विश्राम के सहारे अपना स्वार्थ चिंतन करती है। विकास कैसे अवरूद्ध हो, इसके लिए वह तीन तिकड़म सिखाने के लिए ही प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करना प्राथमिकता में है। भाजपा नेतृत्व दरअसल चित्रकूट में इस बात पर चिंतन-मनन करने नहीं बैठा है कि गरीबी के दलदल से गरीबों को कैसे निकाला जाए, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को कैसे ठीक किया जाए, नौजवानों को रोजगार के अवसर कैसे मुहैया कराये जाएं और महंगाई, अपराध तथा भ्रष्टाचार से कैसे निजात पाई जाए बल्कि सत्ता में बने रहने के लिए क्या-क्या षड्यंत्र किये जाए चित्रकूट में इसका ही मंथन है।

भाजपा जनता का सामना करने से दूर भागती है इसलिए उत्तर प्रदेश की जनता ने भी अब तय कर लिया है कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

# योगी ने राम दरबार में लगाई हाजिरी, निर्माण का लिया जायजा



अयोध्या, प्रात: किरण संवाददाता

रामजन्म भूमि आंदोलन के नायक स्वर्गीय रामचन्द्र परमहंस दास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने राम की नगरी अयोध्या पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी और रामलला के दरबार में जाकर दर्शन पूजन किया और भव्य राममंदिर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट में चल रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में भाग लेने के पहले श्री योगी आज अपरान्ह अयोध्या पहुंचे और हेलीपैड से सीधे हनुमान गढ़ी पहुंचे जहां उन्होंने राम भक्त हनुमान की आरती उतारी और प्रदेश के विकास की कामना की। योगी बाद में रामलला के अस्थायी मंदिर गये और दर्शन पूजन किया और राम जानकी की आरती उतार कर वंदना की। बाद में मुख्यमंत्री का काफिला राम जन्मभूमि स्थल की ओर बढ़ चला जहां उन्होंने मंदिर निर्माण के कार्यो का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने रामचन्द्र परमहंस दास की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दिगंबर अखाड़ा में साधु संतों से मुलाकात की।

### हरदोई में घरेलू कलह में दंपत्ति ने की आत्महत्या

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते रविवार को एक दंपति ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुरिया गांव निवासी रोडवेज बस चालक मोहित (32) ने आज सुबह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करली जबकि उसकी पत्नी अंजली (26) ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया दो साल पूर्व मोहित की पहली पत्नी की मौत हो गई थी जिसके बाद उसकी दूसरी शादी कोतवाली लोनार क्षेत्र के महरेपुर गांव निवासी विष्णु कुमार सिंह की पुत्री अंजली से हुई थी। पहली पत्नी के दो बच्चे चार साल का बेटा शिवा और दो साल की बेटी सृष्टि थे। परिजनों के मुताबिक अंजली पहली पत्नी के बच्चों शिवा और सृष्टि को रखने के लिए तैयार नहीं थी। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर तकरार और मारपीट होती रहती थी। देर रात पति पत्नी के बीच हुई मारपीट के बाद अंजलि ने घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी की खुदकुशी की जानकारी जब मोहित को हुई तो उसने गांव के बाहर से निकली रेलवे लाइन पर ककवाही रेलवे फाटक के पास ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी।

# यूपीआरटीओयू की परीक्षायें कल से जारी हुआ परीक्षा कार्यक्रम

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र जुलाई-2022 की परीक्षाएं प्रदेश के 139 केन्द्रों पर आगामी 2 अगस्त 2022 से शुरू हो जायेंगी। इन परीक्षा केन्द्रों में 8 केन्द्रीय कारागार भी शामिल हैं । परीक्षा में लगभग 60 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा 14 सितंबर तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा पीजी डिप्लोमा की परीक्षाएं 2 अगस्त से 8 अगस्त तक तीन पालियों में प्रातः 7 से 10 बजे तक, दिन में 11 से 2 बजे तक तथा शाम को 3 से 6 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त स्नातक और परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 10 अगस्त से 14 सितंबर तक 2 पालियों में प्रातः 9 से 12 तथा दोपहर 1 से 4 बजे तक होंगी।

**प्रवेश पत्र वेबसाइट पर हुए अपलोड:**

कुलपति ने बताया कि कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि गोरखपुर रीजन तथा प्रयागराज रीजन में सबसे अधिक 21 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं । इसके अतिरिक्त वाराणसी रीजन में 19, लखनऊ रीजन तथा आजमगढ़ रीजन में 13, अयोध्या रीजन में 10, कानपुर रीजन में 9, आगरा रीजन में 8, झांसी रीजन में 7, मेरठ रीजन में 6, गाजियाबाद रीजन तथा बरेली रीजन में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय जेल बंदियों की शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार पूरे प्रदेश में 8 केन्द्रीय कारागारों प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, गाजियाबाद, अयोध्या, बरेली, मेरठ और फ तेहपुर केन्द्रीय कारागार में जेल बंदियों को परीक्षा दिलाई जाएगी।

# पत्रकार संघ उत्तर प्रदेश की बैठक में हुआ जिला कार्यकारिणी का चुनाव

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



जिसमें हरद्वारी लाल गौतम को जिलाध्यक्ष जबकि मुजफ्फर हुसैन को जिला महासचिव निर्विरोध चुना गया। नये समाज का दर्पण समाचार पत्र के प्रधान कार्यालय पर मनीष चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पत्रकार संघ की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए निष्पक्ष पत्रकारिता का संदेश आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पत्रकार संघ उत्तर प्रदेश के सम्भल जिले की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

पत्र संघ की नवीन जिला कार्यकारिणी के चुनाव में भीष्म सिंह देवल, राघवेन्द्र शुक्ल, मनीष चौधरी,शाद उस्मानी, विनय अग्रवाल समेत सभी संरक्षक/सलाहकार चुनें गये। जबकि हरद्वारी लाल गौतम को जिलाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही नदीम अली, मुजम्मिल दानिश, धर्मेन्द्र चौधरी, दीपक कुमार व सचिन चौधरी समेत सभी उपाध्यक्ष जबकि मुजफ्फर हुसैन को महासचिव चुना गया। इसके अलावा शोभित कुमार, दिनेश सक्सेना , शानू मसीह, इरशाद खां व अरूण कुमार को सचिव चुना गया। जबकि इन्द्रपाल सिंह यादव को कोषाध्यक्ष तथा मौहम्मद अब्बास को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही मुबारक अली, मौ सलीम खान, परवेज खां तथा अरविन्द पाल को संगठन मंत्री जबकि भूपेंद्र सिंह, अजीम अब्बासी, स्वालेहीन अशरफी व रजत गुप्ता को प्रचार सचिव चुना गया। जबकि फरचंद अली वारसी, सनी गुप्ता, प्रदीप कुमार मिश्रा वह मौ शाबेज को जहां प्रवक्ता बनाया वही शशी बाला गौतम और ओमवीर सिंह को आय व्यय निरीक्षक चुना गया। जबकि डॉ अजीज उल्ला खां, खलील मलिक,वीरेश यादव, मनोज कुमार, सलीम अंसारी, स्वदेश दिवाकर, आमोद राघव,सिराज चिश्ती, गौरव वर्मा, अनिरूद्ध शर्मा, गुफरान कुरेशी,मोनू , कुलदीप चौधरी,जय प्रकाश मौर्य, तोता राम , पंकज राघव तथा विनोद राघव को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने कहा कि पत्रकारिता जगत में कुछ गलत और स्वार्थी पत्रकारों की वजह से गिरावट आई है। जिसके कारण सभी पत्रकार बदनाम होते हैं। इसलिए इसमें सुधार लाकर सम्मान दिलाना ही संघ का प्रमुख उद्देश्य होगा।

# सांसदों से समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे बिजली कर्मचारी

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के दो अगस्त को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में सांसदों को आमंत्रित कर उनसे इलेक्री् सिटी (अमेंडमेंट) बिल के विरोध में समर्थन जुटाने का प्रयास किया जायेगा। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख सांसदों को निमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में एक प्रस्तुतीकरण के जरिये इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 के दुष्परिणामों से सांसदों को अवगत कराया जाएगा और इसके विरोध में उनसे जन आंदोलन के लिये समर्थन मांगा जाएगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में डीएमके, टीआरएस, एनसीपी, आम आदमी पार्टी, सीपीएम, सीपीआई, शिवसेना तृणमूल कांग्रेस, सपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, के प्रमुख सांसदों के सम्मिलित होने की उम्मीद है। सरकार बिल को संसद में जोर जबरदस्ती से पारित कराने की कोशिश करती है तो देश भर के तमाम 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। दुबे ने कहा कि फेडरेशन बिजली कंपनियों के बारे में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का स्वागत करती है। उनके वक्तव्य से बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि सरकारी क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियां सरकारों की गलत नीति का शिकार है और यदि सरकारें समय से सब्सिडी और बिजली बिलों का भुगतान करें तो बिजली कंपनियों के समक्ष कोई वित्तीय संकट नहीं है। इसलिये इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 के जरिए बिजली वितरण के निजी करण का प्रस्ताव वापस लिया जाना चाहिए और सरकारी क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियों को बिना सरकारी हस्तक्षेप के स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर दिया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को दिलाया दिव्यांग विवि को शासकीय दर्जा दिलाने का भरोसा

चित्रकूट, प्रात: किरण संवाददाता

- 15 मिनट की मुलाकात में विकास के तमाम मुद्दों पर सीएम और जगद्गुरु के बीच हुई चर्चा

विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में शिरकत करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर धर्मनगरी चित्रकूट पहुंच गए। वह बेड़ीपुलिया स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद पहले सीधे पद्म विभूषण से सम्मानित श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात करने पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने जगदगुरु से आशीर्वाद व हाल-चाल लिया। उनसे स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। दोनों के बीच करीब 15 मिनट तक बातचीत हुई। इस दौरान जगद्गुरु की मांग पर योगी ने चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को शासकीय दर्जा दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जगद्गुरु के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने सीएम योगी का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री तुलसी पीठ से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए।ठीक ढाई बजे मुख्यमंत्री बिंदीराम होटल में प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए पहुंच गए।

भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट इन दिनों बिन्दीराम होटल में चल रहे भाजपा के प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर के चलते राजनैतिक गलियारो में सुर्खियों में है। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में योगी सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या और ब्रजेश पाठक समेत पूरी कैबिनेट और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में पूरा भाजपा संगठन शिरकत कर रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन में धार देने के साथ -साथ 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की जा रही है। कार्यक्रम के समापन सत्र में शिरकत करने रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह व कानपुर बुन्देलखण्ड अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ,बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल और जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे आदि ने गेट पर सीएम योगी का स्वागत किया। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। बेड़ी पुलिया से लेकर सीतापुर व तुलसी पीठ तक वाहनों का आवागमन को रोक दिया गया था।इसके साथ ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा फोर्स के साथ लगातार सीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### सरयू नदी के नाले में डूब कर 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर अंतर्गत एक गांव में मछली पकड़ने गए तीन किशोरों की सरयू( घाघरा) नदी के नाले में डूब कर मौत हो गई। यह बच्चे शनिवार को घर से 3:00 बजे दोपहर में निकले थे। रविवार को उनके शव गहरे पानी में पाए गए। थाना टिकैतनगर के बेलखरा गांव निवासी मोहम्मद कौसेन पुत्र शाहिद 16 वर्ष सलाउद्दीन पुत्र सजा उद्दीन 11 वर्ष व कुतुबुद्दीन पुत्र सजा उद्दीन 10 वर्ष गांव के बाहर सरयू (घाघरा) नदी से जुड़े हुए नाले में मछली पकड़ने गए थे। देर शाम तक जब यह बच्चे वापस लौट कर अपने घरों को नहीं पहुंचे। तो परिजनों ने इनकी खोजबीन शुरू कर दी। घंटों चली खोजबीन के बाद जब परिजन बच्चों को ढूंढते-ढूंढते सरयू नदी के बेहवा नाले पर पहुंचे तो वहां बच्चों के कपड़े और चप्पल दिखाई पड़े। जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी अजय त्रिपाठी ने गोताखोरों को बुलाकर बच्चे की तलाश में जुट गए। लेकिन शनिवार की देर शाम तक चली तलाश में पुलिस और गोताखोरों के हाथ खाली ही रहे।

# सीएम योगी व सिहँ ने गुरमत समागम आयोजित कर जीता सिखों का दिल: ज्ञानी

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



- श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश व दिवान राजभवन मे सजने से राजभवन की शुद्धता व पवित्रता मे बढोत्तरी हुई

हाल ही में महामहिम राज्यपाल के सानिध्य में राजभवन लखनऊ मे श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी के 401वे प्रकाश उत्सव को समर्पित महान गुरमत समागम का पंजाबी अकादमी उ०प्र० व केंद्री सिहँ सभा आलमबाग प्रधान स०निरमल सिँह आदि के विशेष सहयोग द्वारा संपन्न होने पर जत्थेदार तख्त श्री पटना साहिब ज्ञानी रंजीत सिंह जी गोहर - ए - मसकीन ने अपने एक ओडियो संदेश के माध्यम से सी०एम योगी व गुरूद्वारा आलमबाग प्रधान स०निरमल सिहँ के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

जत्थेदार ज्ञानी रंजीत सिंह जी ने आपने आडियो संदेश मे कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश व दिवान राजभवन मे सजने से राजभवन की शुद्धता व पवित्रता मे बढोत्तरी हुई है। ज्ञानी रंजीत सिँह जी ने कहा की संत स्वभाव मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी का सिखो की शान पगड़ी को पहन महाराज की सवारी को स्वयं आदर सत्कार के साथ राजभवन मे लाना व श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार एवं सिख जगत के सुप्रीम कमाण्डर सिहँ साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिहँ जी का महाराज को चौर साहिब की सेवा करते हुए चलना एक अविस्मरणीय पल है जो पूरी दुनिया के सिखो को गौरवान्वित कर रहा है व पूरी दुनिया को अपने धर्म,अपनी संस्कृति का सम्मान किस प्रकार किया जाये इस बात का संदेश दे रहा है। जत्थेदार साहब ने सी०एम०योगी आदित्यनाथ जी , प्रधान स०निरमल सिहँ एवम् सहयोगियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाए दी।

अपने ओडियो संदेश के अंत मे सी०एम योगी व प्रधान निरमल सिँह जी से आशा की कि वे इसी प्रकार सिख गुरुओ के देश व धर्म की रक्षा हेतु महान बलिदानी इतिहास को समर्पित गुरमत समागम आयोजित करते रहे व सिखो का महान इतिहास दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने मे अपनी अहम भूमिका निभाते रहें।

# शिव के प्रिय मास श्रावण में राम नगरी में झूला महोत्सव का आगाज

अयोध्या, प्रात: किरण संवाददाता

- पूरे सावन में मंदिरों में दोनों समय भगवान विग्रहों को झुलाने की परम्परा है

आदि देव शिव के प्रिय मास श्रावण के मौके पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रसिद्ध सावन झूला महोत्सव रविवार से शुरू हो गया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मणिपर्वत से शुरू हो रहे सावन झूला मेला श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन तक चलेगा। 12 दिनों तक चलने वाला सावन झूला मेले का मुख्य केन्द्र मणिपर्वत रहता है।

इस दौरान रामजन्मभूमि, कनक भवन समेत रामनगरी के दो हजार से अधिक मंदिरों से भगवान श्रीराम निकल कर मणिपर्वत झूला झूलने आते हैं। मणिपर्वत मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण व सुरक्षा का प्लान तैयार किया गया है। सावन झूला मेला में श्रद्धालु रिमझिम फुहारों में भी भव्य राम रस का रसास्वादन करते हैं और रात-रात भर मंदिरों में घूम-घूमकर विग्रहों को झुलाते हैं। इस समय छटा देखते ही बनती है। सावन में गाये जाने वाली कजरी गीतों का भी चारों ओर गूंज सुनाई देती है मणिपर्वत के मेले के दिन सीताराम झांकी को लेकर रामधुन गाते हुए श्रद्धालु मणिपर्वत पहुंचते हैं जहां वृक्षों में झूले डालकर भगवान के विग्रहों को झुलाया जाता है।

पूरे सावन में मंदिरों में दोनों समय भगवान विग्रहों को झुलाने की परम्परा है। मणिपर्वत पर पडने वाले झूलों में विग्रहों के अलावा छोटे-छोटे बच्चों को राम-सीता के रूप में सजाकर झुलाया जाता है। सखी सम्प्रदाय के लोग मनमोहक पोशाक पहनकर सोलह श्रृंगार करते हैं। इसी प्रकार 12 दिन तक चलने के बाद पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन के दिन मेला समाप्त हो जाता है। इस मेले में दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं और मेले का आनंद उठाते हैं डीएम ने बताया कि मणिपर्वत मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं ऐसे में टीले पर विराजमान भगवान सीताराम के दर्शन समूह में करना खतरा भरा होता है।

इसके मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा मणिपर्वत तक काफी हद तक मरम्मत करायी जा चुकी है। खतरे जैसी कोई स्थिति नहीं है। मेला क्षेत्र को सात जोन में बांट कर सुरक्षा के लिये मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गयी है तथा बैरियर को भी चिन्हित स्थानों पर लगा दिया गया है। सुरक्षा के लिये पर्याप्त पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। श्री कुमार बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देना हमारी प्रतिबद्धता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा तथा भीड़ नियंत्रण के लिये प्रवेश से लेकर निकासी मार्ग तक पांच बैरियर लगाये जा रहे हैं। भीड़ बढने की स्थिति में बैरियर की संख्या बढ़ायी जा सकती है। मणिपर्वत पर जत्थे में श्रद्धालुओं को भेजा जायेगा तथा उनके उतरने के बाद दूसरा जत्था जायेगा।

उन्होंने बताया कि इस बार में 15 से 20 श्रद्धालु को भेजा जायेगा। श्रद्धालु मणिपर्वत के प्रवेश मार्ग से टीले पर जायेंगे, फिर दर्शन-पूजन के बाद टीले के पीछे के रास्ते से मनमुनि कुंड होते हुए वापस मुख्य मार्ग पर आयेंगे। अयोध्या में प्रारम्भिक सावन मेला होता है जो मणिपर्वत पर भगवान के प्रमुख विग्रहों पर अपने-अपने मंदिर से लेकर श्रद्धालु आते हैं और झूलनोत्सव में श्रद्धालु लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती करके पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

### एक पुलिस उपाधीक्षक सहित 11 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

**बाराबंकी।** जिले में तैनात एक पुलिस उपाधीक्षक सहित 11 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। इन सभी को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में ससम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में 01 पुलिस उपाधीक्षक, 02 निरीक्षक, 06 उप निरीक्षक, 02 मुख्य आरक्षी शामिल हैं। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी स्थित सभागार में विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार दुबे, निरीक्षक आनन्द कुमार, निरीक्षक भगवती प्रसाद यादव, उप निरीक्षक लाल सिंह, उप निरीक्षक इन्द्रपाल सिंह, उप निरीक्षक राकेश कुमार,उप निरीक्षक हृदयेश कुमार, उप निरीक्षक मु मुईन, उप निरीक्षक कमल किशोर सिंह, मुख्य आरक्षी मान सिंह यादव, मुख्य आरक्षी श्रीमती सरला देवी को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी विदाई कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी पूर्णेन्दु सिंह व अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# धार्मिक ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



रामबाग रोड स्थित चंदौसी इंटर कालेज में बजरंगी सनातन समूह के तत्वाधान में धार्मिक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 1250 छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बजरंगी सनातन समूह के पंचम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक ज्ञान प्रतियोगिता का शुभारम्भ एडवोकेट भावना सक्सेना ने किया प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं से रामायण एवं महाभारत से संबंधित प्रश्न पूछे गए प्रतियोगिता कराए जाने के पीछे मकसद यह रहा कि आज की युवा पीढ़ी का सनातन धर्म के प्रति रूचि एवं जागरूकता पैदा करना था। छात्राओं के साथ काफी संख्या में अभिभावक भी आए जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की। लिखित परीक्षा बाहर से आए कक्ष निरीक्षकों की देखरेख में कराई गई। समूह के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुऐ बताया कि परीक्षा में विजयी प्रतिभागियों को छह अगस्त सायं चार बजे से साहू झुन्नी लाल की धर्मशाला में सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में चिराग वार्ष्णेय, विमल वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, अभिषेक वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय,कुशाग्र अग्रवाल आदि समूह के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सहयोग किया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 01 अगस्त, 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- टुनटुन यादव

फतुहा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव लगातार वार्डों में विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं। ऐसे में रविवार को मिजार्पुर नोहटा निवासी प्रो. जवाहर प्रसाद के निवास पर लोगों से मिलकर विकास कार्यों का जायजा लिया और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने बताया कि फतुहा शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं इसी दौरान यादव ग्रूप द्वारा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर यादव, पार्षद जयप्रकाश यादव उर्फ चंगरू जी, संजय कुमार बिट्टू, दीपक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि शिबू यादव, प्रो० जवाहर लाल प्रसाद, राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, संजीत यादव, छोटू कुमार, अंडू यादव, कोमल यादव, राजवीर सोनी, राहुल यादव सहित यादव ग्रुप के समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### कोविड 19 के लिंक पर क्लिक करने पर तेरह हजार रुपए की चपत

फतुहा। अगर आप किसी पुरस्कार या लॉटरी के चक्कर में किसी लिंक पर क्लिक करते हैं तो आपका खाता खाली हो जाएगा। ऐसे ही एक मामला आया है जिसमें गोविंदपुर निवासी एक युवती के मोबाइल पर कॉल कर किसी अंजान ने कहा कि आपका कोविड 19 के तहत दो हजार रुपए आया है। आपके मोबाइल पर एक लिंक गया है उस पर क्लिक कीजिए, उसके बाद दो हजार रुपए आपके खाते में चला जाएगा। इस तरह उस अंजान व्यक्ति ने लिंक पर सात बार क्लिक करवा कर पीड़ीता के खाते से तेरह हजार रुपए निकाल लिया। पीड़िता द्वारा इस संबंध में थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### 32 लीटर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

बाढ़। अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना की पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में 32 लीटर देशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया की अथमलगोला थाना पुलिस द्वारा थाना के निकट वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी क्रम में बख्तियारपुर की ओर से एक प्लास्टिक का बोरा लदा ई-रिक्शा चला रहा था। जिस पर दो युवक सवार थे। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के मद्देनजर जब हवा हवाई को रोक कर प्लास्टिक के बोरा की तलाशी ली गई तो उसमें से 32 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। इसके उपरांत बख्तियारपुर निवासी दोनों युवकों विनय कुमार और गोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें विभिन्न सुसंगत धाराओं के अधीन आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# कंगन घाट के पर्यटन भवन में जेपी नड्डा ने सुनी मोदी के मन की बात

## भाजपाई व विभिन्न संस्थाओं ने भी किया स्वागत, दिया अंगवस्त्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रविवार को पटना साहिब में भव्य स्वागत किया गया। अपने सम्मान और अभिनंदन से अभिभूत श्री नड्डा गाड़ी से निकल कर संक्षिप्त संबोधन करने से भी नहीं चूके। कार्यकताओं व आमजनों के साथ कंगन घाट स्थित पर्यटन भवन में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद दर्जनों संस्थाओं की ओर से सम्मान में अंग वस्त्र देने का तांता लग गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नड्डा के छोटी पहाड़ी से पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही वहां भाजपा नेता बलराम मंडल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। चौकशिकारपुर में सजे मंच और कार्यकताओं के उत्साह को देख उन्होंने गाड़ी का दरवाजा खोल माइक थाम ली और संबोधित किया। पूर्व डिप्टी मेयर संतोष मेहता, चौक मंडल के अध्यक्ष सन्नी यादव, अवधेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार पांडेय के साथ जल्ला महावीर, सती सत्यवान, लखन श्याम विद्रोही मंडल और वार्ड 62 के प्रमुख कार्यकताओं ने यहां की कमान संभाल रखी थी। भगत सिंह चौक, मारवाड़ी सेवा समिति और कचौड़ी गली मोड़ पर वार्ड 66, संजीव यादव, शशिशेखर रस्तोगी, राजेश साह, ललित अग्रवाल, संजीव देवड़ा, राजेश चौधरी, भगवती मोदी, खाजेकलां मंडल, चित्रगुप्त मंडल के अशोक भारती, पूरब द्वार मंडल राजू जायसवाल, मारुफगंज व मालसलामी मंडल के कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा किया। छोटी पहाड़ी, बाईपास रोड, गुरुगोविंद सिंह पथ, चौक, झाऊगंज, कंगन घाट सहित आसपास के इलाके को भाजपा के झंडे और नेताओं के भव्य कटआउट से पाट दिया गया था।

उनके साथ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद रामकृपाल यादव, सांसद रामा देवी, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, राज्य के मंत्री नारायण प्रसाद, निवर्तमान महापौर सीता साहू ने भी तख्त साहिब में मत्था टेका। वरिष्ठ भाजपा नेता और क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव ने सभी स्थानों पर उनकी आगवानी की। पीएम की मन की बात सुनने श्री नड्डा एवं अन्य अतिथि कंगन घाट के पर्यटक भवन में पहुंचते ही पार्टी के जयकारे से इलाका गूंज उठा। समयाभाव रहने के बावजूद श्री नड्डा दर्जनों संस्थाओं की ओर से सम्मान व अभिनन्दन में पुष्प-गुच्छ एवं अंग वस्त्र स्वीकारा और भव्य कार्यक्रम के लिए क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव को धन्यवाद दिया।

## बालू पर प्रतिबंध के विरोध में मजदूरों का प्रदर्शन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में बालू पर प्रतिबंध लगने के बाद मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा सुदर्शन पथ के नून का चौराहा में प्रदर्शन किया गया। इसमें बालू मजदूर भी शामिल थे। इसका नेतृत्व आप नेता अरविंद कुमार पंकज ने किया। प्रदर्शनकारी हाथ में तख्ती लेकर रोटी दो, रोटी दो का नारा लगाते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने हाथ में करणी, वसूली एवं पट्टा भी ले रखा था। श्री पंकज ने कहा कि बालू पर प्रतिबंध लगाना मुख्यमंत्री का तानाशाही रवैया है। इसके चलते बालू पर आधारित मजदूर/कामगार बेरोजगार हो गए हैं। पटना जोन के प्रभारी श्रीमती उमा दफ्तुआर ने कहा कि सीएम के फैसले से मजदूरों के पेट पर लात लगी है। बिहार सरकार से मांग की है कि बालू पर से पाबंदी तत्काल हटाई जाए, नहीं तो मजदूर ह्लरोटी दो, नहीं तो जेलह्व नामक कार्यक्रम चलाएगी। संबोधित करने वालों में आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश, प्रदेश मीडिया समन्वयक राजेश सिन्हा, मजदूर नेता देवी दयाल तथा मो सलीम रजा ने कहा कि बालू बंद होने से मजदूर के परिवार की स्थिति भयावह हो गई है।

## दशमेश पिता के दरबार में आकर मिलता शक्ति व भक्ति

### दरबार साहिब में सरोपा, तलवार व प्रतीक चिन्ह किया गया भेंट



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा पटना साहिब आने के बाद सबसे पहले दशमेश पिता के अवतार स्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में लोगों ने श्री नड्डा और अन्य वरीय नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद श्री नड्डा दरबार साहिब गए। यहांन मत्था टेकने के बाद जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन ने श्री जेपी नड्डा, संजय जायसवाल, रामकृपाल यादव, नंदकिशोर यादव आदि को सरोपा प्रदान किया गया। श्री नड्डा को कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित, वरीय उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, लखबिंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह व गुरुबिंदर सिंह ने तलवार व दशमेश पिता का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। यहां कमेटी की ओर से एक मांग पत्र भी श्री नड्डा को सौंपा गया। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्री हित व जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को दिल्ली में मिलने और इस पर विमर्श करने की बात कही।

### गंगा में डूबने से वृद्ध की मौत



**पटना सिटी।** महावीर घाट पर रविवार की सुबह गंगा स्नान के क्रम में गंगा में डूब कर एक वृद्ध की मौत हो गयी। आलमगंज थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर एनएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमगंज थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उम्र करीब 70 साल है। शरीर पर पीला रंग का कुर्ता, काला गंजी एवं उजला धोती है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव को पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया है।

## मच्छरहट्टा के व्यवसायी व व्यापारियों को मिलेगा ठंडा पानी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मच्छरहट्टा के व्यवसायियों और कारोबारियों को अब ठंडा पानी पीने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। दरअसल घघा गली में रहने वाले मोदी परिवार की ओर से पटना सिटी व्यापार मंडल के कार्यालय के पास शीतल पेयजल धारा लगवाया गया है।

इसका शुभारंभ रविवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि शिव प्रसाद मोदी ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट से पर्दा हटा कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के रूप में उन्हें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सभी व्यवसायियों ने सेवक का एक मौका दिया है और उन्हें खुशी है कि यहां ठंडे पानी की मशीन वह आज अपने माता-पिता स्व लक्ष्मी देवी व स्व दुर्गा प्रसाद मोदी की स्मृति में इसे सौंप रहे हैं।

आगे भी वह इस तरह का समाजसेवा अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर करते रहेंगे। इस दौरान भगवती प्रसाद मोदी, ओम प्रकाश मोदी, रमेश कुमार मोदी, पवन कुमार मोदी, सज्जन कुमार मोदी आदि मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और संचालन महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता अरुण मिश्रा, उदय राय, राजकुमार शर्मा, असगर अली, अजय यादव, विवेक द्विवेदी, भूषण खत्री, पप्पू पटवा, फिरोज खान, दिलीप कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा, रतन कुमार पोद्दार, संजीव कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## दादी जी की झूलनोत्सव पर हुआ मंगल पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



झूला डालो रे कदम की डाल दादी माहरी झूल रही। सावन सुरंगो जोर को जी कोई झूलो सती मात भक्त झुलावे जी, सावन की रुत है आई मां हम झूला तो झूला आएंगे जैसे अनेक भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल पटना सिटी द्वारा रविवार को मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित श्री दादी जी झूलन महोत्सव का घंटा, घड़ियाल और नगाड़ों के बीच आचार्य हरिकांत झा की देखरेख में दादी जी की मंगला आरती से हुआ। इसके बाद मुख्य यजमान शिव कुमार झुनझुनवाला सपत्नी पूजा-अर्चना किया। दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, मेहंदी उत्सव, दादी जी का सिंघाड़ा , 56 भोग के साथ हरे पत्तों के बीच दादी जी झूलन पर विराजमान थीं। 251 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ किया गया। पाठ को स्वर दिया राजेश देवड़ा और कोमल देवड़ा ने। महिलाएं लाल पीले वस्त्रों में राजस्थानी चुनरी लिए हाथों में मेहंदी लगाए दादी जी को रीझा रही थीं। महोत्सव को सफल बनाने में संयोजक चंद्रप्रकाश झुनझुनवाला, सतीश अग्रवाल, राजाराम शर्मा, संजीव देवड़ा, सुभाष झुनझुनवाला, ओम राजगढ़िया, प्रशांत झुनझुनवाला, अशोक झुनझुनवाला, अमित झुनझुनवाला आदि सक्रिय थे।

## सद्गुरु कबीर ने प्रेम को भक्ति भाव से जोड़ा- महंत ब्रजेश मुनि

### आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में साप्ताहिक सत्संग

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता



स्थानीय दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में रविवारीय सप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबीर मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने सद्गुरु कबीर साहेब का उपदेश बताते हुए कहा कि सदगुरु कबीर साहेब ने प्रेम को भक्ति भाव से जोड़ा सदगुरु कबीर साहेब कहते हैं कि प्रेम न बाडी उपजे प्रेम न हाट बिकाई। राजा परजा जेह रुचे सीस देह ले जाई। प्रेम एक ऐसी चीज है जिसे बस महसूस किया जा सकता है। प्रेम किसी खेत में नहीं बोया जा सकता, न ही वो किसी दुकान पर बिकता है। प्रेम तो ऐसी भावना है जो हम सबके अंदर होती है , बस जरूरत है उसे प्रकट करने की। कोई राजा को या कोई रैंक हो, प्रेम बलिदान मांगता है, प्रेम त्याग मांगता है, बिना त्याग और बलिदान के प्रेम नहीं मिल सकता। प्रेम हासिल करने के लिए हमें लालसा, घमंड, बुरी आदतों का त्याग और बलिदान करना पड़ेगा। प्रेम कोई वस्तु नहीं है बल्कि ये वो एहसास है जो किसी भी वस्तु से बढ़कर है। पढ़ी पढ़ी के पत्थर भया लिख लिख भया जू ईंट। कहें कबीरा प्रेम की लगी न एको छींट। प्रेम दुनिया में किसी भी चीज से बड़ा होता है। ये ज्ञान से भी बड़ा होता है। अपने बहुत सारा ज्ञान इकट्ठा कर लिया और हजारों किस्म का ज्ञान इकट्ठा करके अगर आपका हृदय कठोर हो गया है , आप प्रेम को नहीं समझ रहे तो उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं। आपसे अच्छा वो अज्ञानी है जो प्रेम की भाषा को समझता है। अगर आपको प्रेम का ज्ञान है तो आप सर्वज्ञानी हो। प्रेम का छोटा सा छींटा भी किसी पत्थर को संजीव बना सकता है। जिहि घट प्रेम न प्रीति रस, पुनि रसना नहीं नाम। ते नर या संसार में, उपजी भए बेकाम। सदगुरु कबीर के अनुसार जिसके दिल में प्रेम नहीं है, जिसने कभी किसी से प्रेम से बात नहीं की, किसी के सामने प्रेम व्यक्त नहीं किया, जिसने कभी प्रेम से भगवान राम का नाम नहीं लिया उसका जन्म व्यर्थ है। वो धरती पर आया न आया एक बराबर है। इस अवसर पर काशी के संत अशोक दास न्यास समिति के सदस्य शारदा देवी, संत महेश जी, दर्शन बाबा, कौशल मुनि,संत उमा दास, संत रामजी दास ने भी साधु संगति की। सत्य नाम साहेब, खोबी लाल साहेब, भक्ति मति राधा ने कबीर साहेब के भजन गाकर भक्ति भाव का अलख जगाया।

## 14 वर्षीय किशोर लापता, प्राथमिकी दर्ज



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के वाचस्पति नगर हनुमान मंदिर के पास रामसिंगार राय का 14 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार लापता है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बड़ा पुत्र प्रशांत निजी स्कूल में सातवां का छात्र है। 27 जुलाई को शाम चार बजे उसी स्कूल में कोचिंग के लिए गया था। इसके बाद घर वापस नहीं लौटा है। परिजनों ने संभावित स्थान पर खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पिता ने 30 जुलाई को मामले की लिखित जानकारी बहादरपुर थाना की पुलिस को दी है। पुलिस ने बताया कि कांड अंकित कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक युवक जख्मी

**बाढ।** अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के जमालपुर पेट्रोल पंप के निकट एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्तियारपुर की ओर से बाढ़ की तरफ जा रही तेज रफ्तार हाईवा जमालपुर पेट्रोल पंप के निकट अचानक अनियंत्रित हो गई। और गड्ढे में पलट गई। इस क्रम में बाढ़ एकडंगा निवासी जनार्दन प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसे स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल इलाज हेतु पास के निजी क्लीनिक में ले जाया गया। लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं होता देखकर चिकित्सकों ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जहां फिलहाल वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## महिला की मौत पर जमकर लोगों ने हंगामा किया

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

बीते शनिवार की रात्रि में बिहटा के जीजे कॉलेज रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में एक प्रसूता की मौत हो गई।इसके बाद उसके स्वजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।डियूटी पर तैनात दो कंपाउंडर द्वारा विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ किया।घटना की सूचना पर बिहटा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया।मृतका की पहचान सिगोड़ी थाना क्षेत्र के पतौना गांव निवासी राज कुमार शर्मा के 25 वर्षीय पत्नी शिल्पा कुमारी के रूप में की जा रही है।इस संबंध में मृतका का पति राज कुमार शर्मा ने बिहटा थाना में लिखित शिकायत देकर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।वही नर्सिंग होम के मालिक डॉ कृष्ण कुमार ने चार लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात 100 लोगों के खिलाफ मारपीट एवं तोड़फोड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुटी है।मिली जानकारी के अनुसार राज कुमार शर्मा की शादी बिहटा के नत्थूपुर निवासी शिल्पा कुमारी के साथ हुई थी।शिल्पी के गर्भवती होने पर वह अपनी मायके बिहटा नत्थूपुर में रहकर बीते छह माह से उक्त नर्सिंग होम में इलाज करवा रही थी।शनिवार की रात अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत पर उसके स्वाजनो ने उक्त नर्सिंग होम में इलाज के लिये आयी थी।लेकिन इलाज कुछ ही क्षण के बाद उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना पर लोग आक्रोशित होकर हंगामा शुरू कर दिया।डियूटी पर तैनात कंपाउंडर शशी कुमार एवं अनूप कुमार ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिया। अचानक बढ़ता बबाल को देख मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार ने बिहटा पुलिस को सूचित कर दिया।जिसके बाद उनलोगों ने चिकित्सक को पकड़ उनके साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया।स्वाजनो का आरोप था कि चिकित्सक के द्वारा त्वरित इलाज नही किया गया है।उनलोगों ने चिकित्सक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय से समुचित इलाज होता तो शायद शिल्पा बच जाती।वही नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार ने इलाज में लापरवाही का आरोप गलत बताया है।उनका कहना है कि प्रसूता की बीपी काफी बढ़ गयी थी ।उनका समुचित इलाज किया गया है।उन्होंने कहा कि मौत के बाद असमाजिक तत्वों ने साजिस के तहत नर्सिंग होम को बदनामी करने के लिये तोडफोड़ एवं मारपीट किया गया है ।उनका कहना है आक्रोशितों के द्धारा की गई कुकृत में करीब तीन से चार लाख रुपये की नुकसान है। इस संबंध में बिहटा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने एक प्रसूता की मौत पर तोड़फोड़ की मामले की पुष्टि करते हुए बतलाया की शिकायत दोनो तरफ से दी गयी है ।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पस्ट होगा ।

### एक शाम रफी के नाम

**पटना सिटी।** मशहूर गायक स्व मो रफी की पुण्यतिथि पर उनकी याद मेंचन्द्र माल्य महादेव मंदिर रोड स्थित एक सामुदायिक भवन में एक शाम रफी के नाम का अयोजन किया गया। महफिल में आनन्द म्यूजिक ग्रुप के कलाकार प्रेम कुमार शर्मा के द्वारा बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है, ये रेशमी जुल्फें ये शरबती आंखें, फूलों की रानी बहारों की मलिका, मुझे याद रहा तू भूल गई आदि गीत गायक प्रेम कुमार शर्मा ने गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार के द्वारा नाल और ढोलक पर जूली, की-बोर्ड पर सन्नी कुमार, औपटो पैड पर विनीत कुमार और गिटार पर अमरनाथ ने श्रोताओं को बजा कर सुनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व चुन्नू चन्द्रवंशी ने किया। इस दौरान दिव्य सुन्दर, बाबू भाई, मुकेश ठाकुर, मनोज शर्मा, संजय कुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, विरेन्द्र कुमार पप्पू, संतोष कुमार शर्मा और गणेश कुमार शामिल हुए।

## माता पद्मावती का सोलह श्रृंगार के साथ विधान संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लंगूर गली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में तीन दिनों से चल रहे मां पद्मावती आराधना महोत्सव का समापन रविवार को विधि-विधान के साथ हो गया। श्रद्धालुओं ने माता की आराधना में अर्घ्य समर्पित किया।

प्रवीण जैन ने बताया कि देश में विराजमान समस्त माता पद्मावती के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान जिनशासनी माता पद्मावती का भव्य दरबार सजा कर कर भक्तों ने अर्घ्य का सुसज्जित आकर्षक पूजा थाल में 24 प्रकार का अर्घ्य, अनेकों फल, मिष्ठान, मोदक, नैवेद्य चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का जलाभिषेक, शांतिधारा व पूजा-पाठ किया गया। प्रतिष्ठाचार्य डॉ आनंद



प्रकाश जैन शास्त्री के निर्देशन में महिला श्रद्धालुओं ने मां पद्मावती का सोलह श्रृंगार और गोद भराई की रस्म मंत्रोच्चारण पूर्वक किया। देवी पद्मावती की वेदी आकर्षक फूल और मालाओं से भव्य सुसज्जित सजाये गये थे। माता पद्मावती का महाआरती कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### भाकपा सम्मेलन में संकल्प, महंगाई व बेरोजगारी पर करेंगे आंदोलन

**पटना सिटी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की चौक शाखा का सम्मेलन मंगल तालाब स्थित बिहार हितैषी पुस्तकालय परिसर में जयप्रकाश मालाकार व जफर इमाम की अध्यक्षता व शंभू शरण प्रसाद के संचालन में हुई। इसका उद्घाटन राज्य परिषद सदस्य मोहन प्रसाद ने की. सम्मेलन को राज्य कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत कुमार,सचिव देवरतन प्रसाद, मो रिजवान, शेषनाथ मेहता, केसरी कुमार राही, कुमार बिंद, आशुतोष कुमार सिंह, मो शौकत, सुरेंद्र यादव, रघुनाथ प्रसाद यादव, श्रीकांत पासवान, टुनटुन पासवान, विनय कुमार साहू, जगदीश राय आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि जनता महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है। धर्म के नाम पर सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश समेत अन्य बिंदुओं पर संघर्ष का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें



### आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न भरने संबंधी एफएक्यू जारी किया

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा है कि ऐसे करदाता जिनके मोबाइल नंबर आधार से जुड़े नहीं हैं वे इंटरनेट बैंकिंग में लॉग-इन कर या वैध डिजिटल सिग्नेचर प्रमाण-पत्र का इस्तेमाल करक आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल पर नया पासवर्ड डाल सकते हैं। कारोबारी आय वाले करदाताओं और कॉरपोरेट जगत के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा नजदीक आ रही है, ऐसे में आयकर विभाग ने बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) या प्रश्नोत्तर जारी किए हैं। इसमें उन 10 प्रमुख सवालों के जवाब दिए गए हैं जो करदाताओं ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने के दौरान पूछे थे। आयकर विभाग ने बताया कि विभिन्न बैंक विभाग को जानकारी तीन से चार दिन में भेजते हैं, उसके बाद ही वह जानकारी कर-रिटर्न/पहले से भरे गए ब्योरे में जुड़ती है। उसने कहा, आईटीआर में कर अदायगी की जानकारी अपने-आप दिखने लगती है लेकिन करदाताओं को थोड़ा इंतजार करना होगा। पासवर्ड बदलने के बारे में एक सवाल के जवाब में विभाग ने कहा कि उपयोगकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणन का इस्तेमाल कर पासवर्ड बदल सकते हैं। वे ई-फाइलिंग खाते में इंटरनेट बैंकिंग के जरिये सीधे भी लॉगइन कर सकते हैं। करदाताओं द्वारा पूछे गए सवालों में एआईएस, 26एएस में दिखाई देने वाली आय में अंतर, बैंक ब्याज की बचत के लिए कटौती, कर व्यवस्था बदलना, ऑफलाइन तरीके से रिटर्न भरना आदि शामिल थे। आईटी रिटर्न भरने की तारीख करदाता की श्रेणी के अनुसार भिन्न होती है। वेतनभोगी लोगों को आयकर रिटर्न 31 जुलाई तक भरना होता है जबकि कॉरपोरेट और कारोबारियों को 31 अक्टूबर तक रिटर्न भरना होता है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में रविवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड 103.97 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.30 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# परिवहन प्रणाली में नया बदलाव

## इंजीनियरिंग संस्थानों में ईवी टेक्नोलॉजी पढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक व निजी परिवहन प्रणाली में एक नया बदलाव शुरू हो गया है। यह बदलाव वाहनों के इलेक्ट्रिफिकेशन का दौर लेकर आया है। ऊर्जा के इस नए स्रोत को व्यवहारिक बनाने में प्रशिक्षित कार्य बल और उन्नत टेक्नोलॉजी से लैस इंजीनियर्स की बड़ी भूमिका है।

इलेक्ट्रिक वाहनों की इस नई प्रौद्योगिकी की मांग ने भारत और पूरी दुनिया में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर के नए द्वार भी खोले हैं। भविष्य की इन्हीं मांगों को देखते हुए अब देश भर के आईआईटी व अन्य शिक्षण संस्थान इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े एडवांस पाठ्यक्रम विकसित कर रहे हैं।

इन जरूरतों को पूरा करने के लिए आईआईटी दिल्ली, ईवी प्रौद्योगिकी में एडवांस प्रोग्राम लेकर आया है। आईआईटी-दिल्ली के मुताबिक, इसके अंतर्गत छात्र आईआईटी-दिल्ली में ई-मोबिलिटी में उद्योग-प्रासंगिक कौशल-सेट में अपस्किलिंग करके ईवी क्रांति का हिस्सा बन सकते हैं। आईआईटी दिल्ली का यह एडवांस कार्यक्रम केवल 6 महीने की अवधि



में पूरा किया जा सकता है। आईआईटी में यह बैच 7 अगस्त से शुरू होगा।

आईआईटी-दिल्ली के एडवांस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन की मूल योजना, वाहन की गतिशीलता और ड्राइव चक्र की अवधारणा जैसे विषय छात्रों को सिखाए जाएंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी ट्रेंड की रेंज, ईवी के लिए चार्जर उसके स्तर स्तर और मानक, चार्जर के प्रकार और भारतीय मानक बैटरी प्रबंधन प्रणाली के विषय में छात्रों को जानकारी दी जाएगी। आईआईटी-दिल्ली के इस एडवांस प्रोग्राम में ई-वाहन चार्जिंग के विभिन्न पहलू, ई-वाहन गतिशीलता में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के चार्जर के बारे में जाना जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां छात्र उद्योग प्रासंगिक विषय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में उद्योग 4.0 की अवधारणाएं सीखेंगे।

इसके साथ साथ इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन अब बतौर 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम के अंतर्गत भी आईआईटी में छात्रो को पढ़ाया जाएगा। आईआईटी मंडी इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में मास्टर प्रोग्राम यानी एमटेक शुरू कर रहा है। इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में मास्टर प्रोग्राम की अवधि दो वर्ष है। इस कोर्स का पहला बैच भी अगस्त 2022 से शुरू होगा। इसका संचालन आईआईटी-मंडी के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (एससीईई) और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग (एसई) मिल कर करेंगे। प्रोग्राम की अहमियत बताते हुए आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष डॉ. समर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. नरसा रेड्डी तुम्मुरु ने कहा, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में एम.टेक इलेक्ट्रिक परिवहन उद्योग में कुशल कर्मियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत सरकार की पहल को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है। इसका लाभ नए और मौजूदा दोनों उद्यमियों को मिलेगा। उधर ईवी वाहनों की चार्जिंग सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से दिल्ली में सभी सुविधाओं से लैस देश के पहले सात ईवी चार्जिंग स्टेशन हाल ही में शुरू किए गए हैं। यहां स्लो चार्जिंग पर तीन रुपये और फास्ट चार्जिंग पर 10 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लिया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली में पहले से ही दो हजार चार्जिंग प्वाइंट्स चालू हैं। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के आंकड़े बताते हैं कि दिल्लीवालों ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली बड़ी तेजी से देश की ईवी कैपिटल भी बन रही है। अब इस क्षेत्र में लोगों की सहूलियत के लिए एक एप भी बनाया गया है। इसकी मदद से लोगों को अपने आसपास स्थित चार्जिंग स्टेशन को तलाशने में मदद मिलेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, पिछले दो साल में दिल्ली में करीब 60,846 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा चुके हैं। 2020 में जब ईवी पॉलिसी बनाई थी, तब यह उम्मीद नहीं थी कि इतना जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलेगा। पिछले साल 25,809 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए थे, जबकि इस साल बीते सात महीने में ही 29,848 ईवी खरीदे जा चुके हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 115 फीसदी की वृद्धि हुई है।

दिल्ली सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में दिल्ली में जितने वाहन खरीदे गए हैं, उनमें 9.3 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन थे। इसमें सबसे ज्यादा दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में 57 फीसद की वृद्धि हुई है। दिल्ली में करीब 150 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें भी खरीदी जा चुकी हैं। अगले हफ्ते 75 इलेक्ट्रिक बसें और आ रही हैं। इसके अलावा, 2023 के अंत के दो हजार और इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में आ जाएंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) 10 अगस्त को दिल्ली ईवी फोरम की मेजबानी भी करेगा। यह दिल्ली की ईवी पॉलिसी के प्रभावी और सहयोगी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, आरडब्ल्यूए समेत दिल्ली भर में ईवी इको सिस्टम में 200 से अधिक हितधारकों को एक साथ लाने की एक अनूठी पहल है।

# आईओसी को पेट्रोल की बिक्री पर प्रति लीटर 10 रुपये, डीजल पर 14 रुपये का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में पेट्रोल 10 रुपये प्रति लीटर के नुकसान पर बेचा है। इसके अलावा डीजल की बिक्री पर कंपनी को प्रति लीटर 14 रुपये का नुकसान हुआ है। यही वजह है कि कंपनी को सवा दो साल में पहली बार किसी तिमाही में नुकसान उठाना पड़ा है। देश की सबसे बड़ी तेल शोधन और ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी को चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 1,992.53 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 5,941.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वहीं इससे पिछली यानी जनवरी-मार्च की तिमाही में कंपनी को 6,021.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

आईओसी की सालाना आधार पर कर, ब्याज, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व एकल आय (ईबीआईटीडीए) 88 प्रतिशत घटकर 1,358.9 करोड़ रुपये रह गई। वहीं कंपनी को 1,992.5 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। हालांकि तिमाही के दौरान कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) ऊंचे स्तर पर यानी 31.8 डॉलर प्रति बैरल रहा है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है, कंपनी की आय में गिरावट की प्रमुख वजह पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री पर मार्जिन में भारी गिरावट है। कंपनी को पेट्रोल पर प्रति लीटर 10 रुपये और डीजल पर 14 रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से कंपनी को भंडारण पर भी 1,500 से 1,600 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेट्रोलियम कंपनियों लागत के हिसाब से प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करती हैं। लेकिन आईओसी के साथ भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) ने लागत बढ़ने के बावजूद वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए हैं। इस समय भारत का कच्चे तेल का आयात औसतन 109 डॉलर प्रति बैरल बैठ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में पेट्रोल पंप पर वाहन ईंधन कीमतें 85 से 86 डॉलर प्रति बैरल के भाव के हिसाब से तय की गई हैं। रिपोर्ट कहती है कि यह जनवरी-मार्च, 2020 की तिमाही के बाद से कंपनी का पहला तिमाही नुकसान है।

# एलन मस्क बोले, ट्विटर खातों के साथ बातचीत हो गई है काफी कम

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

टेक अरबपति एलन मस्क ने एक गुप्त ट्वीट साझा किया है और यह भी कहा है कि 4.4 करोड़ डॉलर के अधिग्रहण सौदे को लेकर प्लेटफॉर्म के खिलाफ जवाबी मुकदमा दायर करने के बाद लगभग सभी ट्विटर खातों के साथ बातचीत काफी कम हो गई है।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने लिखा है कि लगभग सभी ट्विटर खातों के साथ बातचीत हाल ही में बहुत कम हुई है।

मस्क ने ट्वीट में लिखा : टेस्ला प्लस ट्विटर - ट्विजलर।

हाल ही में, मस्क ने ट्विटर के खिलाफ माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के साथ चल रहे कानूनी विवाद के हिस्से के रूप में 44 अरब के अधिग्रहण सौदे को लेकर एक काउंटरसूट दायर किया। हालांकि मुकदमा अभी तक जनता के लिए सुलभ नहीं है और आंशिक रूप से संशोधित संस्करण जल्द ही अदालत के नियमों के तहत उपलब्ध हो सकता है। यह स्पष्ट नहीं था कि



मस्क ने अदालत से अपने काउंटरसूट का विवरण गोपनीय रखने के लिए क्यों कहा, जब टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर और प्रेस साक्षात्कारों में ट्विटर की मुखर आलोचना की थी।


हाल ही में, मस्क को एक ट्वीट में एक फॉलोवर ने लिखा, एसईसी नियम 10 बी-5 के तहत ट्विटर भौतिक तथ्यों की चूक या भ्रामक के लिए उत्तरदायी हो सकता है। उचित परिश्रम को छोड़ने का मतलब यह नहीं है कि आपको एक कपटपूर्ण प्रकटीकरण स्वीकार करना होगा। मस्क ने जवाब दिया : बिल्कुल।

# पीसी शिपमेंट, चिप की बिक्री में इस साल आई रिकॉर्ड गिरावट : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

गार्टनर के अनुसार, वैश्विक सेमीकंडक्टर राजस्व इस साल 2021 की 26.3 फीसदी की वृद्धि से घटकर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पीसी से चिप की बिक्री में 5.4 फीसदी की गिरावट आने की संभावना है। 2020 और 2021 में वृद्धि दर्ज करने के बाद इस साल पीसी शिपमेंट में 13.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

स्मार्टफोन से सेमीकंडक्टर राजस्व 2021 में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी गति से 3.1 प्रतिशत की वृद्धि की गति पर है। गार्टनर में प्रैक्टिस वीपी, रिचर्ड गॉर्डन ने कहा, हालांकि चिप की कमी कम हो रही है, वैश्विक अर्धचालक बाजार कमजोरी की अवधि में प्रवेश कर रहा है, जो 2023 तक जारी रहेगा जब सेमीकंडक्टर राजस्व में 2.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। निमार्ताओं को पहले से ही अर्धचालक अंत बाजारों में



कमजोरी दिखाई दे रही है, विशेष रूप से उपभोक्ता खर्च के संपर्क में आने वाले। बढ़ती मुद्रास्फीति, करों और ब्याज दरों के साथ-साथ उच्च ऊर्जा और ईंधन की लागत, उपभोक्ता की प्रयोज्य आय पर दबाव डाल रही है।

गॉर्डन ने कहा, यह पीसी और स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर खर्च को प्रभावित कर रहा है।


कुल मिलाकर, 2022 वैश्विक अर्धचालक राजस्व पिछली तिमाही के पूवानुर्मान से 36.7 अरब डॉलर से घटाकर 639.2 अरब डॉलर कर दिया गया है, क्योंकि वर्ष के दौरान आर्थिक स्थिति खराब होने की आशंका है।

मेमोरी की मांग और मूल्य निर्धारण में नरमी आई है, खासकर पीसी और स्मार्टफोन जैसे उपभोक्ता से संबंधित क्षेत्रों में, जो विकास में मंदी का नेतृत्व करने में मदद करेगा।

एक उद्यम के दष्टिकोण से इन्वेंट्री तेजी से ठीक हो रही है, लीड समय छोटा होने लगा है और कीमतें कमजोर होने लगी हैं। गॉर्डन ने कहा, अर्धचालक बाजार एक उद्योग के चक्र में प्रवेश कर रहा है, जो नया नहीं है, और पहले भी कई बार हो चुका है।

उन्होंने बताया, जबकि उपभोक्ता स्थान धीमा हो जाएगा, निरंतर क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के कारण डेटा सेंटर बाजार से सेमीकंडक्टर राजस्व लंबे समय तक (2020 में 20 प्रतिशत की वृद्धि) लचीला रहेगा। इसके अलावा, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट अगले तीन वर्षों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज करना जारी रखेगा, क्योंकि इलेक्ट्रिक और स्वायत्त वाहनों के संक्रमण के कारण प्रति वाहन सेमीकंडक्टर सामग्री में वृद्धि होगी।

# गूगल ने अपनी क्लाउड गेमिंग सेवा स्टैडिया को बंद करने से किया इनकार




सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

गूगल ने अपने क्लाउड गेमिंग प्लेटफॉर्म स्टैडिया को बंद करने के दावे का खंडन किया है। खंडन करते हुए गूगल ने कहा कि वह अभी भी प्लेटफॉर्म पर और शानदार गेम लाने की योजना पर काम कर रहा है। एंगाडजेट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरूआत में एक अफवाह फैली थी कि कंपनी इस साल के अंत में प्लेटफॉर्म को बंद कर देगी। आधिकारिक स्टैडिया ट्विटर अकाउंट ने पीसी गेमर द्वारा देखे गए एक ट्वीट में एक संबंधित प्रशंसक को बताया कि, स्टैडिया बंद नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि, आश्वस्त रहें, हम हमेशा प्लेटफॉर्म और स्टैडिया प्रो पर और अधिक शानदार गेम लाने की योजना पर काम कर रहे हैं।

संदेश के अनुसार, एक पुराने सहकर्मी और मित्र ने कहा कि गूगल ने हाल ही में स्टैडिया के भविष्य पर चर्चा या इसकी खामियां को लेकर एक बैठक की थी। उन्होंने दावा किया कि कंपनी गर्मियों के अंत तक प्लेटफॉर्म को बंद कर देगी और गूगल प्ले म्यूजिक के साथ उसी रणनीति का उपयोग करके ऐसा करेगी।

# सरकार जल्द ही दे सकती है 12 लाख टन अतिरिक्त चीनी निर्यात की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार चालू चीनी सत्र में उत्पादन अनुमान से अधिक रहने की संभावना के मद्देनजर अतिरिक्त 12 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है। यह अतिरिक्त निर्यात कोटा चालू 2021-22 सत्र के लिए पहले दी गई एक करोड़ टन चीनी निर्यात की अनुमति से ऊपर होगा।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों के एक समूह की हाल में हुई बैठक में चीनी निर्यात के अतिरिक्त कोटा को मंजूरी दी गई। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। चीनी उत्पादन के नोडल मंत्रालय के रूप में काम करने वाला खाद्य मंत्रालय अतिरिक्त कोटा आवंटित करने के तौर-तरीकों पर काम कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि 2021-22 के सीजन में देश का कुल चीनी उत्पादन पांच लाख टन बढ़कर



3.6 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जो 3.55 करोड़ टन के पिछले अनुमान से अधिक है। चीनी के अतिरिक्त कोटे के निर्यात के बाद भी देश में लगभग 60-68 लाख टन का क्लोजिंग स्टॉक बचा रहेगा।

चीनी मिलों ने अक्टूबर, 2021 से सितंबर, 2022 के चीनी सत्र में अबतक नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अफगानिस्तान, इंडोनेशिया, सोमालिया और अन्य देशों को 99.7 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। सूत्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल में कुछ सुधार और कच्ची चीनी की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद भारतीय चीनी की वैश्विक मांग बनी हुई है। पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चीनी निर्यात की सीमा में 10 लाख टन की छूट देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि चीनी का उत्पादन पहले के अनुमानों से अधिक होने की उम्मीद है।

# इंडिगो जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेगी, कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे सुलझाएंगे: दत्ता

मुंबई, एजेंसी

विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोनोजॉय दत्ता ने उम्मीद जताई कि महामारी के कारण उत्पन्न संकट खत्म होता दिख रहा है, ऐसे में अब एयरलाइन जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइन कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों का भी समाधान निकाल रही है।

इस महीने की शुरूआत में एयरलाइन के कर्मचारियों के एक वर्ग ने कम वेतन को लेकर असंतोष और विरोध जताया था।

इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है जिसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी करीब 57 प्रतिशत है। उसके पास 280 से अधिक विमानों का बेड़ा है। एयरलाइन अगस्त में अपने परिचालन के 16 साल पूरे करने जा रही है। दत्ता ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, मैं जानता हूं कि हर विभाग की अपनी चुनौतियां हैं और आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपने विभाग के नेतृत्व से जुड़े रहें। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम हर एक मुद्दे का समाधान निकालने के लिए काम कर रहे हैं जिससे हमारी यात्रा बेहतर हो और आगे चलकर सर्वश्रेष्ठ बने। पिछले वित्त वर्ष तक कंपनी में कुल 26,164 कर्मचारी कार्यरत थे। एयरलाइन के कर्मचारियों का एक वर्ग अपना विरोध जताने के लिए कुछ दिन पहले सामूहिक रूप से ह्यसिक लीवह्ल पर चला गया था। जिसके बाद 13 जुलाई को कंपनी ने कहा था कि वह सभी शिकायतों और मुद्दों का समाधान करने के लिए कर्मचारियों से लगातार संवाद बनाए हुए है। दत्ता सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने हाल में कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, कारोबार बेहतर हो रहा है और इसके साथ ही हम कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों को सुलझाने की प्रक्रिया भी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि कोरोना वायरस के कारण शुरू हुआ संकट अब खत्म होता लग रहा है। दत्ता ने कहा, हमारा राजस्व प्रदर्शन मजबूत है और हम जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेंगे।

### विदेशों में तेजी से बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह मलेशिया में बाजार मजबूत होने के कारण देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन तेल कीमतों में लाभ दर्ज हुआ। बाकी तेल-तिलहनों के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह मलेशिया में खाद्य तेलों के भाव लगभग 100 डॉलर मजबूत हुए हैं। इस बीच, सरकार ने समीक्षधीन सप्ताहांत में आयात शुल्क मूल्य में पाक्षिक कटौती की है। इस कटौती के तहत पामोलीन के आयात शुल्क में 307 रुपये प्रति क्विंटल की भारी कमी की गई है जबकि सोयाबीन डीगम में 69 रुपये प्रति क्विंटल की और कच्चे पाम तेल (सीपीओ) के आयात शुल्क मूल्य में 47 रुपये प्रति क्विंटल की कमी की गई है। इस कटौती के बाद जिस सोयाबीन तेल का दाम पहले सीपीओ से लगभग 50 डॉलर अधिक हुआ करता था, वह अंतर अब बढ़कर 310 डॉलर हो गया है। वर्ष 2010 के बाद एक सप्ताह के अंदर सोयाबीन दाने के भाव पहले कभी इतनी तेजी से बढ़ते नहीं देखे गये हैं।

# रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, तिमाही नतीजों, वृहद आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों, नीतिगत ब्याज दरों पर रिजर्व बैंक के निर्णय तथा विदेशी कोषों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों का रुझान, रुपये का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी बाजार धारणा को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह की शुरूआत वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों के साथ होगी। इसके अलावा बाजार भागीदारों की निगाह पीएमआई आंकड़ों पर भी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजों की घोषणा पांच अगस्त को होगी।

इसी सप्ताह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े आने हैं। मिश्रा ने कहा कि सप्ताह के दौरान




आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डाबर, टाइटन और इंटरग्लोब एविएशन जैसी कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे। सैमको सिक्योरिटीज में बाजार परिदृश्य-प्रमुख अपूर्व सेठ ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह सबसे बड़ी खबर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक होगी। उन्होंने कहा, सभी की निगाह इस पर रहेगी कि क्या एमपीसी पश्चिम के केंद्रीय बैंकों की तरह आक्रामक रुख अपनाती है या अपने हिसाब से रास्ता बनाती है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा को तय करेंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह घरेलू घटनाक्रमों पर रहेगी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की दिशा को तय करेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,498.02 अंक यानी 2.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच बीते सप्ताह तेजड़िये बाजार पर हावी थे। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और इक्विटी प्रमुख हेमंत कनावाला ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति से वृद्धि के कारक बरकरार हैं। मानसून के आगे बढ़ने और बुवाई में तेजी आने से मुद्रास्फीति का जोखिम कम होगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर निवेशकों को एमपीसी की बैठक के नतीजों का इंतजार है।

# स्पेक्ट्रम नीलामी छठे दिन भी जारी

## अबतक मिलीं 1.50 लाख करोड़ रुपये की बोलियां

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में 5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी प्रक्रिया रविवार को लगातार छठे दिन जारी है। नीलामी के पहले पांच दिन में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल जैसी कंपनियों की ओर से 1,49,966 करोड़ रुपये मूल्य की बोलियां लगाई जा चुकी हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी का 31वां दौर रविवार सुबह शुरू हुआ।

कंपनियों के बीच उत्तर प्रदेश पूर्वी सर्किल के लिए 1800 मेगाहट्र्ज के लिए मांग बुधवार से काफी तेज हो गई थी, जो अब ठंडी पड़ी है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इससे पता चलता है कि नीलामी अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रही है।

सूत्रों ने कहा कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दिन में बोली किस तरीके से आगे बढ़ती है। शनिवार तक कुल बोलियां 1.50 लाख करोड़ रुपये के पास पहुंच गई थीं। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को




दूरसंचार निवेशकों के गोलमेज के बाद कहा था, 5जी नीलामी से पता चलता है कि उद्योग विस्तार करना चाहता है। उद्योग अब समस्याओं से बाहर आ चुका है और वृद्धि की राह पर बढ़ना चाहता है।

दूरसंचार विभाग ने इस नीलामी में कुल 4.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 72 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की बिक्री की पेशकश की है। इस नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के अलावा अडाणी एंटरप्राइजेज भी शिरकत कर रही है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 384 परियोजनाओं की लागत 4.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचागत क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 384 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.66 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की जून 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,514 परियोजनाओं में से 384 की लागत बढ़ गई है जबकि 713 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,514 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,21,471.79 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 25,87,946.13 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत

- सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है।

21.99 प्रतिशत यानी 4,66,474.34 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,30,885.21 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.43 प्रतिशत है। हालांकि मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 552 पर आ जाएगी। वैसे इस रिपोर्ट में 523 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 713 परियोजनाओं में से 123 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 122 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 339 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 129 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 647 परियोजनाओं में हो रहे विलंब का औसत 42.13 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न राज्यों में कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन से भी परियोजनाओं में विलंब हुआ है। रिपोर्ट कहती है कि परियोजना एजेंसियां कई परियोजनाओं के लिए संशोधित लागत और चालू होने के समय की जानकारी नहीं दे रही हैं।

## मैनी एफथ्री रेस में पहली बार शीर्ष तीन में रहे



बुडापेस्ट, एजेंसी भारत के कुश मैनी शनिवार को यहां एफआईए फॉर्मूला थ्री (एफथ्री) रेस में तीसरे स्थान पर रहे। मैनी का इस स्तर पर यह पहला पोडियम (शीर्ष तीन स्थान) स्थान है। उन्होंने 18 लैप की रेस को 37 मिनट 44.310 सेकंड में पूरा किया। उनकी टीम एमपी मोटरस्पोर्ट्स के सी कोल्लेट इसके विजेता बने, जिन्होंने मैनी से 9.694 सेकंड कम समय लिया। मैनी ने कहा, ह्यह्यमैं पोडियम हासिल करने को लेकर बेहद खुश हूं। मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि उन्होंने मुझे एक प्रतिस्पर्धी कार और पोडियम पर खड़े होने का मौका दिया।

## राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस: गत चैंपियन भारतीय महिला टीम बाहर

बर्मिंघम। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई वाली भारतीय टीम शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा से बाहर हो गई। शनिवार को ग्रुप चरण के मैच में आसान जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला टीम को अंतिम आठ के मुकाबलों में मलेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मनिका ने एक एकल मैच जीता जबकि दूसरा गंवाया। रीथ टेनिसन और श्रीजा अकुला की महिला युगल जोड़ी को पहले मैच में 1-3 (7-11 6-11 11-5 6-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे भारतीय टीम शुरूआत में ही बैकफुट पर आ गई। मनिका ने हालांकि कड़े एकल मुकाबले में यिंग हो को 3-2 (11-8 11-5 8-11 9-11 11-3) से हराकर भारत को बराबरी दिला दी।अकुला ने इसके बाद युगल की हार की भरपाई करते हुए दूसरे एकल में ली सियान एलिस चैंग को 3-0 (11-6 11-6 11-9) से हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। मनिका ने हालांकि केरेन लाइन के खिलाफ 0-3 (6-11 3-11 9-11) की शिकस्त के साथ मलेशिया को बराबरी हासिल करने का मौका दे दिया। मलेशिया ने इस लय का फायदा उठाया और यिंग हो ने टेनिसन को निर्णायक मुकाबले में 3-2 (10-12 11-8 6-11 11-9 11-9) से हराकर भारतीय टीम को बाहर का रास्ता दिखा दिया। इससे पहले भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप दो के मैच में गयाना को 3-0 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा जबकि पुरुष टीम ने ग्रुप तीन के मुकाबले में उत्तरी आयरलैंड को इसी अंतर से मात दी। चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में जीते गए अपने खिताब का बचाव करने की कवायद में लगी महिला टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका और फिजी को समान 3-0 के अंतर से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन श्रीजा अकुला और रीथ टेनिसन की जोड़ी ने नताली कमिंग्स और चेल्सी एडघिल को 11-5 11-7 11-7 से हराकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी मनिका ने इसके बाद थुरिया थॉमस को सीधे गेम में 11-1 11-3 11-3 से हराया। एक अन्य मैच में रीथ ने चेल्सिया एडघिल के खिलाफ 11-7 14-12 13-11 से जीत दर्ज करके भारत को 3--0 की विजयी बढ़त दिलाई। पुरुष टीम स्पर्धा में अनुभवी अचंता शरत कमल ने हरमीत देसाई के साथ मिलकर पुरुष युगल में जेम्स स्केलटन और ओवेन कैटचार्ट को 11-3 9-11 11-6 11-1 से हराकर भारत को 1-0 से आगे किया। सानिल शेट्टी ने इसके बाद पॉल मैककेरी को 11-5 15-13 11-6 से हराकर भारत की बढ़त में इजाफा किया। हरमीत को कैटचार्ट को दूसरे एकल में 5-11 11-9 12-14 11-3 11-6 से हराने के दौरान जूझना पड़ा लेकिन उनकी जीत से भारत की जीत सुनिश्चित हुई।

## भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की लय जारी रखने उतरेगी

बासेटेरे (सेंट किट्स एवं नेविस), एजेंसी पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में प्रभावशाली जीत दर्ज करने के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम सोमवार को दूसरे मैच में वेस्टइंडीज पर अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगी। इस साल खेले जाने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इस प्रारूप के किसी भी मैच को हलके में नहीं लेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती टी20 मैच में दोनों देशों के बीच खेल के हर विभाग में बड़ा अंतर देखने को मिला। रोहित ने रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और रवि बिश्नोई जैसे तीन स्पिनरों को अंतिम एकदश में शामिल कर चतुराई भरी कप्तानी का परिचय दिया। उन्होंने इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव के साथ पारी का आगाज कर सबको चौंका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रारूप में रोहित ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ पारी का आगाज किया था। ऐसे में सूर्यकुमार इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सातवें सलामी बल्लेबाज बने। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद में 24 रन बनाये। लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम प्रबंधन सलामी बल्लेबाजी के लिए प्रयोग करना जारी रखेगा। भारतीय टीम को लंबे समय से बायें हाथ के बेहतर तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी लेकिन अर्शदीप सिंह ने शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से प्रभावित किया। पंजाब के इस 23 साल के गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पैल में कहीं भी ढिलाई नहीं बरती। उन्होंने शुरूआती ओवरों में शॉर्ट गेंद के शानदार इस्तेमाल से सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स को चलता किया तो वहीं आखिरी ओवरों में उनकी सटीक यॉर्कर का अकील हुसैन के पास कोई जवाब नहीं था। पिछले मैच में रोहित शर्मा ने 44 गेंद में 64 रन की पारी खेल कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन भारतीय मध्यक्रम लड़खड़ा गया। आखिरी ओवरों में हालांकि दिनेश कार्तिक (19 गेंद में नाबाद 41 रन) की साहसिक पारी ने टीम के स्कोर को 190 रन तक पहुंचाया।

## नटराज 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सातवें स्थान पर रहे



बर्मिंघम, एजेंसी भारत के शीर्ष तैराक श्रीहरि नटराज राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में शनिवार को सातवें स्थान पर रहे। नटराज शुरूआती 50 मीटर स्प्लिट में पांचवें स्थान पर थे लेकिन स्पर्धा के आखिरी चरण में वह सातवें स्थान पर खिसक गये। उन्होंने 54.31 सेकंड का समय लिया जो उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कम है। इस 21 साल के तैराक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकंड है और अगर वह इस प्रदर्शन को दोहरा पाते तो स्वर्ण पदक जीत जाते। राष्ट्रमंडल खेलों में तैराकी की मुख्य स्पधाओं में भारत ने अभी तक एक भी पदक नहीं जीता है। पैरा तैराकी में हालांकि प्रशांत करमार ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का इकलौता पदक जीता है।

# चानू ने 49 किग्रा में खिताब बरकरार रखा, भारत को 2022 राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया

» **बर्मिंघम, एजेंसी**





मीराबाई चानू ने उम्मीद के मुताबिक राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता की महिला 49 किग्रा स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शनिवार को यहां अपना खिताब बरकरार रखा और भारत को बर्मिंघम खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। ओलंपित रजत पदक विजेता चानू ने कुल 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) वजन उठाकर दबदबा बनाते हुए राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। मॉरिशस की मेरी हानित्रा रोइल्या रानाइवोसोआ कुल 172 किग्रा वजन उठाकर चानू से काफी पीछे दूसरे स्थान पर रही जबकि कनाडा की हना कामिन्स्की ने 171 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चानू ने स्नैच वर्ग में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने क्लीन एवं जर्क तथा कुल वजन में भी नया रिकॉर्ड बनाया। अपने वजन वर्ग में खिताब की प्रबल दावेदार 27 साल की चानू ने स्नैच में 80 किग्रा और क्लीव एवं जर्क में 105 किग्रा वजन उठाकर शुरूआत की। उन्होंने पहले प्रयास के वजन को हालांकि बदलकर 84 किग्रा किया। चानू प्रतियोगिता में 88 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के विश्व रिकॉर्ड सहित कुल 207 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ उतरी थी। चुनौती पेश करने वाली खिलाड़ियों में चानू की निकटतम प्रतिद्वंद्वी नाइजीरिया की स्टेला किंगस्ले का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 168 किग्रा (72 किग्रा और 96 किग्रा) था जो उनके और अन्य खिलाड़ियों के अंतर को स्पष्ट करता है। इस स्पर्धा में चानू की प्रतिस्पर्धा अन्य से अधिक स्वयं से थी और वह अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरी थी। चानू ने स्नैच में पहले प्रयास में आसानी से वजन उठाया और फिर दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाने में सफल रही। उन्होंने तीसरे प्रयास और अंतिम प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने की कोशिश की लेकिन नया निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज नहीं करा पाईं। वह हालांकि क्लीन एवं जर्क के लिए उतरने से पहले रानाइवोसोआ पर 12 किग्रा की बढ़त बना चुकी थी। क्लीन एवं जर्क स्पर्धा की शुरूआत में ही बांग्लादेश की मारिया अख्तर 70 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रही और इस दौरान वहीं गिर गईं। चानू की निकटतम प्रतिद्वंद्वियों ने उनसे 15 किग्रा कम वजन उठाने का प्रयास किया जिससे स्पर्धा का नतीजा तय हो गया था। रजत और कांस्य पदक के लिए किंगस्ले, कामिन्स्की और रानाइवोसोआ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। नाइजीरिया की किंगस्ले को निराशा हाथा लगी क्योंकि उनके 98 किग्रा के प्रयास को वैध नहीं माना गया क्योंकि वह समय से पहले ही जश्न मनाने लगी।

## मुक्केबाज संजीत राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर



» **बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज (92 किग्रा) संजीत समोआ के लीयू प्लोडजिस्कि-फोआगली से हार कर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। मौजूदा एशियाई चैम्पियन मुक्केबाज संजीत को आखिरी दो दौर में रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा और उन्हें 3-2 के खंडित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आक्रमण शुरूआत के दम पर पहले दौर के मुकाबले को सर्वसम्मत निर्णय से जीता लेकिन रक्षात्मक खेल के कारण फोआगली को वापसी का मौका मिल गया। फोआगली ने दूसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज पर कुछ घूंसे लगाकर दबाव बना दिया और फिर तीसरे दौर में भी इसे जारी रखा।

## लिफ्टर बिंद्यारानी ने चांदी के साथ भारत को दिलाया चौथा पदक

» **बर्मिंघम, एजेंसी**



भारत की बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के पदकों की संख्या चार करते हुए शनिवार (भारत में रविवार सुबह से पहले) को 55 किग्रा भार वर्ग में रजत जीता। स्वर्णिम मीराबाई के 49 किग्रा में प्रथम स्थान हासिल करने के कुछ देर बाद ही 23 वर्षीय बिंद्यारानी ने 202 किलो भार उठाकर अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने सबसे पहले स्नैच में 86 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की, और फिर क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रीय और राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड स्थापित किया। बिंद्यारानी सिर्फ एक किलो के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं जो नाइजीरिया की अदिजात अदेनिके ओलारिनोये के पास गया। ओलारिनोये ने 203 किग्रा (92 किग्रा प्लस 111 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया। मेजबान इंग्लैंड की फ्रेयर मॉरो ने 198 किलो (89 किलो प्लस 109 किलो) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। बिंद्यारानी ने जीत के बाद कहा, ह्ययह मेरा पहला राष्ट्रमंडल खेल है और मैं रजत पदक और खेलों के रिकॉर्ड को लेकर बहुत खुश हूं ह्व चानू की तरह बिंद्यारानी भी मणिपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था जबकि 2021 संस्करण में रजत प्राप्त किया था। उन्होंने कहा, ह्नमैं 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में थी मगर उसके बाद मैं भारोत्तोलन में स्थानांतरित हो गयी। मेरा कद छोटा था इसलिए मुझे शिफ्ट होना पड़ा।

## आईओए ने मीराबाई की स्वर्णिम उपलब्धित की सराहना की, अन्य बो बधाई दी

» **बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू की सराहना की है। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली चानू ने शनिवार को महिला भारोत्तोलन के 49 किग्रा वर्ग में रिकॉर्ड 201 किग्रा (88 और 113 किग्रा) वजन उठाकर 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। शनिवार को ही भारोत्तोलन में संकेत सरगर और गुरुराजा पुजारी ने पुरुष 55 किग्रा और 61 किग्रा वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। बाद में बिंदियारानी देवी ने भी महिला 55 किग्रा में रजत पदक के साथ भारत को चौथा पदक दिलाया। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने कहा, ह्यह्यपदक के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल होगा और इस उम्मीद पर खरा उतरना आसान नहीं होता लेकिन मीराबाई चानू ने उत्कृष्टता के साथ यह काम किया। हमें बेहद खुशी है कि उसके और उसके सहयोगिगयों के प्रयासों का आज फल मिला। उन्होंने कहा, ह्यह्यउन्होंने 90 किग्रा वजन उठाने का प्रयास करके स्वयं को चुनौती दी। हालांकि नतीजा वांछित नहीं रहा, चानू की प्रतिबद्धता और अपने लिए ऊंचे लक्ष्य बनाने के लिए आईओए भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक की सराहना करता है ह्नह्न खन्ना ने कहा, ह्यह्यहम उन्हें और अन्य पदक विजेताओं संकेत सरगर, गुरुराजा पुजारी और बिंदियारानी देवी को अपने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हैं।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित, धवन के हाथ फिर कमान



» **नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन को एक बार फिर टीम की कप्तानी सौंपी गई है। लंबे समय से बाहर चल रहे ऑलराउंडर वाशिंग्टन सुंदर की वापसी हुई है। सुंदर चोट के चलते भारतीय टीम से बाहर हुए थे और उन्हें लगभग चार महीने के बाद दोबारा भारतीय टीम में जगह मिली है। फिलहाल सुंदर काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। वहीं चार महीने से अधिक समय से मैदान से बाहर चल रहे दीपक चाहर की भी टीम में वापसी हुई है। राहुल त्रिपाठी को भी इस बार मौका मिला है। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला खेलने वाले विराट कोहली को वेस्टइंडीज दौरे के लिए ब्रेक दिया गया था। उन्हें इस श्रृंखला से भी बाहर रखा गया है। जबकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज बुमराह, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी आराम दिया गया है। एकदिवसीय श्रृंखला के मैच क्रमशः 18, 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे। 07 अगस्त को वेस्टइंडीज का दौरा खत्म करने के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे के लिए निकलेगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हूडा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और दीपक चाहर।

## चानू के स्वर्ण पदक से मणिपुर में जश्न का माहौल





» **इम्फाल, एजेंसी**

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारोत्तोलक मीराबाई चानू के गृह राज्य मणिपुर में जश्न का माहौल है। चानू के पैतृक गांव इम्फाल पूर्वी जिले के नोंगपोह काकचिंग के निवासी शनिवार रात टेलीविजन सेट से चिपके रहे और जैसे ही उनके स्वर्ण पदक जीतने की पुष्टि हुई, वे खुशी से झूम उठे। उसकी मां तोम्बी देवी ने कहा कि वह प्रतियोगिता से एक रात पहले सो नहीं सकीं थी और अपनी बेटी की जीत के लिए प्रार्थना कर रही थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे उस पर बहुत गर्व है। हम उसका मुकाबला देखने के लिए देर रात तक जगे थे। अब उनकी बहनें, रिश्तेदार और पड़ोसी तिरंगे के साथ जश्न मना रहे हैं और यहां की पारंपरिक थबल चोंगबा नृत्य कर रहे हैं।

**जेरेमी** | **जेरेमी लालरिनुंगा ने वेटलिफ्टिंग में दिलाई कामयाबी, मेडल टेबल में छठे नंबर पर आया भारत**

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा गोल्ड

» **नई दिल्ली, एजेंसी**




कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने दूसरा गोल्ड और ओवरऑल 5वां मेडल जीत लिया है। 19 साल के वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा ने बीच मुकाबले के दौरान चोटिल होने के बावजूद हार नहीं मानी और मेंस 67 KG कैटेगरी में सुनहरी कामयाबी हासिल की। उन्होंने स्नैच में 140 और क्लीन एंड जर्क में 160 KG वेट उठाया। इस तरह उन्होंने कुल 300 KG वेट उठाया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। समोआ के वाइवापा आइओने (293 KG) ने सिल्वर जीता।

मिजोरम के जेरेमी ने स्नैच में अपने पहले प्रयास में 136 KG ।। वेट उठाया और गोल्ड मेडल पोजीशन पर आ गए। दूसरे प्रयास में उन्होंने 140 KG वेट उठाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए अपनी पोजीशन और मजबूत कर ली है। जेरेमी ने तीसरी कोशिश 143 ङ्क्र वेट पर की। लेकिन इसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिली।भारतीय वेटलिफ्टर ने क्लीन एंड जर्क के अपने पहले अटैम्प्ट में 154 और दूसरे अटैम्प्ट में 160 KG वेट उठाया है। तीसरी कोशिश में उन्होंने 164 KG का वेट ट्राय किया। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने गोल्ड जीत लिया। क्लीन एंड जर्क के अपने पहले प्रयास के दौरान जेरेमी चोटिल हो गए। इसके बावजूद वे दो बार और लिफ्ट करने आए। जेरेमी लालरिनुंगा 2018 यूथ ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट हैं। साथ ही उन्होंने 2021 कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीता था।

**बॉक्सिंग : निखत जरीन एकतरफ जीत से क्वार्टर फाइनल में**

हैदराबाद की निखत जरीन ने 50 KG विमेन बॉक्सिंग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मोजाम्बिक की हलीना स्माइल बागो को फ्रउ के तहत पराजित कर दिया है। फाइट के दौरान जब कोई मुक्केबाज अस्थिर हो जाता है तो रेफरी उस फाइट को रोककर दूसरे को विजेता घोषित कर देता है। थोड़ी देर से शिव थापा 63.3 KG में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।जिम्नास्ट योगेश्वर 15वें स्थान पर रहे। भारतीय जिम्नास्ट योगेश्वर सिंह आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के मेंस ऑल राउंड इवेंट के 15वें नंबर पर रहे। उन्होंने कुल 74.700 अंक अर्जित किए।लॉन बॉल के विमेंस सिंगल्स इवेंट के राउंड-4 मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी तानिया चौधरी ने नार्थन आयरलैंड की शौना ओनिल को पराजित कर दिया है। उन्होंने 21-12 से जीत हासिल की है।वहीं, दोपहर 01:30 बजे से आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में योगेश्वर सिंह पदक के लिए मैदान पर उतरेंगे।दोपहर 2 बजे से वेटलिफ्टिंग मेंस 67 ङ्क ऑल ग्रुप्स कैटेगरी में जेरेमी लालरिनुंगा वजन उठाएंगी। दोपहर 3 बजे एक्वेटिक्स, स्वीमिंग एंड पारा स्विमिंग हीट 3 में साजन प्रकाश का मुकाबला होगा। दोपहर 3:21 बजे स्वीमिंग एंड पारा स्वीमिंग हीट 6 श्रीहरि नटराज का मैच खेला जाएगा। शाम 4:30 बजे बॉक्सिंग में ओवरX 60Kg-63.5kg शिव थापा श२ रीस लिंच का मैच होगा।



## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में फुटबॉल मैच विस्फोट में तीन लोग घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तुरबत शहर में फुटबाल मैच के दौरान हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी है।पुलिस के अनुसार शनिवार रात को केच जिले में स्थित तुर्बत के एयरपोर्ट चौक इलाके के पास एक फुटबॉल स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक धमाके में तीन लोग घायल हुए है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट के बाद घटनास्थल पर लोगों में दहशत है और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। प्रांत के गृह मंत्री जिया उल्लाह लांगौ ने हमले की निंदा की और पुलिस को हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिए है।

### पुर्तगाल भीषण सूखे का कर रहा सामना

लिसबोन। पुर्तगाल भीषण सूखे का सामना कर रहा है। उसका 67.9 प्रतिशत क्षेत्र गंभीर सूखे की चपेट में है। 28.4 प्रतिशत अत्यधिक सूखे में और शेष 3.7 प्रतिशत क्षेत्र जून में मध्यम सूखे में था। पुर्तगाली समुद्री और वायुमंडल संस्थान (आईपीएमए) ने यह जानकारी दी है। संस्थान ने शनिवार को कहा कि 1931 में शुरू हुए देश में सूखे के पंजीकरण की शुरूआत के बाद से यह सबसे सूखा वर्ष है। आईपीएमए के अनुसार, पुर्तगाल में सूखा लगभग एक साल पहले तेज होना शुरू हुआ था और सर्दियों में भी, देश का पूरा महाद्वीपीय क्षेत्र गंभीर सूखे की चपेट में था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह भी कहा गया है कि पांच पुर्तगाली जिले ऑरेंज अलर्ट के तहत हैं, जो कि तीन के पैमाने पर दूसरा सबसे गंभीर है। राष्ट्रीय आपातकाल और नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण (एएनईपीसी) ने शनिवार को कम आर्द्रता के स्तर के कारण आग के खतरे के बारे में चेतावनी जारी की। पानी की मानव खपत की गारंटी के लिए, पुर्तगाली सरकार ने ऊर्जा उत्पादन और सिंचाई के लिए पानी के उपयोग की निगरानी और सीमित करने के उपायों को अपनाया। सरकार ने जलाशयों और बांधों में जल संचय को सुदृढ़ करने और सिंचाई में पानी बचाने के लिए सटीक तकनीकों में सुधार करने का भी निर्णय लिया।

### रूस के काला सागर जहाजी बेड़े के मुख्यालय में विस्फोट

मॉस्को। रूस के काला सागर जहाजी बेड़े के मुख्यालय में रविवार को हुए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्रीमिया प्रायद्वीप के सेवस्तोपोल शहर में स्थित मुख्यालय में विस्फोट के बाद रूसी नौसेना दिवस अवकाश को रद्द कर दिया गया। साल 2014 में रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर आक्रमण करके यूक्रेन से उसे छीन लिया था। बेड़े की प्रेस सेवा ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया, जो देसी प्रतीत होता है। सेवस्तोपोल के मेयर मिखाइल रजवोजाएव ने कहा कि विस्फोटक उपकरण कम क्षमता वाला था, लेकिन विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि ड्रोन ने कहां से उड़ान भरी थी।

### न्यूयार्क में मंकीपॉक्स हेल्थ इमरजेंसी घोषित

न्यूयार्क। दुनियाभर में मंकीपॉक्स के मरीजों की संख्या बढ़ने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। अमेरिका के कई शहर इसकी गिरफ्त में हैं। इसके मद्देनजर न्यूयार्क शहर में मंकीपॉक्स बीमारी को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी) घोषित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार न्यूयार्क शहर ही अमेरिका में इस प्रकोप का केंद्र रहा है।

# श्रीलंका में ईंधन संकट गहराया

## लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है शेष पेट्रोल भंडार

कोलंबो, एजेंसी

विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि श्रीलंका में शेष बचे पेट्रोल भंडार से लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो सकती। यह अपर्याप्त है। कोलंबो गजट के हवाले से डब्ल्यूएफपी ने कहा, शेष पेट्रोल भंडार सामान्य जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होगा। स्थिति ने दैनिक जीवन के लगभग सभी पहलुओं को प्रभावित किया है, जिससे लोगों की काम खोजने और काम पर जाने की क्षमता बाधित हो रही है और स्कूलों और सरकारी सेवाओं में बाधा आ रही है। इस बीच, श्रीलंका सरकार ने अगले 12 महीनों के लिए प्रतिबंधों की घोषणा की है क्योंकि उसे ईंधन की आपूर्ति की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है।

नवीनतम अपडेट के अनुसार, डब्लूएफपी ने कहा कि 6.3 मिलियन श्रीलंकाई लोग अगले भोजन का खर्च नहीं उठा पाएंगे और संकट के सामने आने पर भोजन की स्थिति बिगड़ने की संभावना है। और 6.7 मिलियन लोग स्वीकार्य आहार नहीं ले रहे हैं। डब्ल्यूएफपी ने कहा, 34 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन, पोषण और स्कूली भोजन प्राप्त करने के लिए डब्ल्यूएफपी द्वारा लक्षित करने की योजना है। डब्ल्यूएफपी का मानना है कि वयस्कों में पोषण की कमी के पीछे मुख्य कारण खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की उच्च लागत है। कोलंबो गजट की रिपोर्ट के अनुसार, कीमतें अधिक होने के कारण, लोग कम मात्रा में खरीदारी



करने लगे और अधिक बार बाजार का दौरा करने लगे। खाद्य आयात घटकर 50 मिलियन अमेरिकी डालर प्रति माह हो गया है, जो पहले 130 मिलियन अमेरिकी डालर था। सब्जियों जैसे पौष्टिक भोजन की कीमत अब संकट से पूर्व की कीमत से दो से पांच गुना अधिक है। संकट के बीच बाजार की कार्यक्षमता में बदलाव का पता लगाने और निगरानी करने के लिए, डब्ल्यूएफपी श्रीलंका में अपना मार्केट फंक्शनलिटी इंडेक्स (एमएफआई) लॉन्च कर रहा है। एमएफआई एक ऐसा उपकरण है जो मानवीय हस्तक्षेपों के डिजाइन को सूचित करने के लिए बाजार की स्थितियों में बदलावों को बेहतर ढंग से समझने और उनका आकलन करने में मदद करता है। आर्थिक संकट ने विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा, कृषि, आजीविका और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित किया है। पिछले फसली मौसम में खाद्य उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना मंर 40-50 प्रतिशत कम था। वर्तमान कृषि मौसम जोखिम में है। बीज, उर्वरक, ईंधन और ऋण की कमी है। श्रीलंका फरवरी से ही ईंधन की किल्लत का सामना कर रहा है। जून के अंत में, सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) ने निजी वाहनों के लिए ईंधन वितरण को निलंबित कर दिया। पेट्रोल और डीजल की खेप आने के बाद सीपीसी ने 21 जुलाई से ईंधन वितरण शुरू करने की घोषणा की। इसके अलावा, मोबाइल ईंधन डिस्पेंसर का उपयोग तीन पहिया वाहनों और जनरेटर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पायलट परियोजना के रूप में किया जाएगा। श्रीलंका के बिजली और ऊर्जा मंत्री, कंचना विजेसेकेरा ने इसकी घोषणा की। ईंधन की कमी के बीच हर दिन कर्ज में डूबे देश भर में सैकड़ों श्रीलंकाई पेट्रोल पंपों पर कतार में लगे रहते हैं, और बड़ी संख्या में लोग अपनी कारों और मोटरसाइकिलों को अपने दैनिक आवागमन के लिए साइकिल के लिए छोड़ रहे हैं। ईंधन की आसमान छूती कीमतें भी साइकिल की बिक्री में बढ़ोतरी के पीछे एक कारण है।

### श्रीलंका ने चीन के अनुसंधान पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका ने चीन के एक अनुसंधान पोत को अगले महीने हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी है। सेना के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे कुछ दिन पहले भारत ने कहा था कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के मद्देनजर किसी भी घटनाक्रम पर निगरानी रख रहा है। श्रीलंका के दक्षिण में स्थित हंबनटोटा अपनी स्थिति के चलते रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह राजपक्षे परिवार के गृहनगर में स्थित है और इसका निर्माण चीन से कर्ज लेकर किया गया है। चीन के अंतरिक्ष यान को ट्रैक करने वाले पोत युआन वांग 5 के हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर, श्रीलंकाई सेना के प्रवक्ता कर्नल नलिन हेराथ ने कहा कि श्रीलंका कई देशों के वाणिज्यिक और सैन्य पोतों को आने की अनुमति देता रहा है। हेराथ ने कहा, हमने उसी परिप्रेक्ष्य में चीनी पोत को अनुमति दी है। युआन वांग 5, हंबनटोटा बंदरगाह पर 11-17 अगस्त तक रुक सकता है, जिसके दौरान वह हिंद महासागर क्षेत्र के उत्तर पश्चिमी हिस्से में उपग्रह नियंत्रण और अनुसंधान ट्रैकिंग करेगा। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के मद्देनजर हर घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## बाइडन कोविड-19 से संक्रमित पाए गए, पृथक-वास में रहेंगे


वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन शनिवार को एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। महज तीन दिन पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त होने के बाद उनका पृथक-वास समाप्त हुआ था। व्हाइट हाउस ने कहा है कि एंटी वायरल दवा से इलाज के बाद बाइडन में संक्रमण का फिर से उभरना एक दुर्लभ मामला है।

व्हाइट हाउस के चिकित्सक डॉ. केविन ओह्लकोनोर ने एक पत्र में कहा कि बाइडन में इस बार कोई भी लक्षण नहीं उभरे हैं और वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के दिशा-निदेर्शों के अनुसार, बाइडन एक बार फिर कम से कम पांच दिनों के लिए पृथक-वास में रहेंगे। संक्रमण मुक्त होने तक वह व्हाइट हाउस में ही रहेंगे।

एजेंसी ने कहा कि संक्रमण के फिर से उभरने के ज्यादातर मामलों में लक्षण हल्के रहते हैं और इस दौरान मरीजों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने का कोई मामला सामने नहीं आया है।

बाइडन (79) के एक बार फिर संक्रमित पाए जाने की घोषणा से महज दो घंटे पहले व्हाइट हाउस ने आगामी मंगलवार को उनके मिशिगन दौरे की जानकारी दी थी जिसमें वह



घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी विधेयक को पारित किए जाने को रेखांकित करने वाले थे। बाइडन रविवार को अपने गृह नगर वेलिंगटन भी जाने वाले थे जहां प्रथम महिला जिल बाइडन मौजूद हैं। लेकिन अब बाइडन के संक्रमित होने के कारण ये दोनों यात्राएं रद्द कर दी गई हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति बीते मंगलवार और बुधवार को हुई जांच में संक्रमित नहीं पाए गए थे। इसके बाद उनका पृथक-वास समाप्त हो गया था। व्हाइट हाउस के कोविड-19 के समन्वयक डॉ. आशीष झा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि पैक्सलोविड उपचार के बाद पांच से आठ प्रतिशत लोग फिर से संक्रमित हुए।

## रावी नदी किनारे के लोगों को इलाका छोड़ सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश

गुरदासपुर, एजेंसी

पंजाब में गुरदासपुर जिला प्रशासन ने जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा रविवार को उज्ज नदी में दो लाख क्यूसिक पानी छोड़ने की रिपोर्ट मिलने पर रावी दरिया किनारे बसे लोगों को तुरंत इलाका छोड़ सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश जारी किया है। उज्ज दरिया में छोड़ा गया पानी दोपहर करीब एक बजे तक गुरदासपुर के इलाके में पहुंच जाएगा।

जिला प्रशासन अलर्ट जारी करते हुए धार्मिक स्थानों के लाउडस्पीकरों के माध्यम से दरिया किनारे बसे लगभग 30 गांवों के लोगों सतर्क रहने तथा रावी दरिया किनारे बने धुस्सी बांध के भीतर खाली स्थानों पर रह रहे गुज्जर परिवारों को तुरंत इलाका छोड़ कर जाने के लिए कह रहा है।जम्मू-कश्मीर के इलाके में बहने वाले उज्ज दरिया का पानी रावी नदी में मिलता है। यहां पहुंचने पर दोनों दरियों के संगम पर पानी के बहाव में बहुत तेजी आ जाती है जिससे के कारण आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। गुरदासपुर जिला प्रशासन ने एसडीएम डेरा बाबा नानक, एसडीएम कलानौर और एसडीएम दीनानगर को लोगों को अलर्ट करने तथा रावी दरिया के भीतरी खाली इलाकों में रह रहे लोगों को वहां से हटाने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि रावी दरिया के किनारों पर बने धुस्सी बंध और दरिया में बह रहे पानी के दरमियान काफी खाली जमीन है जिस पर गुज्जर परिवार अपने पशुओं के साथ रहते हैं। बाढ़ की स्थिति में भी ये लोग इलाका खाली नहीं करना चाहते और बाढ़ आने पर ये लोग पानी में फंस जाते हैं जिन्हें बचाने में प्रशासन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा धुस्सी बंध के किनारे टूटे होने के कारण रावी दरिया का पानी आसपास के गांवों में घुस जाता है जिसके कारण जिला प्रशासन लगभग 30 गांवों के लोगों को पूरी तरह से सतर्क रहने को कहता है।

## इजरायल में अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 के संचालन पर अस्थायी रोक

यरुशलम, एजेंसी

इजरायल की वायुसेना ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 के संचालन पर अस्थायी रोक लगा दी है। इजरायल ने यह फैसला अमेरिका की चेतावनी के बाद किया है। अमेरिका ने कहा है कि इसके पायलट इजेक्शन सिस्टम में खामी है। अमेरिका ने भी अपने आपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिए हैं। इसके बाद इजरायल ने भी यह घोषणा की। इजरायली वायुसेना ने ट्विटर पर फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी एफ-35 को वायुसेना प्रमुख की विशेष इजाजत के बाद ही संचालित किया जाएगा। अमेरिका ने शुक्रवार को एफ-35 सहित तीन अमेरिकी सैन्य विमानों में पायलट इजेक्शन सिस्टम में एक्सप्लोसिव कार्टिज में संभावित दोषों के बारे में सूचित किया था।

उल्लेखनीय है कि एफ-35 लड़ाकू विमान को अमेरिकी कंपनी लाकहिड मार्टिन ने बनाया है। यह एक सिंगल सीटर और सिंगल इंजन वाला लड़ाकू विमान है। इसकी सबसे बड़ी खासियत



है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है। यह युद्धक विमान पांचवीं पीढ़ी का है। युद्ध की स्थिति में विभिन्न भूमिकाओं में अहम साबित हो सकता है। इसकी खासियत है कि यह जमीनी हमले के साथ हवा में भी दुश्मन के छक्के छुड़ाने में सक्षम है। एफ-35 के तीन संस्करण हैं। इसमें एफ-35ए कंवेंशनल टेकआफ और लैंडिंग कर सकता है। एफ-35बी शार्ट टेकआफ के अलावा वर्टिकल लैंडिंग कर सकता है। एफ-35 सी लड़ाकू विमान को एयर क्राफ्ट करियर की सुविधा अनुसार बनाया गया है।

यह विमान एयर क्राफ्ट करियर पर उतरते ही कुछ ही सेकेंड में जबरदस्त स्पीड देता है। एफ-35 को दरअसल एक्स-35 की ही तरह डिजाइन किया गया है। यूएस एयरफोर्स में इसको पैंथर के नाम से भी जाना जाता है। यह दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है। इसकी वजह है इसका आकार और इसका फाइबर मैट। इस तकनीक की वजह से यह संकेंतों को अवशोषित कर लेता है। यह जेट मशीनगन के अलावा हवा से हवा और जमीन पर मार करने वाली मिसाइल से लैस होता है। यह 1930 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। इस तरह के एक जेट की कीमत करीब 31 करोड़ रुपये है। यह विमान 910 किलोग्राम के छह बम ले जाने में सक्षम है। 15 दिसंबर, 2016 को एफ-35 ने पहली बार अपनी उड़ान भरी थी। अमेरिका ने फरवरी 2019 में इस विमान को अपनी नौसेना में भी शामिल था। इसी साल 15 अप्रैल, 2019 को इसे यूएई के अल दाफरा एयरबेस पर पहली बार अमेरिका ने तैनात किया था। इसी दौरान उत्तरी इराक में पहली बार आईएस के ठिकानों पर हमले के लिए इसका इस्तेमाल किया गया।

## बारामूला मुठभेड़ में लश्कर आतंकवादी ढ़ेर



श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान शनिवार शाम बिनेर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।

सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के दल ने जैसे संदिग्ध स्थल पर घेराबदी शुरू की वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। रातभर खामोशी के बाद तड़के फिर से शुरू हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादी की पहचान इरशाद अहमद भट के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि इरशाद मई 2022 से सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल के पास से एक एके रायफल, दो मैगजीन और 30 राउंड गोलियां बरामद हुई हैं।

बारामूला जिले में शनिवार को हुई यह दूसरी मुठभेड़ थी। सुरक्षा बलों ने वानीगाम बाला गांव में मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया था जिसमें दो जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## रूस की नेवी में जल्द शामिल होगी दुनिया की घातक हाइपरसोनिक जिरकान क्रुज मिसाइल

मास्को, एजेंसी

रूस की नौसेना को कुछ ही समय में दुनिया की बेहद घातक हाइपरसोनिक जिरकान क्रुज मिसाइल मिल जाएगी। इसका दावा खुद रूस के राष्ट्र पति व्लानदिमीर पुतिन ने रूस के नेवी दिवस के मौके पर किया है। ये मिसाइल रूस के लिए बेहद खास होगी और इसके आगे दुनिया की कोई भी दूसरी मिसाइल टिक नहीं पाएगी। इसकी सबसे बड़ी खासियत होगी इसकी तेज रफ्तार। ये मिसाइल 9 मैक की गति से दुश्मीन पर वार करेगी। नेवी डे पर दिए अपने संदेश में राष्ट्रोपति पुतिन ने यूक्रेन या अमेरिका का नाम तो नहीं लिया लेकिन इस मिसाइल के जरिए उन्हों ने इन दोनों ही देशों को अपनी ताकत का अंदाजा जरूर करवाया है।

सेंट पीट्सबर्ग में राष्ट्रनपति पुतिन ने जार पीटर के प्रति अपनी श्रद्धांजलिद देते हुए कहा कि उन्होंसने रूस को



दुनिया की महाशक्ति बनाने के लिए काम किया। पुतिन के हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर दिए बयान के बाद क्रेमलिन के चीफ ने कहा कि ये मिसाइल दुनिया की दूसरी मिसाइलों से अलग होगी। इसके लिए रूस ने नए नेवी डाक्ट्रिन को साइन किया है। हालांकि इसमें क्यान है ये अब तक सामने नहीं आया है। इस मिसाइल की डिलीवरी को लेकर उन्होंनने केवल इतना ही कहा कि ये डिटेल्स आने वाले दिनों में रूसी सेना देना शुरू कर देगी। इस हाइपरसोनिक मिसाइल की तैनाती सबसे पहले रूसी नौसेना के युद्धपोत पर की जाएगी। इससे न केवल रूस की ताकत बढ़ेगी बल्कि उसका विश्वन में रुतबा भी बढ़ जाएगा। इसके अलावा ये दुश्म न को अपने हमले से चौंका देगी।

इसकी स्पीकड इतनी अधिक होगी कि कोई दूसरी मिसाइल इसका मुकाबला नहीं कर सकेगी। रूस ने कहा है कि ये उन सभी को संप्रभुता और हमारी आजादी को आंख दिखाते हैं उनके लिए एक चेतावनी होगी। आपको बता दें कि आवाज की रफ्तार से करीब 9 गुना तेजी से दूरी तय करने वाले इस हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट पिछले वर्ष रूस ने अपने युद्धपोत और सबमरीन से किया था। ये दोनों ही टेस्टन पूरी तरह से सफल रहे थे।

## बढ़ रहा है भारतीय खिलौनों का निर्यात: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में निर्मित खिलौनों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि परंपरागत भारतीय खिलौनों का निर्यात बढ़ रहा है। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 91 वें संस्करण में कहा कि भारत के पास खिलौना निर्यात में शक्तिपुंज बनने की पूरी क्षमता है। भारत के स्थानीय खिलौने-परंपरा और प्रकृति, दोनों के अनुरूप और पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स की बदौलत भारतीय



खिलौनों की गूंज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत में विदेश से आने वाले खिलौनों की संख्या, लगातार कम हो रही है। पहले जहां तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के खिलौने बाहर से आते थे, वहीं अब इनका आयात 70 प्रतिशत तक घट गया है। इसी दौरान, भारत ने, 2600 करोड़ रुपए से अधिक के खिलौनों को विदेशों में निर्यात किया है, जबकि पहले, 300-400 करोड़ रुपए के खिलौने ही भारत से बाहर जाते थे।

श्री मोदी ने कहा, ये सब, कोरोना काल में हुआ है। भारत के खिलौना क्षेत्र ने खुद को परिवर्तित करके दिखा दिया है। भारतीय उद्योग अब, भारतीय संस्कृति, इतिहास और पौराणिक कथाओं पर आधारित खिलौने बना रहे हैं। देश में जगह-जगह खिलौनों के जो संकुल हैं, खिलौने बनाने वाले जो छोटे-छोटे उद्यमी हैं, उन्हें, इसका बहुत लाभ हो रहा है। इन छोटे उद्यमियों के बनाए खिलौने दुनियाभर में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलौना निमार्ता, विश्व के प्रमुख विश्व एक खिलौना ब्रांड के साथ मिलकर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए देश की कई कंपनियों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा, आइये, हम सब मिलकर, भारतीय खिलौनों को, दुनियाभर में, और अधिक लोकप्रिय बनायें। इसके साथ ही, मैं, अभिभावकों से भी आग्रह करना चाहूँगा कि वे अधिक से अधिक भारतीय खिलौने, पजल और गेम खरीदें।

## खाने में कॉकरोच मिलने के बाद पाक संसद भवन का कैफेटेरिया सील

इस्लामाबाद, एजेंसी

इस्लामाबाद प्रशासन ने खाने में कॉकरोच पाए जाने के बाद पाकिस्तान की राजधानी में संसद भवन के दो कैफेटेरिया को सील कर दिया है। समा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, कई सांसदों ने घटिया भोजन के कारण इन कैफेटेरिया में पहले ही भोजन करना बंद कर दिया था। ताजा घटना के बाद जहां सांसदों ने अपने भोजन में कॉकरोच पाए, उन्होंने इस्लामाबाद के जिला प्रशासन में शिकायत दर्ज कराई। जब प्रशासन के अधिकारियों ने वहां छापा मारा, तो उन्होंने खराब स्वच्छता के अलावा कैफेटेरिया और रसोई में कीड़ों को देखा। इसके बाद उन्होंने दो कैफेटेरिया को सील कर दिया। समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। 2014 में सदन के एक कैफेटेरिया में केचप की बोतल के अंदर एक कॉकरोच मिला था। सांसदों ने 2019 में भोजन में इस्तेमाल होने वाले मांस की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे।

**आरोप** | सिर्फ महाराष्ट्र में ही भ्रष्टाचारी लोग हैं, और राज्यों में नहीं है? खुद राज्यपाल जी कहते हैं

# डंक मारती है राउत की लेखनी

## इसलिए भाजपा परेशान : शिवसेना सांसद अरविंद सावंत

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना नेता संजय राउत के मुंबई आवास पर ईडी के छापे पर शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि संजय राउत की वाणी और लेखनी दोनों डंक मारती हैं, इसलिए उनसे वे (भाजपा) परेशान हैं। जो विपक्ष में बात करेगा उसका मुंह बंद करो, धुलाई मशीन खाली है। जितने लोग आपके पास आए हैं उन लोगों पर आपने (भाजपा ने) ही ईडी के इल्जाम लगाए थे, उसका क्या हुआ? सिर्फ महाराष्ट्र में ही भ्रष्टाचारी लोग हैं, और राज्यों



में नहीं है? खुद राज्यपाल जी कहते हैं कि अगर मुंबई से गुजराती और मारवाड़ी निकल जाएंगे तो इसकी आर्थिक राजधानी का स्तर चला जाएगा। इसका मतलब पैसे वाले कौन हैं और छापेमारी किस पर हो रही है? यह भाजपा करा रही है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो वे डर क्यों रहे हैं? वह एक बड़े एमवीए नेता थे। किसी को हमारी पार्टी में इसलिए नहीं आना चाहिए क्योंकि उनको ईडी से डर लगता है। ईडी ने पहले भी जांच की थी। अगर ईडी केंद्र सरकार के डर से काम करता है तो सुप्रीम कोर्ट को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। ईडी अपना काम कर रहा है राज्य के मंत्रिमंडल के गठन के लिए मंत्रालयों का आंवटन जल्द तय किया जाएगा। हम उपमुख्यमंत्री के साथ मिलकर राज्य के विकास पर काम कर रहे हैं। एनसीपी नेता अजित पवार बोले, कई लोगों को ईडी का नोटिस मिला है। जांच एजेंसियां, चाहे फिर वह ईडी, सीबीआई, आईटी या राज्य की एजेंसियां हो, ये सभी शिकायत मिलने पर जांच करती हैं। संजय राउत के मामले में यह बार-बार हो रहा है इसलिए इसके पीछे का सही कारण वही बता सकते हैं।

### धनंजय सिंह बने जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जनता दल यूनाइटेड का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्टी की ओर से उनके मनोनयन की घोषणा किये जाने के बाद सिंह ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। केन्द्र और उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल जदयू का शनिवार को उन्हें महासचिव बनाये जाने के बाद उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। धनंजय सिंह हाल ही में हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर ही जौनपुर की मल्हनी सीट से चुनाव भी लड़े थे। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दो बार विधायक रहे धनंजय सिंह एक बार जौनपुर से सांसद भी रह चुके हैं।

## स्मृति इरानी मांगें बिना शर्त माफी, राष्ट्रपति नाम विवाद में अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति के नाम से जुड़े संबोधन को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में अधीर रंजन ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेते समय कथित तौर पर आदरसूचक संबोधन नहीं किया था। उन्होंने दावा किया कि सदन में गुरुवार को स्मृति ईरानी ने बार-बार ह्यद्रौपदी मुर्मूह्ल शब्द का इस्तेमाल किया। केंद्रीय मंत्री ने उनके (महामहिम के) नाम के साथ सम्मानजनक शब्द उपयोग नहीं किया, जबकि वह शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन हैं। फिर से किया जुबान फिसलने का जिक्र अपने लेटर में अधीर रंजन ने एक बार फिर कहा कि राष्ट्रपति के बारे में बात करते समय उनकी जुबान फिसल गई थी। ऐसे में उनके मुंह से राष्ट्रपत्नी शब्द निकल गया था। उन्होंने कहा कि इस पूरे विवाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम घसीट लिया गया। उन्होंने कहा कि उनसे ये गलती इसलिए हो गई क्योंकि उनकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं है। इससे पहले चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से एक और आग्रह किया था। उनका कहना था कि वो सारी बातें कार्यवाही से हटा दी जाएं, जो ह्यराष्ट्रपत्नीह्ल वाली उनकी टिप्पणी को लेकर सदन में बृहस्पतिवार को हुए हंगामे के दौरान सत्तापक्ष की ओर से सोनिया गांधी के संदर्भ में की गई थीं। चौधरी ने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के वक्तव्य का वो अंश भी हटाया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेते समय कथित तौर पर आदरसूचक संबोधन नहीं किया था।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी किया आग्रह: राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शुक्रवार को ऐसा ही आग्रह किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से कहा कि उच्च सदन में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में सत्तापक्ष की ओर से की गयी टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। उन्होंने कहा ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि केंद्रीय मंत्रियों ने संसदीय प्रक्रियाओं एवं परिपाटी का उल्लंघन किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129